✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✱ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 72 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शुक्रवार, 7 अगस्त 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com




बिहार विधानमंडल में एआइ और डिजिटल तकनीक पर आयोजित विशेष प्रबोधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते सीएम सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विप के सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं डिप्टी सीएम विजेन्द्र प्रसाद यादव

## 51,600 करोड़ के निवेश से बदलेगी बिहार की औद्योगिक तस्वीर : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** बिहार के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की दिशा में गुरुवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। लोकसेवक आवास के संकल्प में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में उद्योग विभाग और देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों के बीच लगभग 51,600 करोड़ रुपये के निवेश संबंधी समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि बिहार को देश का प्रमुख स्टील हब बनाया जाएगा और स्टील, वस्त्र, स्वच्छ एवं परमाणु ऊर्ज़ा, खाद्य प्रसंस्करण तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश के माध्यम से रोजगार, उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों का नया अध्याय शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल एमओयू तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि सभी परियोजनाओं को मिशन मोड में तेजी से धरातल पर उतारना है। उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ''बिल्ड एंड बिलीव इन बिहार'' राज्य के औद्योगिक विकास का मूल मंत्र होगा और निवेशकों के विश्वास, बेहतर नीतियों तथा आधारभूत संरचना के बल पर बिहार को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में लाया जाएगा। हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार श्याम स्टील मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड और शाकंभरी इस्पात एंड पावर लिमिटेड पांच-पांच हजार करोड़ रुपये, नक्षित आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड 6,836 करोड़ रुपये, श्री लंगटा बाबा मेटल्स एंड पावर लिमिटेड (शेष पृष्ठ 11 पर)

## रिश्वत लेते बिजली विभाग का जेई रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) भारत मलिक को निगरानी विशेष इकाई (एसवीयू) की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में विभाग के दो अन्य कर्मियों को भी हिरासत में लिया गया है। शिकायत के सत्यापन के बाद हुई इस कार्रवाई से बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है। एसवीयू के इंस्पेक्टर अविनाश झा ने बताया कि परिवादी राजेश कुमार साह ने जेई भारत मलिक के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी (शेष पृष्ठ 11 पर)

## शनिवार को सिर्फ आधे दिन खुलेंगे सरकारी स्कूल : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में अब हर शनिवार को पढ़ाई आधे दिन तक ही होगी। शिक्षा विभाग ने शनिवार को हाफ डे रखने का नया आदेश जारी कर दिया है। यह व्यवस्था 8 अगस्त से पूरे राज्य के स्कूलों में लागू हो जाएगी। नए नियम के अनुसार शनिवार को स्कूलों में बच्चों की कक्षाएं दोपहर तक चलेंगी। टिफिन ब्रेक के बाद छात्र-छात्राओं की छुट्टी कर दी जाएगी। इससे पहले बिहार में शनिवार को हाफ डे की व्यवस्था लागू थी। बाद में इसे बंद कर दिया गया था। अब इसे फिर से शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्कूलों में शनिवार को आधे दिन की पढ़ाई व्यवस्था दोबारा लागू करने की घोषणा की थी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने इस फैसले पर सहमति जताते हुए तैयारी पूरी की और 6 अगस्त को इसका आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पटना के मदन मोहन सभागार (शेष पृष्ठ 11 पर)

## राजद की सभी जिला और प्रखंड कमिटियां भंग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार की सभी सांगठनिक कमेटियों को तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया है। इसमें जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर की सभी इकाइयां शामिल है। अब पुराने संगठन के आधार पर पार्टी का काम नहीं चलेगा। बिहार राजद की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि यह फैसला पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव से बातचीत के बाद लिया गया है। पार्टी ने पहले जारी किए गए संगठन से जुड़े सभी आदेशों को रद्द कर दिया है। राजद अब बिहार में अपना संगठन फिर से बनाएगा। पार्टी की ओर से कहा गया है कि प्रदेश के सभी स्तरों पर नई कमेटियों के गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नए संगठन में पुराने नेताओं के साथ नए चेहरों को भी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

## एआइ तकनीक भविष्य की नहीं बल्कि वर्तमान की जरूरत : सीएम


### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की विशेष पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानमंडल के विस्तारित भवन में गुरुवार को विधायकों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और डिजिटल तकनीक पर विशेष प्रबोधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, कई मंत्री और बड़ी संख्या में विधायक मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को एआइ, डिजिटल गवर्नेंस और नई तकनीकों की जानकारी देना था ताकि वे अपने विधायी कार्यों और जनसेवा में इनका बेहतर उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों और कर्मचारियों की तकनीकी क्षमता पर खास जोर दिया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार से आग्रह करते हुए कहा कि सिर्फ विधायकों की ही नहीं बल्कि विधानसभा के स्टाफ की भी नियमित ट्रेनिंग कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर विधायक से ज्यादा स्टाफ कंप्यूटर नहीं जानता है तो उसको पक्का हटवा दीजिए। विधायक से ज्यादा स्टाफ को तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों के लिए हर दो महीने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए ताकि वे नई तकनीक के साथ खुद को लगातार अपडेट रख सकें। श्री चौधरी ने कहा कि आज के समय में सिर्फ कंप्यूटर चलाना ही काफी नहीं है। स्टाफ को फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक से भागने का नहीं बल्कि उसे सीखने और अपनाने का समय है। अगर दुनिया के साथ आगे बढ़ना है तो नई तकनीकों को अपने काम और जीवन का हिस्सा बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब भविष्य (शेष पृष्ठ 11 पर)

## मंत्री दीपक प्रकाश ने ली एमएलसी पद की शपथ



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश अब विधान परिषद के सदस्य बन गए हैं। एमएलसी पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने पिता और रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा का आशीर्वाद लिया। दीपक प्रकाश को भाजपा नेता देवेश कुमार के इस्तीफ़े से खाली हुई सीट पर मनोनीत किया गया है। वे अब तक बिहार विधानसभा या विधान परिषद में से किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे और बिना चुनाव जीते ही सम्राट चौधरी सरकार में मंत्री पद संभाल रहे थे।

## स्वास्थ्य विभाग में किया जा रहा एआइ का इस्तेमाल : निशांत



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा में गुरुवार को आयोजित विशेष प्रबोधन कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में एआइ को बढ़ावा मिलने से स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग और ग्रामीण विकास जैसे कई क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिलेगा। निशांत कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में एआइ आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी मदद से अस्पतालों में बेड की उपलब्धता, डॉक्टर मौजूद हैं या नहीं, उनकी उपस्थिति और मरीजों को दवा मिल रही है या नहीं, जैसी जानकारियां आसानी से मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि डेटा एंट्री के लिए भी एआइ सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। इससे काम की गति बढ़ी है और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तकनीक का सही इस्तेमाल विकास कार्यों को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा।


झारखण्ड सरकार / झारखण्ड वन



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को
77 वाँ वन महोत्सव 2026
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वन एवं वृक्ष की महत्ता एवं आवश्यकता से हम सभी परिचित हैं। वृक्ष हमारे जीवन हेतु अति आवश्यक ऑक्सीजन, तरह-तरह की औषधियाँ, फल, फूल, बीज, लाह आदि देते हुए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से भू एवं जल तथा जैव विविधता का संरक्षण करते हुए काफी लाभ पहुँचाते हैं।

वन महोत्सव 2026 का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की घटती हरियाली को पुन: जीवित करते हुए जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के मूल रूप में वापसी में सहायता प्रदान करना है।

आज घटती हरियाली के चलते हमारी पृथ्वी एवं मानव जाति पर बढ़ते मरुस्थलीकरण, पारिस्थितिकी तंत्र का ह्रास, बढ़ता वायु प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग का खतरा है।

हमारे झारखण्ड के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि ईश्वर द्वारा हमें प्राकृतिक रूप से जल, जंगल, जमीन इत्यादि प्रचुर संपदा के रूप में प्रदान किया गया है। झारखण्डवासियों के अमूल्य प्रयास एवं सहयोग के द्वारा यहाँ के वनों के क्षेत्रफल एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। झारखण्ड सरकार पर्यावरण के नुकसान, पारिस्थितिकी तंत्र, वायु, जल प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सतत् प्रयत्नशील है।

आईये, 77वाँ वन महोत्सव 2026 के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम सभी इस वर्ष अपने पूर्वजों के नाम कम से कम दो पौधों को लगाकर उसकी देखभाल करते हुए, उसे एक पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करेंगे।

जोहार!

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड

PR-385998(Forest, Environment and Climate Changes) 26-27



बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

कृषकों के लिए खुशखबरी

पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं। आमदनी और हरियाली बढ़ायें।

वृक्षों से लाभ: अतिरिक्त आय | तापमान में संतुलन | जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाव | स्वच्छ वायु | हरित आवरण में वृद्धि

मात्र ₹10 प्रति पौधे की सुरक्षित राशि देकर पौधे प्राप्त करें। 3 वर्ष पश्चात् 50 प्रतिशत या उससे अधिक पौधे जीवित रहने की स्थिति में ₹60 प्रति पौधा प्रोत्साहन राशि के साथ–साथ सुरक्षित जमा राशि ₹10 भी वापस कर दिया जायेगा।

कृषकों से अनुरोध है कि,
योजना अन्तर्गत सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा भुगतान करने हेतु संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर निम्न माध्यमों से राशि का भुगतान करें।
1. सुरक्षित राशि Fixed Deposit या NSC जिसकी वैधता 15 जून 2029 तक हो के माध्यम से संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के पदनाम से उपलब्ध करायी जा सकती है।
या
2. नगद राशि भी जमा किया जा सकता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31.08.2026

⇒ अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में हमें कॉल करें : 0612–2226911
⇒ संलग्न आवेदन पत्र भरकर, स्थानीय वन प्रमण्डल या वन प्रक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा के साथ समर्पित करें।

विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए https://state.bihar.gov.in/cache/36/Media%20Gallery/Scheme%20Info/krishivaniki%20_os.pdf लिंक पर क्लिक करें या hariyalimission@gmail.com पर ई. मेल करें।

DEFCCofficial

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने के लिए आवेदन प्रपत्र

1. वन प्रमंडल का नाम :– ........ 2. जिला का नाम :–........
3. वन प्रक्षेत्र इकाई का नाम :– ........ 4. प्रखंड का नाम :–........
5. आवेदक का नाम :–........ 6. पिता/पति का नाम :–........
7. पेशा :–........ 8. जन्म तिथि :–........
9. स्थायी पता :– ........
10.वर्तमान पत्राचार का पता :– ........
(दूरभाष/मोबाईल नं0) ........ 11. ई–मेल (यदि हो) :– ........
12. भूमि का विवरण :–

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. समूह में आवेदन करने पर भूमि की विवरणी (जगह कम पड़ने पर अलग पृष्ठ में विवरणी संलग्न करें।)

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. प्रस्तावित वृक्षारोपण (कृपया ✓ करें)
(क) फार्म वानिकी (पूरी भूमि पर)
(ख) कृषि वानिकी (कृषि फसलों के साथ या मेड़ पर)
15. इच्छित प्रजाति का नाम लिखें।

| क्र0 सं0 | प्रजाति का नाम | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

16. बैंक खाता विवरणी :–

| बैंक खाता नं0 | बैंक का नाम एवं शाखा | I.F.S.C कोड |
|---|---|---|
| | | |

17. घोषणा :– मैं स्वेच्छा से अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करना चाहता/चाहती हूँ तथा रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संपोषण की जिम्मेदारी लेता/लेती हूँ। वृक्षों के परिपक्व होने अथवा आँधी तूफान में गिरने/सूखने की स्थिति में ही इन पौधों की कटाई आवश्यकतानुसार करूँगा/करूँगी। पौधों का सुरक्षित मूल्य देने के लिए मैं सहमत हूँ।
संलग्न अभिलेख की विवरणी
1.
2.
3.

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम
(तिथि के साथ)

PR No.- 009538 (Forest)D. 2026-27

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, लंबित मामलों का करें त्वरित निष्पादन : जायसवाल

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी जिलों की समीक्षा, ऑनलाइन सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी अपर समाहर्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्ताओं (डीसीएलआर) एवं अंचलाधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह ने विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महा-अभियान, जन शिकायत एवं सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन तथा आरसीएमएस के अंतर्गत संचालित सभी न्यायालयों के कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। लक्ष्य से पिछड़े जिलों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि विभाग की सभी सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन संचालित की जा रही है। यदि किसी भी स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से कार्यों के निष्पादन की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिफेक्ट चेक की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा आरसीएमएस के अंतर्गत सभी वादों का निष्पादन 'फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट' सिद्धांत के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। जिन जिलों में डीसीएलआर स्तर पर मामले अंतिम निष्पादन की स्थिति में लंबित हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर निष्पादित कर संबंधित वादों का समापन करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने कहा कि अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत आगामी 15 अगस्त तक 30 हजार वासभूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति के लिए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व कार्यों की प्रगति की अगली समीक्षा 15 दिनों के बाद की जाएगी। तब तक सभी जिलों को लंबित मामलों के निष्पादन की गति बढ़ाते हुए डिस्पोजल रेट में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विभाग की सचिव सीमा त्रिपाठी, अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव वत्सराज, संयुक्त सचिव श्री गिरधारी लाल, विशेष कार्य पदाधिकारी सुधा रानी, मणि भूषण किशोर, नवाजिश अख्तर, उप सचिव डॉ. सुनील कुमार, संजय कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश, आईटी मैनेजर आनंद शंकर सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्धारित समय सीमा में योजनाओं का हो गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन : सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने गुरुवार को राज्य में संचालित सहकारिता संबंधी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने के लिए सतत मॉनिटरिंग, डिजिटलीकरण और विभागीय समन्वय को और मजबूत किया जाना चाहिए। शास्त्री नगर स्थित डी.एन.एस. क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान में आयोजित समीक्षा बैठक में डॉ. भूटानी ने कहा कि 'सहकारिता से समृद्धि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और परिणामोन्मुख कार्यसंस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने बिहार में वेजफेड की स्थापना, बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026 के क्रियान्वयन, नई सहकारी समितियों के गठन तथा सहकारी क्षेत्र में किए गए अन्य कार्यों की सराहना करते हुए राज्य को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों, चुनौतियों और भावी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (एम-पैक्स), डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, पैक्सों के व्यावसायिक विविधीकरण, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस, पैक्स कंप्यूटरीकरण, गोदाम निर्माण, खाद्यान्न अधिप्राप्ति, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), मधुक्रांति तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. भूटानी ने सहकारी बैंकों को नाबार्ड के तकनीकी सहयोग का अधिकतम लाभ उठाने, पैक्सों के माध्यम से अधिकाधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा माइक्रो एटीएम के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-स्टेप बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# 22 हजार आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका की बहाली से मजबूत होगी आंगनबाड़ी व्यवस्था : डॉ श्वेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** गुरुवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं तथा उनके विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा भी उपस्थित रहीं। जनसुनवाई के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि अधिकांश लाभार्थियों के खातों में भेज दी गई है जिन कुछ लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण में तकनीकी अथवा अन्य कारणों से समस्या आने के कारण राशि हस्तांतरण प्रभावित हुआ है उनके मामलों की गंभीरता से समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक मामले का सत्यापन कर सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में शीघ्र राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के 22 हजार से अधिक पदों पर बहाली का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे आंगनबाड़ी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा महिलाओं एवं बच्चों तक पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# समाज के लिए समर्पित था रामफल मंडल का जीवन : दामोदर रावत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि शहीद रामफल मंडल का जीवन समाज और प्रदेश के लिए समर्पित रहा है और उन्होंने आजीवन राज और अपने समाज के लिए काम किया। मंत्री दामोदर रावत कंकड़बाग टेंपो स्टैंड के पास अखिल भारतीय धानुका महासंघ की ओर से कुर्मी विकास परिषद सभागार में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी शहीद रामफल मंडल की जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहीद रामफल मंडल के आदर्श पर चलकर ही धानुक समाज बिहार में कई तरह की बुलंदियों पर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय धानुका महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जदयू नेता शंकर प्रसाद ने कहा कि शाहिद रामफल मंडल धानुक समाज के लिए आशा की किरण हैं और उन्हीं के पद चोन पर चलकर यह समाज बिहार के विकास में अपना योगदान दे रहा है।

# अब गांव में ही मिलेगा भविष्य : नालंदा का नया डेयरी प्लांट बनेगा हजारों सपनों का सहारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/नालंदा।** बिहार में लगभग 70 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में बिहार में डेयरी का विकास किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बहुत जरूरी है। इसी सोच के साथ बिहार में डेयरी क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। नए डेयरी प्लांट, आधुनिक सुविधाएं और किसानों के हित में उठाए जा रहे कदम दूध उत्पादन के साथ उनकी आमदनी भी बढ़ा रहे हैं। डेयरी विकास की यह नई रफ्तार रोजगार, आत्मनिर्भरता और समृद्ध बिहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नालंदा जिले में प्रतिदिन 20 मीट्रिक टन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट का शिलान्यास किया है। इस प्लांट की स्थापना से दुग्ध प्रसंस्करण को नई गति मिलेगी और डेयरी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। डेयरी उद्योग को केवल दूध उत्पादन तक सीमित न रखते हुए उसे बहुआयामी स्वरूप देने के उद्देश्य से कॉम्फेड द्वारा संचालित एचपीसीएल पेट्रोल पंप का भी शिलान्यास किया जाएगा। डेयरी परिसर के समीप पेट्रोल पंप स्थापित होने से दुग्ध परिवहन में लगे वाहनों को ईंधन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा जिससे समय और परिवहन लागत दोनों में कमी आएगी। इसके साथ ही 'सुधा कैफेटेरिया' की भी शुरुआत की जाएगी। यह कैफेटेरिया स्थानीय लोगों, किसानों और राहगीरों के लिए एक सुविधाजनक केंद्र होगा जहां उन्हें ताजे, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय सुधा दुग्ध उत्पाद सीधे उपलब्ध हो सकेंगे। डेयरी क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलाव, किसानों को मिलने वाले नए अवसर, डेयरी उद्योग के भविष्य और विकास की नई संभावनाओं के बारे में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक बताते हैं कि डेयरी सेक्टर का कंट्रीब्यूशन विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में काफी बेहतर है। बिहार में दही का डिमांड काफी ज्यादा होने से दही का प्लांट काफी उपयोगी है। बिहार के अलावा इसको नॉर्थ ईस्ट, बंगाल और झारखंड में भी भेजा जाएगा। नया प्लांट शुरू होने से उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी प्रोडक्ट मिलेंगे और कॉम्फेड का व्यापारिक दायरा भी कई गुना बढ़ जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार कच्चा दूध जल्दी खराब हो जाता है, लेकिन जब उसे दही, लस्सी या अन्य उत्पादों में बदला जाता है तो न केवल उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ती है बल्कि बाजार में उसकी कीमत भी बेहतर मिलती है।

# सभापति ने दीपक प्रकाश को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् के नवमनोनीत सदस्य दीपक प्रकाश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में बिहार विधान परिषद वेश्म में संपन्न हुआ। राज्यपाल द्वारा निर्गत मनोनयन की अधिसूचना बिहार विधान परिषद् के प्रभारी सचिव शंकर कुमार ने पढ़ी। इस अवसर पर विधान परिषद के उपसभापति प्रो रामवचन राय, राज्यसभा सांसद एवं आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा लेशी सिंह, विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में बिहार विधान परिषद् के सदस्य संजीव कुमार सिंह, महेश्वर सिंह, जनक राम, विजय कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, विधायक आलोक कुमार, बिहार विधान परिषद् के प्रभारी सचिव शंकर कुमार, उपसचिव मिथिलेश कुमार सहित परिषद् सचिवालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दीपक प्रकाश को सदस्यता एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीपक प्रकाश सदन की गरिमा एवं मयार्दा को बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# राजस्व सेवा के 20 पदाधिकारियों का स्थानांतरण

### नए पदस्थापन स्थल पर तत्काल योगदान देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व सेवा के अधीन अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पदों पर कार्यरत 20 पदाधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए उनकी नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को बिना पारगमन अवधि का उपभोग किए अपने नए पदस्थापन स्थल पर तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया गया है, ताकि राजस्व प्रशासन के कार्यों का संचालन निर्बाध रूप से जारी रहे और आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकें। स्थानांतरित पदाधिकारियों में रवि प्रसाद पासवान को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय गया, पल्लवी कुमारी गुप्ता को अंचल अधिकारी चानन (लखीसराय), मृत्युंजय कुमार को अंचल अधिकारी सूर्यगढ़ा (लखीसराय), स्वतंत्र कुमार को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मधेपुरा, रोहन रंजन सिंह को अंचल अधिकारी पिपरिया (लखीसराय), प्रवीण अनुरंजन को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दरभंगा, पृथा अखौरी को अंचल अधिकारी वेन (नालंदा), चंदन कुमार को राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो लखीसराय, पवन कुमार साह को अंचल अधिकारी बख्तियारपुर (पटना), रवि रंजन को अंचल अधिकारी इसुआपुर (सारण), शैलेन्द्र कुमार यादव को अंचल अधिकारी बिस्फी (मधुबनी), वंदना कुमारी को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मधुबनी, रोहित कुमार को अंचल अधिकारी पुरनहिया (शिवहर), विजया कुमारी को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी जहानाबाद, चंदन कुमार को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी शिवहर, रजनी कुमारी को अंचल अधिकारी मटिहानी (बेगूसराय), श्रीमती गरिमा को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, शास्त्रीनगर (पटना), महेश कुमार को अंचल अधिकारी पालीगंज (पटना), सौरव कुमार को राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो, बंदोबस्त कार्यालय, शेखपुरा तथा सोनम राज को अंचल अधिकारी अरवल सदर के पद पर पदस्थापित किया गया है। मंत्री ने कहा कि नई पदस्थापनाओं से दाखिल-खारिज, भू-लगान, परिमार्जन, सीमांकन, बंदोबस्त तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में और अधिक गति आएगी।

# 76 पात्र बीमित व्यक्तियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा (पटना)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल, बिहटा में हितलाभार्थियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। संस्थान के अधिष्ठाता द्वारा बताया गया कि नए श्रम संहिताओं के अनुपालन में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी बीमित श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच किया जाना है। यह प्रावधान इस बात पर जोर देता है कि स्वस्थ कार्यबल राष्ट्रीय उत्पादकता के लिए आवश्यक है और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को एक मौलिक अधिकार और आवश्यकता के रूप में मान्यता देता है। कार्यक्रम के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी बीमित श्रमिकों के लिए निःशुल्क सामान्य शारीरिक जांच, रक्तचाप, मधुमेह, ईसीजी, एक्स-रे इत्यादि की जांच और निदान उपचार संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने किया आइजीआइएमएस में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कमांड सेंटर, क्रिटिकल केयर ब्ल्, नई डायलिसिस यूनिट, हर्बल गार्डन तथा मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निशांत ने कहा कि बिहार सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा, डायलिसिस सेवाओं का विस्तार होगा तथा अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर के माध्यम से जटिल सर्जरी की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए लगातार नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। एनडीए सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हों।

# खनन विभाग में तैनात किए जाएंगे एक हजार खनन सिपाही : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार अवैध खनन की रोकथाम के लिए खान एवं भूतत्व विभाग के पास जल्द ही अपने सिपाही होंगे। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की तर्ज पर खनन सिपाही की भर्ती की जाएगी। फिलहाल एक हजार खनन सिपाही की भर्ती की जाएगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके बाद इसे अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित भर्ती एजेंसी को भेजा जाएगा। ये बातें खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने विकास भवन सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस पहल से खनन में पारदर्शिता आएगी। अभी छापेमारी करने में स्थानीय पुलिस का सहयोग लेना पड़ता है। इससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। खनन महकमा के पास अपने सिपाही होने से छापेमारी और अवैध खनन में जुड़े वाहनों को जब्त करने में आसानी होगी। इससे विधि-व्यवस्था संभाल रही स्थानीय पुलिस का काम हल्का होगा। खनन की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इन खनन सिपाहियों का समुचित तरीके से प्रशिक्षण कराया जाएगा और इससे जुड़े मानकों का भी निर्धारण किया जाएगा। मंत्री ने राज्य में पत्थर खनन को एक बड़ा उद्योग बताते हुए कहा कि नवादा जिले में पत्थर खनन के आठ खनन पट्टों के लिए निविदा प्रकाशित कर दी गई है। शेष जिलों औरंगाबाद, गया, शेखपुरा तथा बांका में पत्थर खनन पट्टों के लिए 15 अगस्त तक निविदाएं जारी कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन पत्थर खनन इकाइयों के संचालन से राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही इससे सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी तथा पट्टे पांच वर्ष की अवधि के लिए दिए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य के गया और रोहतास जिलों में मैग्नेटाइट, वैनेडियम और ग्लॉकोनाइट खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का शैक्षणिक परिभ्रमण 9 अगस्त को, छात्र करेंगे पटना का शैक्षणिक भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा (वैशाली) द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से 09 अगस्त 2026 (रविवार) को 'शैक्षणिक परिभ्रमण' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एकेडमी के छात्र-छात्राएं जन्दाहा से पटना के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना होंगे। इस परिभ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, नवाचारों एवं शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया जाएगा जिससे उनमें नई सोच, रचनात्मकता तथा तकनीकी ज्ञान का विकास हो सके। एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने कहा कि कक्षा में प्राप्त ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा एवं सीखने की नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने बताया कि यह परिभ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक साबित होगा तथा उन्हें भविष्य की नई संभावनाओं से परिचित कराएगा।

# संगठन सृजन अभियान के बाद पंचायत और वार्ड तक कांग्रेस की मजबूती ही अगला लक्ष्यः प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू

### स्थानीय जनहित के मुद्दे पर मुखर होकर जिलाध्यक्ष करें कार्यः प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के व्यापक क्रियान्वयन के तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी का कार्य अपने अतिम चरण में है और अब मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की पहल शुरू हो चुकी है जिसके बाद पंचायत और वार्ड में कांग्रेस की मजबूती हमारा अगला लक्ष्य रहेगा। जिलों में सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ आवश्यक रूप से मासिक बैठक के साथ प्रखंड और पंचायतों में छोटे समूहों के साथ संवाद का कार्यक्रम आवश्यक रूप से संचालित करने का निर्देश भी दिया गया। हर घर कांग्रेस का झंडा और चलो पंचायत चलो वार्ड कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक निर्देश प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने जिलाध्यक्षों को दिया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सांगठनिक मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है और साथ ही अपने भू सम्पदाओं को संरक्षित, उचित रख रखाव और संवर्धन करने की ओर भी मजबूती से कदम उठा रही है। ऐसे में जिलाध्यक्षों को स्थानीय जनहित के मुद्दों पर मुखर होकर आन्दोलन और प्रदर्शन कर जनता के हर सुख दुःख में कदम से कदम मिलकर चलना है।

# दानापुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की तृतीय बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दानापुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की तृतीय बैठक आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार ने की। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) वीरेन्द्र कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा.) राजीव कुमार सहित सभी अधिकारीगण एवं डीआरयूसीसी के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने सभी सदस्यों का स्वागत करने के उपरांत, पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से यात्री सुविधा की दिशा में मंडल में चल रहे कार्यों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए।

# गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष पर आज से शुरू होगा 'समरसता संकल्प अभियान'

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष के पावन अवसर पर उनके सामाजिक समरसता, समानता एवं बंधुत्व के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के शुभारंभ समारोह की तैयारियों को शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रम से पूर्व अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम 7 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे पटना स्थित ज्ञान भवन में आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक, विधान पार्षद तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के समरस समाज, सामाजिक न्याय और समानता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को ज्ञान भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन, जिला स्तर की भागीदारी तथा अभियान के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस समारोह के दौरान उपस्थित सभी 52 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों को वाराणसी से लाए गए पवित्र कलश सौंपे जाएंगे। इन कलशों के माध्यम से पूरे प्रदेश में समरसता संकल्प अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। बैठक में विधान पार्षद एवं उप सचेतक जनक राम, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक राजेश झा, विधायक एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत पासवान, प्रदेश मंत्री सरला रजक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, आयोग के सदस्य सुग्रीव रविदास, सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता सहित कार्यक्रम व्यवस्था में जुटे भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ , मोर्चा एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को 1 बजे तक होगी पढ़ाई : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को हाफ-डे लागू कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि कई विधायक, शिक्षक नेता और शिक्षकों द्वारा लगातार शनिवार को हाफ-डे करने की मांग की जा रही थी। शिक्षकों की समस्याओं को देखते हुए सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को हाफ-डे लागू कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री गुरुवार को विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी पिछले दिनों मुंगेर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को हाफ-डे करने की ओर इशारा किए थे। इसको देखते हुए सरकारी विद्यालयों के संचालन अवधि में आंशिक संशोधन करते हुए शनिवार को सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक विद्यालय संचालन का समय निर्धारित किया गया है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को 1 बजे तक अध्यापन कार्य होंगे एवं शनिवार को पूर्व निर्धारित अन्य गतिविधि संचालित की जाएगी।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के 45 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री बिहार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को रोहतास जिले की 45 पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। नोखा प्रखंड के हथिनी पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने पात्र लाभुकों के बीच राशन कार्ड, विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र तथा शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। साथ ही कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। जिला पदाधिकारी ने लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों में न आना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे लोगों का समय और संसाधन दोनों बच रहे हैं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविर के आयोजन से पूर्व पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर शिक्षा, जन्म प्रमाण-पत्र, नल-जल योजना, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, भूमि परिमार्जन एवं भूमि मापी सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनका प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित सहयोग शिविरों एवं ऑनलाइन के माध्यम से अब तक 12,318 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 11,348 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर भी संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराने की अपील की।



# सहयोग शिविर का आयोजन, 17 आवेदन प्राप्त, 30 दिनों में होगा निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड क्षेत्र के उसरी और सेमरी पंचायत सरकार भवन पर गुरुवार को 'विकसित भारत समृद्ध बिहार' अभियान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। उसरी पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर का उद्घाटन बीडीओ विकास कुमार, सीओ गौरव कुमार एवं मुखिया संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात मुखिया संजय सिंह ने अतिथियों को बुके और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सरकार भवन परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ विकास कुमार ने कहा कि 'सबका सम्मान, जीवन आसान, निश्चित' के संकल्प के साथ यह सहयोग शिविर आयोजित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो और समाज का चौमुखी विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि शिविर में राशन कार्ड के लिए ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं जिससे अर्हता रखने वाले लाभुकों का नया राशन कार्ड बनाया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए थे जिनमें उसरी पंचायत से कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 02, लोहिया स्वच्छता योजना के 02, प्रधानमंत्री आवास योजना के 04, आपूर्ति विभाग से संबंधित 04, मनरेगा का 01, राशन कार्ड के लिए 03, कृषि विभाग और विद्युत विभाग से 03-03 आवेदन शामिल हैं। बीडीओ ने आश्वस्त किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित 30 दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। शिविर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद किशोर सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी हरिओम दुबे, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राणा प्रताप सिंह, राजस्व कर्मी सत्य प्रकाश द्विवेदी, प्रखंड कार्यालय सहायक ब्रजेश कुमार सिंह, आवास सहायक जेपी, सहायक नीतीश कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रघुनाथ सिंह, परवेज सिद्दीकी सहित पंचायत के कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ऑटो अपडेट के बहाने खाते से उड़े 56 हजार

## शिकायत वापस लेने के लिए ठग ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर दी धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर ठग अब लोगों के बैंक खातों से रकम उड़ाने के साथ-साथ शिकायत करने वालों को भी निशाना बनाने लगे हैं। डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार गांव निवासी एक युवक के खाते से मोबाइल के ऑटो अपडेट के बहाने 56,001 रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। इतना ही नहीं, शिकायत दर्ज कराने के बाद ठग ने खुद को हरियाणा पुलिस का अधिकारी बताकर पीड़ित को फोन किया और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार निवासी मो. गुफरान ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि 24 जुलाई को उनके बैंक खाते से अचानक 56,001 रुपये कट गए। उन्होंने बताया कि घटना से पहले उनका मोबाइल फोन स्वतः अपडेट हुआ था। अपडेट पूरा होते ही खाते से रुपये कटने का संदेश प्राप्त हुआ। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज कराने के कुछ घंटे बाद शाम में एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को हरियाणा पुलिस का अधिकारी बताते हुए कहा कि तुम्हारी शिकायत के कारण तुम्हारा बैंक खाता फ्रीज हो गया है जिसमें मेरे 98,073 रुपये फ्रीज हो गए हैं। शिकायत वापस ले लो। हालांकि मो. गुफरान ने ठग की बात मानने से इनकार कर दिया और पूरे मामले की सूचना डिहरी मुफस्सिल थाना को दी। उन्होंने पुलिस से साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई कर अपने पैसे वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल की मदद से संबंधित बैंक खाते और साइबर ठगों का पता लगाया जा रहा है। साइबर डीएसपी एवं थानाध्यक्ष गौरव कुमार यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल अपडेट, लिंक, केवाईसी या ओटीपी के नाम पर आने वाले किसी भी कॉल या संदेश पर भरोसा न करें। यदि साइबर ठगी का शिकार हों तो तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं और नजदीकी थाने को सूचित करें।

# लापता युवक का सिर कटा शव मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर के नुआंव थाना क्षेत्र के अखिनी गांव में 29 वर्षीय रवींद्र कुमार का सिर कटा शव पोखरे की झाड़ियों के पास से बरामद हुआ। अपराधियों ने शव को धड़ से अलग करने के साथ ही उसे जलाने का भी प्रयास किया था। घटना की सूचना मिलते ही कैमूर एसपी शिखर चौधरी, मोहनियां के प्रभारी डीएसपी दयानंद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर निर्झर कुमार और नुआंव थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और एफएसएल तथा डॉग स्क्वायड की टीम को जांच के लिए बुलाया है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पदयात्रा सेमरी से मलियाबाग पहुंची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल सवय के तत्वावधान में एक विशाल का पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व जिला सचिव का रघुनाथ सिंह और अंचल सचिव का कलामुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। यह पदयात्रा प्रातः सेमरी से प्रारंभ हुई और निर्धारित मार्ग से होते हुए मलियाबाग में समापन पर पहुंची। यात्रा के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं, किसान-मजदूरों के अधिकारों, महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक समानता के मुद्दों को लेकर जनजागरण किया तथा लोगों से पार्टी की नीतियों और संघर्ष के कार्यक्रमों से जुड़ने की अपील की। पदयात्रा में जिले और अंचल स्तर के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस यात्रा में प्रमुख रूप से सुदर्शन राम, राम सुंदर गिरी, रविकान्त, चन्द्रभूषण, विजय सिंह, अशोक सिंह, एक सिंह, दीपक सिंह सहित मोर्चा से जुड़े कई नेता शामिल हुए। महिला मोर्चा की ओर से सुप्रिया भारती, हेवन्ती देवी आदि ने भी अग्रिम पंक्ति में रहकर नारे लगाए और आम जनता से संवाद किया। आयोजकों के अनुसार इस पदयात्रा में महिलाएं और पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला सचिव का. रघुनाथ सिंह ने समापन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी जनता के हितों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी और आगामी समय में भी इसी प्रकार की जनसंपर्क यात्राएं आयोजित की जाएगी। अंचल सचिव का कलामुद्दीन ने कहा कि सेमरी से मलियाबाग तक की यह यात्रा पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के साथ-साथ आम जनता को पार्टी के विचारों से जोड़ने में सफल रही। यात्रा के समापन पर सभी नेताओं ने एकजुट होकर केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

# अपहरण के बाद गोली मारकर हत्या

## 24 घंटे बाद नहर से शव बरामद, मुख्य आरोपित यूपी से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा थाना क्षेत्र के जोगिया गांव में बुधवार सुबह करीब 6 बजे मजदूरी को लेकर हुए विवाद में 60 वर्षीय चंद्रेश्वर चौधरी को गोली मारकर अपहरण कर लिए जाने का मामला सामने आया था जिसके बाद इलाके में तनाव फैल गया था। आरोप है कि मजदूरी के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी अजीत तिवारी ने चंद्रेश्वर चौधरी को गोली मारी और फिर जबरन अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के घर और वाहनों में आग लगा दी। स्थिति बिगड़ती देख भारी संख्या में पुलिस बल, वरीय अधिकारी और रोहतास के पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर इनरपुर गांव के पास नहर से चंद्रेश्वर चौधरी का शव बरामद किया। शव मिलने के लगभग 24 घंटे बाद यह बरामदगी हुई। रोहतास एसपी रोशन कुमार ने शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और इसमें शामिल सभी दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से क्षेत्र में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल पूरे इलाके में तनाव का माहौल है और प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

# युवक की हत्या में 4 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के नुआंव थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह घटना अखिनी गांव के पास हुई थी। अखिनी गांव निवासी रविन्द्र कुमार (पिता- स्व. लक्ष्मण राम) 3 अगस्त की रात करीब 10 बजे अपनी पत्नी को दोस्त से मिलने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। 5 अगस्त की सुबह अखिनी गांव के पास उनका शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक कैमूर के निर्देश पर एसडीपीओ मोहनियां के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर नुआंव थाना कांड संख्या 69/26 के तहत बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। गठित पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी कर घटना में संलिप्त चार प्राथमिक अभियुक्तों - नौसाद खां उर्फ सोनु खां, मार्कण्डेय मल्लाह, अमित कुमार और चम्पा देवी उर्फ पिंकी देवी (सभी निवासी अखिनी, नुआंव) को गिरफ्तार कर लिया।

# 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के साथ तार बंगला से बाबा धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सावन माह के पावन अवसर पर कांवरिया संघ, तार बंगला के व्यवस्थापक ललन सिंह गदर के नेतृत्व में बाबा धाम के लिए भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के गगनभेदी जयघोष के साथ उत्साहपूर्वक बाबा धाम के लिए रवाना हुए। कांवर यात्रा को डिहरी अनुमंडल विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय तथा अधिवक्ता मुनमुन पांडे ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए बोल बम के जयघोष के साथ रवाना किया। यात्रा के दौरान कांवरियों ने सर्वप्रथम एनीकट स्थित बाबा झारखंडी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद अनुमंडल परिसर स्थित हनुमान मंदिर तथा डिहरी बाजार के हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर बाबा धाम के लिए प्रस्थान किया। कांवरिया संघ के व्यवस्थापक ललन सिंह गदर एवं अजय सिंह ने बताया कि उनकी टोली पिछले करीब 25 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष बाबा धाम की यात्रा करती आ रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु एक समान वेशभूषा धारण कर 'बोल बम' के जयघोष के साथ बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए रवाना होते हैं। इस अवसर पर अजय पासवान साधु जी सहित बड़ी संख्या में कांवरिया श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मार्ग में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा शिवभक्तों के जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा।

# विमल कुमार हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजद का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) रोहतास के नेतृत्व में गुरुवार को डिहरी नगर परिषद के दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार की हत्या की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने के बाद राज्यपाल के नाम संबोधित मांग-पत्र प्रशासन को सौंपा गया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व डिहरी विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने किया। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, हरेराम यादव, विनय चंचल, सासाराम विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी सत्येंद्र शाह, धनंजय यादव, पार्षद सोनू चौधरी सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता शामिल हुए। राजद नेताओं ने अंबेडकर चौक, डिहरी बाजार और




कर्पूरी चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक मार्च निकाला और धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिहार में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार पर चिंता जताई गई। सभा को संबोधित करते हुए गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि जब राज्य में अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता की सुरक्षा की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार की निर्मम हत्या की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए तथा दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। धरना के माध्यम से राजद नेताओं ने राज्य सरकार से बिहार में बढ़ रहे अपराध और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की भी मांग की। कार्यक्रम में राजीव रंजन सिंह, सत्येंद्र शाह, विनय चंचल, रामचंद्र ठाकुर, रीता देवी, शशि यादव सहित बड़ी संख्या में राजद के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीपीआई की राष्ट्रव्यापी पदयात्रा शुरू, जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करगहर (रोहतास)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरुवार को करगहर अंचल सचिव महेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रव्यापी पदयात्रा की शुरुआत सहुआर गांव से हुई। पदयात्रा सहुआर से करगहर बाजार होते हुए प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, सिरसिया तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। करगहर बाजार में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष को और तेज किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि यह पदयात्रा 6 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक पूरे करगहर अंचल में चलेगी। इस दौरान गांव-गांव जाकर लोगों की




समस्याओं का संकलन किया जाएगा तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों पर दबाव बनाया जाएगा। समस्याओं के समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध जनआंदोलन चलाने की चेतावनी भी दी गई। सभा में करगहर बाजार के फुटपाथी दुकानदारों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के नहीं हटाने, महंगाई पर नियंत्रण, जिले में बढ़ते अपराध पर रोक, बेरोजगार युवाओं को रोजगार, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, पेपर लीक मामलों के दोषियों की गिरफ्तारी, गिरफ्तार छात्रों की रिहाई, आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी, लाल कार्डधारियों को दखल-कब्जा तथा भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन देने सहित कई मांगें उठाई गईं। पदयात्रा में जिला सचिव मंडल सदस्य भीम सिंह, जिला परिषद सदस्य रामचंद्र राम, रविशंकर पासवान, जगनारायण गुप्ता, फेकू सेठ, सहुआर शाखा सचिव वंसनारायण राम, गुप्तेश्वर राम, सुग्रीव राम, लाल मोहर भारती, महेंद्र प्रसाद, साहबजान अंसारी, श्रीराम राम, विश्वनाथ पासी, सिपाही राम, नमु राम, पिंटू राम, मदन राम, हीरामन राम, विनोद राम, रामदयाल राम, सूचित राम, टेगरी राम, बजरंगी पासवान, गोरी राम, हंसराज यादव, जय राम, अर्जुन राम, द्वारका राम, सत्येंद्र पासवान, दारा पासवान, धनजी पासवान, लालू राम, दुर्वाससी राम, निर्मल राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभा के अंत में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को लगातार तेज किया जाएगा।

# मर्डर केस में लापरवाही पर सब इंस्पेक्टर निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के नुआंव थाना क्षेत्र के अखिनी गांव के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अखिनी गांव निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण राम का बेटा रविंद्र कुमार के रूप में हुई है। रविंद्र कुमार 3 अगस्त की रात करीब 10 बजे अपनी पत्नी को दोस्त से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे और परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। 5 अगस्त की सुबह लगभग 7 बजे कैमूर पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि अखिनी गांव के पास एक युवक की हत्या कर शव फेंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने मोहनियां के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को तत्काल सत्यापन और जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान नुआंव थाना के पुलिस अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा की गई। इसमें पुलिस अवर निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) आशुतोष कुमार की भूमिका संदिग्ध पाई गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-**DWSD/SR/DT/Med-08/2026-27 (1st Call)** (नलकूपों का पुर्नस्थापन कार्य) जो PR No. 385836 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **01.08.2026 / 02.30** बजे अपराह्न में। | **07.08.2026 / 02.30** बजे अपराह्न में। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **07.08.2026 / 5.00** बजे अपराह्न तक। | **13.08.2026 / 5.00** बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **07.08.2026 / 5.00** बजे अपराह्न तक। | **13.08.2026 / 5.00** बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **08.08.2026 / 05.00** बजे अपराह्न में। | **14.08.2026 / 05.00** बजे अपराह्न में। |

यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR.NO.386749 Palamu(26-27):D



**कार्यालय :- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**
**सदर अस्पताल परिसर,पलामू - 822101**

**निविदा से आमंत्रण**

स्कूली बच्चों के रिफ्रेक्सन के उपरान्त दृटिदोष पाये गये बच्चों एवं वृद्धवस्था वाले ब्यक्तियों (Near Work To Old Person Pressbiopic) का चश्मा उपलब्ध कराने हेतु इन दोनो प्रकार के चश्मा के लिए निम्नलिखित श्शर्तो के अधीन मुहरबंद निविदा सिर्फ निबंधन डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि - 21.08.2026 है तथा निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। क्रय समिति द्वारा निविदा खोलने की तिथि-25.08.2026 निर्धारित है। अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय प्रकोष्ट में खोला जायेगा। निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है, तथा कार्यालय अवधि में कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
पलामू

PR 386804 (Palamu)26-27*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-11/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 17.08.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 19.08.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 19.08.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Boundary, Shed, View Blocker and Miscellaneous work in Campus of SDM Sadar Residence, Palamu at Daltonganj. | 24,08,500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | Construction and Repair of Boundary Wall in S.P Residence, Palamu. | 7,92,300.00 | 16000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 3 | Renovation of DIG Residence, Extension of Chamber, Paver Work and Shed in DIG Residence, Daltonganj, Palamu. | 20,39,400.00 | 42000.00 | 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 386750 (Palamu) 26-27 (D)

# राजगीर खेल अकादमी में बनेगा स्पोर्ट्स साइंस सेंटर, 25 करोड़ की योजना को कैबिनेट की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर स्थित अत्याधुनिक खेल अकादमी में जल्द ही स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की स्थापना होगी। इसके संचालन एवं रखरखाव के लिए एजेंसी का चयन भी किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बुधवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी की अध्यक्षता में हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।कैबिनेट ने इसके साथ ही श्ज्ञान भारतम मिशनश् के तहत सर्वेक्षित पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण एवं मेटाडेटा निर्माण योजना को भी स्वीकृति दी है। इस योजना पर 6.23 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।गौरतलब है कि राजगीर खेल अकादमी 90 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित की गई है। यहां विश्वस्तरीय खेल




परिसर और खेल विश्वविद्यालय एक ही परिसर में स्थापित हैं, जो इसे देश का पहला ऐसा खेल गंतव्य बनाता है। अकादमी का उद्घाटन 29 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था।अकादमी में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी समेत 24 से अधिक इनडोर एवं आउटडोर खेलों की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की स्थापना से खिलाडियों को खेल विज्ञान, फिटनेस, चोट प्रबंधन, प्रदर्शन विश्लेषण और आधुनिक प्रशिक्षण की उन्नत सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे अकादमी की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।स्थानीय लोगों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि राजगीर खेल अकादमी शुरू होने के बाद क्षेत्र के खिलाडियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं। अब स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की स्थापना से यह अकादमी नए आयाम स्थापित करेगी और खिलाडियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सरकार द्वारा अकादमी के लगातार विकास से खेल प्रतिभाओं को नया मंच मिलने की उम्मीद है।

# मंत्री के हाथों मिला पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र

## जेपीएससी आंदोलन पर बोले मंत्री श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिहार राज्य निशक्तता पेंशन तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर बीडीओ मनीष कुमार, सीओ लखेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार लोगों को कार्यालय बुलाकर योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सुविधा से वंचित न रहे और उसे किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। झारखंड में जेपीएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए, जिससे किसी को नुकसान पहुंचे। उन्होंने उम्मीद जताई कि झारखंड सरकार आंदोलनकारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनका समाधान निकालेगी।



राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस समर्थित सरकार होने के कारण राहुल गांधी इस मुद्दे पर मौन हैं। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी न्याय की बात करते हैं, तो उन्हें आंदोलनरत छात्रों के पक्ष में खुलकर बोलना चाहिए और उनकी मांगों के समाधान के लिए पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्र कुशवाहा, प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, रजनीश कुमार, प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव, जितन चैहान, युगल किशोर मुखिया, विश्वास सिंह, प्रमोद यादव,संजय राम, रंजीत सिंह, मन्टू कुशवाहा, इंदू चौहान, संजय प्र कुशवाहा, शिवचरण कुशवाहा, मनोज मुखिया,रामजन्म रविदास, मुन्ना पासवान, गुलशन कुशवाहा, सकलदीप प्र, आकाश कु काजल, रविन्द्र कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में बीएड परीक्षा अनियमितता की जांच की मांग

**पूर्व छात्र जदयू अध्यक्ष ने राज्यपाल-सीएम से की शिकायत**

**बिहारशरीफ**। छात्र जदयू, 'पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय,' नालंदा के पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष राजेश कुमार ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े एक गंभीर मामले को सार्वजनिक करते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बी.एड. द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं के मामले को दबा दिया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। राजेश कुमार ने बताया कि 20 जून 2025 को तत्कालीन कुलपति द्वारा सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज, उदंतपुरी के निरीक्षण के दौरान बी.एड. द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अनियमितताएं उजागर हुई थीं। उनके अनुसार, परीक्षा में नकल के आरोप में 27 छात्रों को परीक्षा से निष्कासित (एक्सपेल्ड) किया गया था। साथ ही तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य को पद से हटाने का भी आदेश दिया गया था।उन्होंने आरोप लगाया कि कुलपति के स्थानांतरण के बाद पूरे मामले को दबा दिया गया। बाद में निष्कासित छात्रों का परीक्षा परिणाम जारी कर उन्हें उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया, जबकि प्रभारी प्राचार्य भी अब तक अपने पद पर बने हुए हैं।राजेश कुमार ने बताया कि इस मामले में उन्होंने बिहार के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ई-मेल के माध्यम से विस्तृत शिकायत भेजी है। इसके अलावा राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई है। उनका कहना है कि शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।उन्होंने कहा कि यह सच्चाई और न्याय की लड़ाई है। उन्हें विश्वास है कि राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने मांग की कि यदि जांच में किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### पानी में डूबने से व्यक्ति की मौत

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के उगन बीघा गांव में पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के उगन बीघा गांव निवासी केदार प्रसाद के पुत्र अनिल प्रसाद के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि अनिल प्रसाद गुरुवार सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान पोखर के किनारे उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरे। पानी में डूब जाने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद शव को पानी से बाहर निकाला।घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि पानी में डूबने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर गई थी। हालांकि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

### प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में नालंदा महिला कॉलेज में आंदोलन तेज

**8 अगस्त तक काला बिल्ला और 10 को महाधरना**

**बिहारशरीफ**। बिहार सरकार के प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में राज्यभर के महाविद्यालयों में आंदोलन तेज हो गया है। इसी क्रम में नालंदा महिला कॉलेज, बिहारशरीफ के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन के पहले चरण के तहत 6 अगस्त से 8 अगस्त 2026 तक सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके बाद 10 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर प्रस्तावित महाधरना में सक्रिय रूप से शामिल होंगे। संघ के अनुसार प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में यह चरणबद्ध आंदोलन राज्य के सभी महाविद्यालयों में जारी रहेगा।शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. रामधनी पाल तथा सचिव डॉ. रेणु कुमारी ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर खतरा उत्पन्न होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के हितों के अनुरूप नहीं है। वहीं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह एवं सचिव संजीव कुमार ने भी अधिनियम का विरोध करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालयों के अधिकारों को सीमित करने की एक कोशिश है, जिसका सभी स्तर पर विरोध किया जाएगा।

# पुलिस ने किया 1.25 करोड़ की डकैती का 72 घंटे में खुलासा, चार गिरफ्तार

**16.43 लाख नकद, 450 ग्राम सोना, सात किलो चांदी, डायमंड-प्लेटिनम के जेवर, दो देसी पिस्तौल और 16 कारतूस बरामद**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय मोहल्ले में 3 जुलाई की रात खाद व्यवसायी राजीव रंजन के घर हुई करीब 1.25 करोड़ रुपये की डकैती का पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर लूटी गई संपत्ति का बड़ा हिस्सा बरामद कर लिया गया है। बरामदगी में 16 लाख 43 हजार रुपये नकद, करीब 450 ग्राम सोने के आभूषण, लगभग सात किलोग्राम चांदी के आभूषण, डायमंड एवं प्लेटिनम के जेवर, दो देसी पिस्तौल, 16 कारतूस और दो मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस गिरोह के फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।पुलिस अधीक्षक भारत




सोनी ने बताया कि तीन अगस्त की देर रात करीब एक बजे 10 से 12 हथियारबंद बदमाशों ने देवीसराय निवासी व्यवसायी राजीव रंजन के घर में धावा बोल दिया था। बदमाशों ने परिवार के सदस्यों को पिस्तौल का भय दिखाकर मारपीट करते हुए कर नकदी, सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती सामान लूट लिया था। विशेष टीम ने वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर बदमाशों तक पहुंच बनाई। जांच के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस टीम ने झारखंड के जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र स्थित जुम्मन मोड़ के समीप छापेमारी कर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में चारों ने डकैती में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर लूटी गई संपत्ति और घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिए गए।बरामद सामान में करीब 450 ग्राम सोने के आभूषण, लगभग सात किलोग्राम चांदी के आभूषण, डायमंड एवं प्लेटिनम के जेवर, 16 लाख 43 हजार रुपये नकद, चांदी के दो हाथी, एक चांदी की ईंट, लड्डू गोपाल की चांदी की प्रतिमा, दो देसी पिस्तौल, 16 कारतूस तथा दो मोबाइल फोन शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के श्यामनगर निवासी अजीत सिंह, संजीव सिंह, विट्टू कुमार और आदित्य कुमार के रूप में हुई है। डकैती में 10 से 12 अपराधी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर अन्य बदमाशों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए बिहार और झारखंड में लगातार छापेमारी की जा रही है। शेष आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और लूटी गई बाकी संपत्ति भी बरामद कर ली जाएगी। छापेमारी टीम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 अमरनाथ, दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार, जिला आसूचना इकाई प्रभारी आलोक कुमार, बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, लहेरी थानाध्यक्ष रणजीत कुमार रजक, जिला आसूचना इकाई के चंदन कुमार, दीपनगर थाना के विमलेश कुमार पासवान, रविरंजन कुमार, सुनील कुमार सिंह एवं मनीषा कुमारी, बिहार थाना के खुर्शीद अंसारी एवं रवि कुमार आदि शामिल थे।

# जांच शिविर में 125 मरीजों का हुआ उपचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। लायंस क्लब ऑफ नालंदा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 125 जरूरतमंद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं प्राथमिक उपचार किया गया। शिविर का आयोजन कागजी मोहल्ला स्थित मगध हेल्थ केयर में डॉ. वीरमणि कुमार के अस्पताल परिसर में किया गया।शिविर में सुबह 10:30 बजे से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। चिकित्सकों एवं क्लब के सदस्यों ने मरीजों का बीपी, शुगर, थायराइड, यूरिक एसिड, वजन और हृदय गति सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें निःशुल्क कीं। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों एवं आगे के उपचार के संबंध में आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।इस अवसर पर डॉ. वीरमणि कुमार ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और लायंस क्लब के सहयोग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। लायंस क्लब ऑफ नालंदा




के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल एक दिवसीय शिविर आयोजित करना नहीं, बल्कि गरीब एवं वंचित लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। शिविर को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी रवीशंकर कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिवाकर सिंह, अजय कुमार निराला, प्रहलाद कुमार, प्रदीप कुमार, सुमन सागर, राजीव कुमार सिंह सहित लायंस क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उपस्थित लोगों ने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक सराहनीय पहल बताया।

## नवादा

# लोक अदालतः नवादा में जागरूकता रथ रवाना, तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ रवाना किया गया। सिविल कोर्ट परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष (जिला विधिक सेवा प्राधिकार) आशुतोष कुमार झा ने इसे हरी झंडी दिखाई। यह वाहन शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पम्पलेट बांटकर आम लोगों को लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों के निष्पादन की जानकारी देगा। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव अरविन्द कुमार, न्यायिक पदाधिकारी,



अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक और कोर्ट कर्मचारी उपस्थित थे। उधर, राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बिजली और दूरभाष विभाग को पक्षकारों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है, जबकि पुलिस थानों के माध्यम से शत-प्रतिशत नोटिसों की तामिला सुनिश्चित कराई जा रही है। जिला अधिवक्ता संघ एवं एडवोकेट एसोसिएशन से भी सहयोग के लिए विचार-विमर्श किया जा रहा है।

# विकसित भारत के लिए 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी पर दो दिवसीय पंच सम्मेलन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को डीआरडीए सभागार में "विकसित भारत के लिए 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी" विषय पर दो दिवसीय पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम रवि प्रकाश, उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू एवं जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीएम ने कहा कि वर्ष 2005 से लागू मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई ग्रामीण



रोजगार गारंटी व्यवस्था के तहत रोजगार की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जबकि कृषि कार्य प्रभावित न हो इसके लिए 60 दिनों का "लीव पीरियड" भी निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में जल संरक्षण, तालाब-पोखरों का विकास, पौधारोपण, विद्यालयों में चारदीवारी, शौचालय, रसोई शेड, अतिरिक्त कक्षों की मरम्मत, ग्रामीण हाट-बाजार, जल निकासी और मुक्तिधाम जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन प्रधानमंत्री गति शक्ति पोर्टल और जीआईएस आधारित योजना निर्माण के माध्यम से अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाएगा। सम्मेलन में डीएम ने पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों से योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार तक समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, सभी प्रखंडों के मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुले गड्ढों से मंडरा रहा हादसों का खतरा, निर्माण कंपनी ने बारिश को ठहराया जिम्मेदार

**दो-तीन दिनों में काम पूरा होने का कंपनी ने दिया भरोसा**

**रजौली (नवादा)**। रजौली प्रखंड अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय के समीप और हरदिया में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री शेड निर्माण के दौरान सड़क किनारे पिछले करीब बीस दिनों से खुले छोड़े गए गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का गंभीर खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की दिन-रात आवाजाही के बीच बिना किसी बैरिकेडिंग, पर्याप्त रोशनी तथा चेतावनी संकेतों के यह खुले गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों, पैदल यात्रियों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के लिए अत्यंत जोखिम भरे साबित हो रहे हैं, जबकि इस गंभीर मामले पर गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेंद्र त्रिपाठी ने अपनी सफाई देते हुए बताया कि संबंधित स्थल पर एक्सवेशन का काम पहले ही पूरा किया जा चुका है लेकिन हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण वहां की पूरी मिट्टी गीली और कीचड़युक्त हो गई थी, जिस वजह से कार्य को कुछ दिनों के लिए रोकना पड़ा था और जैसे ही एक-दो दिन अच्छी धूप निकलेगी, वैसे ही ग्रेडिंग का कार्य पूरा कर उसमें जीएसबी, गिट्टी, कंक्रीट और पेवर ब्लॉक लगाने की प्रक्रिया को तेजी से अंजाम दिया जाएगा क्योंकि कंपनी की मशीनें पूरी तरह तैयार हैं और मौसम साफ होते ही महज दो दिनों के भीतर इस अधूरे कार्य को पूरी सुरक्षा के साथ संपन्न करा दिया जाएगा।

# अंचल कार्यालय परिसर से शिक्षक की बाइक चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं फिर से बढ़ने लगी है। बाइक चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे सीसीटीवी के सामने से बाइक चोरी करने में जरा सा भी झिझक नहीं रहे हैं। गुरुवार को अंचल कार्यालय आए एक शिक्षक की बाइक को दो अज्ञात लोग लेकर भाग खड़े हुए। लगभग आधा घंटे बाद बाइक मालिक को इसकी सूचना मिली,तब तक चोर रजौली क्षेत्र छोड़कर भाग खड़े हुए होंगे। घटनाक्रम अंचल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। पीड़ित शिक्षक रजौली निवासी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि वे अपने निजी कार्य से अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी से मिलने आए थे। अंचलाधिकारी द्वारा उन्हें 15 मिनट इंतजार करने को कहा गया। शिक्षक अंचलाधिकारी कक्ष के बाहर लगे कुर्सी पर बैठकर कर इंतजार करने लगे. जब वे महज 10 मीटर दूर खड़े बाइक के पास आए,तो देखा की बाइक खड़ा नहीं है। जबकि शिक्षक द्वारा अंचलाधिकारी के वाहन के समीप स्प्लेंडर बाइक संख्या बीआर27एस9716 को खड़ा किया गया था। अंचलाधिकारी की मदद से सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य बाइक संख्या बीआर27ई4586 पर सवार होकर आए थे। दोनों चोरों ने टोपी पहनी हुई थी। इसी बीच चोरों में शामिल एक चोर ने अंचलाधिकारी कक्ष के समीप लगे नोटिस का फोटो भी खींचा था। बाइक चोरों में से एक व्यक्ति ने बाइक चोरी की और दूसरा उसके पीछे-पीछे चल दिया। इस प्रकार बाइक चोरों ने सीसीटीवी के सामने से सरकारी कार्यालय परिसर से बाइक ले उड़े। घटना की लिखित जानकारी थाना को दी गई है। अब देखना है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा लगाया गया सीसीटीवी बाइक चोर को पकड़ने में मददगार साबित होता है या नहीं। इसके पूर्व में ग्राहक बनकर आए एक अज्ञात युवक द्वारा श्याम ज्वेलर्स से सोने के दर्जनों लॉकेट लेकर फरार होने के मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली है। घटना के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी चोर ने टोपी पहन रखा था।

# डीटीओ के निर्देश पर रजौली में ई-रिक्शा पर सख्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। डीटीओ नवादा रंजीत कुमार के निर्देश पर आरटीओ संदीप कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को एसएच-70 स्थित रजौली-सिरदला मार्ग पर सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों ई-रिक्शा की जांच कर चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र, इंश्योरेंस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर 10 ई-रिक्शा चालकों से कुल 68,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।



यह कार्रवाई स्थानीय समाजसेवियों की मांग पर की गई। समाजसेवियों ने एनएच-20, एसएच-70 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ई-रिक्शा से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की थी। तीन दिन पूर्व फतेहपुर से रजौली आने के दौरान एनएच-20 की सर्विस लेन पर एक ई-रिक्शा पलट गया था। हादसे में अंधरवारी निवासी संजय शर्मा समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अधिकारियों के अनुसार रजौली से हरदिया, अमावां, बहादुरपुर, करिगांव, गैरिबा, अंधरवारी, परमेश्वर बिगहा और धमनी सहित दर्जनों गांवों में सैकड़ों ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। जांच में कई चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते मिले, जबकि कुछ स्थानों पर नाबालिगों द्वारा भी ई-रिक्शा चलाने की शिकायत सामने आई। गलत दिशा में वाहन संचालन भी दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। आरटीओ संदीप कुमार ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे दिन भी जारी रही सफाई कर्मियों की हड़ताल, नगर परिषद मुख्य द्वार पर दिया धरना



**नवादा**। नगर परिषद नवादा के सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रही। अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। हड़ताल के कारण नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के कई वार्डों, मुख्य सड़कों और बाजारों में कचरे का अंबार लग गया है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली कर्मियों की प्रमुख मांगों में सभी सफाई कर्मियों का स्थायीकरण, वेतन वृद्धि तथा ठेका प्रथा समाप्त कर नगर परिषद के अधीन नियमित नियुक्ति शामिल है। कर्मियों का कहना है कि वर्षों से सेवा देने के बावजूद उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन पर कन्हैया डोम, मुकेश डोम, आकाश डोम, अरविंद धांध सहित अन्य सफाई कर्मियों के हस्ताक्षर हैं। आंदोलनकारी कर्मियों ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं और प्रशासन को इस दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिए। हड़ताल के चलते शहर में घर-घर से कचरा उठाव पूरी तरह ठप हो गया है। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगने से दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से जल्द वार्ता कर सफाई कर्मियों की समस्याओं का समाधान निकालने की मांग की है।

यदि जल्द कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई तो हड़ताली कर्मियों ने आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी दी है। वहीं, शहरवासियों की निगाहें अब नगर परिषद प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# सड़क हादसे में मृत ट्रक चालक के परिजनों को मिली 17.79 लाख की सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत मधुरापुर गांव निवासी ट्रक चालक स्व. रामलखन यादव उर्फ पुरैल यादव की दिल्ली में सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद वाहन चालक समुदाय ने आपसी सहयोग और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनके परिजनों को 17,79,384 की आर्थिक सहायता प्रदान की। जय बजरंगबली ड्राइवर व्हाट्सऐप ग्रुप के मीडिया प्रभारी मुंद्रिका मुसाफिर ने बताया कि लगभग 800 वाहन चालकों के सहयोग से चंदा एकत्र कर यह राशि ऑनलाइन माध्यम से मृतक की पत्नी एवं अन्य स्वजनों के बैंक खाते में भेजी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में गोपाल कुमार, मुकेश कुमार यादव, रामबालक यादव, अजय यादव, जयपाल यादव, उमेश यादव तथा कौशल कुमार उर्फ छोटू सहित कई साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवादा, जमुई एवं शेखपुरा जिले के विभिन्न गांवों से जुड़े वाहन चालकों ने इस सहयोग अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्व. रामलखन यादव अपने पीछे पत्नी,दो पुत्रियों एवं दो पुत्रों सहित चार बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। वे परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी असामयिक मृत्यु के बाद परिवार पर आए आर्थिक संकट को देखते हुए चालक समुदाय ने एकजुट होकर यह सहयोग राशि उपलब्ध कराई।


# पशुपालक परिवार पर टूटा संकट, मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)**। हिसुआ प्रखंड की सोनसा पंचायत अंतर्गत सरतकिया गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार गोरे यादव सवर्गीय सूरज यादव ने प्रशासन एवं पशुपालन विभाग से उचित मुआवजा देने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, समय करीब पांच बजे मौसम अचानक खराब हो गया। तेज गर्जना और बारिश के बीच गांव के समीप खेत में भैंस चर रहा था पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना से पशुपालक परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि भैंस परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन थी। उसके दूध की बिक्री से परिवार का खर्च चलता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के कारण हुए इस नुकसान का उचित आकलन कर सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित परिवार को कुछ राहत मिल सके।

# स्वच्छता कर्मियों की हड़ताल खत्म होना सकारात्मक निर्णय : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों की हड़ताल समाप्त होने पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इसे आम जनता के हित में महत्वपूर्ण और सकारात्मक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि हड़ताल समाप्त होने से राज्य के शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था दोबारा सुचारु होगी और पिछले कई दिनों से कूड़ा-कचरा उठाव बाधित रहने के कारण उत्पन्न समस्याओं से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा को इस समाधान के लिए बधाई और धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने स्वच्छता कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा सकारात्मक पहल की। इसी संवाद और प्रयास का परिणाम है कि हड़ताल समाप्त हुई और सफाई व्यवस्था को फिर से सामान्य बनाने का रास्ता साफ हुआ। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था किसी भी शहर की जीवनरेखा होती है। हड़ताल के दौरान कूड़ा-कचरा उठाव प्रभावित होने से नागरिकों को असुविधा के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का भी सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में सरकार द्वारा समय रहते समाधान निकालना सराहनीय कदम है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि अब नगर निगम के स्वच्छता कर्मी पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्य में जुटेंगे और शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था शीघ्र ही पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और स्वच्छता कर्मियों के आपसी समन्वय से स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर शहरों के निर्माण का लक्ष्य और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा।

## गया स्टेशन पर डॉ. प्रेम कुमार ने किया आरओ वाटर प्यूरीफायर का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** यात्रियों और आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में गुरुवार को गया रेलवे स्टेशन परिसर में महत्वपूर्ण पहल की गई। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा स्थापित आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीन का उद्घाटन कर उसे आमजन को समर्पित किया। इस सुविधा के शुरू होने से प्रतिदिन हजारों यात्रियों, स्थानीय नागरिकों तथा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शुद्ध और सुरक्षित पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसी उद्देश्य से सीएसआर योजना के अंतर्गत आईओसीएल द्वारा गया टाउन क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 25 आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीनें स्थापित की जा रही हैं। गया रेलवे स्टेशन पर शुरू की गई यह सुविधा उसी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों के समन्वित प्रयासों से आम लोगों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए अनेक जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से स्थापित यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। डॉ. प्रेम कुमार ने आईओसीएल के इस प्रयास की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि सभी 25 चयनित स्थानों पर आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीनें स्थापित होने के बाद गया शहर के नागरिकों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को भी इसका व्यापक लाभ मिलेगा।

# एसडीएम ने किया अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी का औचक निरीक्षण, सोते मिले गार्ड व कर्मचारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी में बुधवार देर रात एसडीएम प्रवीण कुंदन ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड सोता हुआ मिला जबकि अस्पताल के एक कमरे में एक कर्मचारी भी सोता पाया गया। पूछताछ में कर्मचारी ने बताया कि काम के दौरान देर होने के कारण वह सो गया था। जांच में यह भी सामने आया कि कर्मचारी लंबे समय से अस्पताल के एक कमरे पर कब्जा जमाए हुए था। इस पर एसडीएम ने फटकार लगाते हुए उसे तत्काल कमरा खाली करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी सेवा, रजिस्ट्रेशन काउंटर तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से इलाज एवं अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों और परिजनों ने किसी प्रकार की विशेष शिकायत नहीं की। हालांकि एक-दो बेड पर गंदी चादर मिलने पर एसडीएम ने तत्काल उन्हें बदलने का निर्देश दिया। नाइट ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. निखील ऊपरी मंजिल के कमरे में मिले। एसडीएम ने उन्हें आपातकालीन वार्ड के आसपास ही मौजूद रहने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर और ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर की उपलब्धता की भी जानकारी ली। ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने बताया कि दोनों की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने कहा कि ड्यूटी के दौरान सुरक्षा गार्ड और कर्मचारी के सोए मिलने समेत निरीक्षण में मिली अन्य कमियों को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आठ को कोंच और आंती में होगी पुलिस-पब्लिक संवाद गोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर 8 अगस्त 2026 को पुलिस-पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अपराह्न 4:00 बजे शुरू होगा। कोंच थाना क्षेत्र में यह गोष्ठी पंचायत भवन रौना में और आंती थाना क्षेत्र में पंचायत भवन आंती में आयोजित की जाएगी।

## खेत में मारपीट, तीन पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम शीतलगढ़ में खेत में रोपनी के दौरान हुए विवाद में मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। इस संबंध में गुरुवार को आंती थाना में कांड संख्या 91/26 दर्ज किया गया है।

# गया में 1148 लीटर विदेशी शराब जब्त, झारखंड के दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब तस्करों के हौसले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दूसरे राज्यों से अवैध शराब की खेप बिहार पहुंचाने की कोशिशें लगातार जारी है। इसी कड़ी में गया जिले में मद्यनिषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1,148.400 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान झारखंड के दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया जबकि शराब ले जा रहे पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर शराब तस्करी के सक्रिय नेटवर्क की ओर इशारा किया है। सहायक आयुक्त (उत्पाद) प्रियरंजन ने बताया कि समेकित जांच चौकी डोभी (थाना-बाराचट्टी, जिला गया) पर नियमित वाहन जांच के दौरान पिकअप वाहन संख्या जेएच-09बीई-9848 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 3,720 बोतलों में कुल 1,148.400 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से वाहन चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार (22 वर्ष) और लकी कुमार यादव (19 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों झारखंड के बोकारो जिले के निवासी हैं। प्राथमिक पूछताछ के बाद मद्यनिषेध विभाग और पुलिस अब इस खेप के गंतव्य, आपूर्ति श्रृंखला और पूरे तस्करी नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों के अनुसार मामले का अनुसंधान जारी है और जांच पूरी होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा।मद्यनिषेध विभाग ने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का कहना है कि अवैध शराब की तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे नेटवर्क पर लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# रानीगंज में 341.82 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, कार चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इमामगंज।** गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रानीगंज-इमामगंज मुख्य सड़क पर कब्रिस्तान के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने कार से 341.82 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए चालक राहुल कुमार, पिता विनय सिंह, निवासी बिदुपुर थाना क्षेत्र, जिला वैशाली को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन और शराब तस्करी में इस्तेमाल कार भी बरामद हुई है। इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ अब्दुल रहमान दानिश ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से शराब की बड़ी खेप रानीगंज होते हुए इमामगंज की ओर जा रही है। इसी सूचना पर रानीगंज- इमामगंज मुख्य सड़क पर कब्रिस्तान के पास वाहन जांच शुरू की गई। संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक पुलिस को देखकर कार मोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस टीम ने सशस्त्र बल के सहयोग से पीछा कर कार को पकड़ लिया।

## पंचायत समिति की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और आंगनबाड़ी व्यवस्था पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा और आंगनबाड़ी सेवाओं की बदहाल व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों से जवाब-तलब किया। बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के नियमित संचालन, अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी तथा महिला चिकित्सक और गायनिक विशेषज्ञ के अभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि पर्याप्त चिकित्सकों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है और संस्थागत प्रसव भी प्रभावित हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर चर्चा के दौरान कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि अनेक केंद्र नियमित रूप से नहीं खुलते हैं तथा पोषाहार वितरण में भी अनियमितता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीडीपीओ द्वारा केंद्रों का नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जनप्रतिनिधियों ने सभी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने की मांग की। शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए पंचायत समिति सदस्यों ने सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति की निगरानी करने तथा बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

## करंट लगने से किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मंडई गांव में गुरुवार दोपहर खेत पटवन के लिए मोटर चालू करने के क्रम में करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान मंडई गांव के स्व.डोमन महतो के 40 वर्षीय पुत्र बैजू कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बैजू कुमार दोपहर में अपने खेत की पटवन के लिए विद्युत मोटर चालू करने गए थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खिजरसराय में भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। अस्पताल से परिजन शव को लेकर घर लौट आए और बिना पोस्टमार्टम कराए उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

## प्राथमिक विद्यालय कजराताड़ में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांकेबाजार।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कजराताड़ में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रही है। विद्यालय में बाउंड्री वॉल नहीं है जिससे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। वहीं पेयजल और शौचालय की व्यवस्था काफी दयनीय है जिससे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रेम प्रकाश ने बताया कि स्कूल के रसोईघर की हालत भी काफी जर्जर है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रधान शिक्षक ने बताया कि विद्यालय में 98 बच्चों का नामांकन है, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति, बाउंड्री वॉल, पेयजल, शौचालय और रसोईघर की मरम्मत सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## डुमरिया में भीषण सड़क हादसा, पोल से टकराई कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डुमरिया।** प्रखंड में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे पटना-स्टेट हाईवे 69 पर गोपियांडीह गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बिजली का पोल टूटकर गिर गया। हादसे के बाद आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कार में इमामगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रभात कुमार दास सहित अन्य लोग सवार थे। दुर्घटना में सभी लोगों को हल्की चोटें आईं जिन्हें तत्काल डुमरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुट गई। इधर घटना के बाद डुमरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## बाबा अमर भारती ठाकुरबाडी में सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के डीहा पहाड़ की तलहटी में बसा बाबा अमर भारती ठाकुरबाड़ी में बुधवार को कराह प्रसाद का आयोजन किया गया तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कराह प्रसाद को श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया। गौरतलब है कि स्टेट हाईवे -101 पर डीहा पहाड़ की तलहटी में करीब दो सौ वर्षों से भी अधिक पुराना यह ठाकुरबाड़ी अवस्थित है। यह ठाकुरबाड़ी करीब एक एकड़ जमीन पर फैला है जिसमें प्राकृतिक तालाब भी बना हुआ जो कभी सुखता नहीं है। इस संबंध में डीहा गांव के ग्रामीण नन्हें सिंह, मुखिया प्रतिनिधि छोटा मरांडी, गीता पाण्डेय एवं शिक्षक रामराज सिंह सरीखे दर्जनों लोगों ने बताया कि यह ठाकुरबाडी सैकड़ों वर्ष पुराना है। हमारे बाप-दादा बताया करते हैं कि बाबा भारती नामक संत जिन्होंने इस मंदिर में जीवित समाधि लिया था।

## डीएपी के विकल्प से घटेगी लागत, बढ़ेगी पैदावार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के परसावां पंचायत स्थित मुंडेरा गांव की ठाकुरबाड़ी में गुरुवार को किसानों के लिए कृषि गोष्ठी आयोजित की गई। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार ने किसानों से डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, सिंगल सुपर फॉस्फेट और ट्रिपल सुपर फॉस्फेट के प्रयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि डीएपी और एमओपी का आयात विदेशों से होता है। वैकल्पिक फॉस्फेटिक उर्वरक अपनाने से खेती की लागत घटेगी और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने मौके पर टीएसपी के प्रयोग का प्रदर्शन भी किया। इफको के उप प्रबंधक दिलीप कुमार ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि ये पौधों को संतुलित पोषण देते हैं और अधिक प्रभावी हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार, उप परियोजना निदेशक नीरज वर्मा, एसएओ उदय पंडित व अन्य अधिकारियों ने संतुलित उर्वरक प्रयोग पर जोर देते हुए किसानों की शंकाओं का समाधान किया।

## कारगिल शहीद राम पुकार शर्मा के आश्रित परिवार को यूनियन बैंक ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, गया के सौजन्य से कारगिल युद्ध के शहीद लांस नायक राम पुकार शर्मा के आश्रित परिवार को उनके जहानाबाद स्थित आवास पर सम्मानित किया गया। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने शहीद के परिजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। लांस नायक राम पुकार शर्मा, टिकारी प्रखंड के कुतलुपुर गांव के निवासी थे। उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

## शराब के साथ प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोंच (गया)।** कोंच थाना पुलिस ने शराबबंदी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 15 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.–टीआरएस–जी–आरटी–ओपीएन –03–आरएसपी–25–26, दिनांक : 04.08.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं. एवं कार्य का विवरण स्थान सहित : ओवरहौलिंग रिवाइंडिंग ऑफ ऑक्सीलियरी मोटर ऑफ कांवेंसनल लोकोमोटिव्स। फर्म की कार्यशाला। 2. अनुमानित लागत : ₹1,81,75,983.60, 3. धरोहर राशि : ₹3,63,500.00, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक –28.08.2026 समय 13:00 बजे तक। दिनांक–28.08.2026 समय 15:00 बजे। 5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वारिष्ठ मंडल बिजली इंजी. /कचस्टा विधुत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय


पीआर/0677/डीडीयू/टिआरएस/टी/26–27/36



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(लापता/अपहृत चंदन राम उर्फ चंदन भुईयॉ, उम्र–करीब 30 वर्ष )**



डंडई थाना कांड सं0–40/26, दिनांक–15.04.2026, धारा–137, 138, 139(1), 140(2), 140(4), बी0एन0एस0 में लापता/अपहृत चंदन राम उर्फ चंदन भुईयॉ, उम्र–करीब 30 वर्श, पिता–मोतीलाल राम उर्फ मोतीलाल भुईयॉ, ग्राम–करके, पोस्ट–सोनेहारा, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में वादिनी फलमती देवी के द्वारा दायर परिवाद पत्र संख्या–1274/25 के आधार पर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त 1. अभय राम, पिता–विश्वनाथ राम, 2. उपेन्द्र भुईयॉ, 3. शिवनाथ भुईयॉ, पिता–स्व0 विरन भुईयॉ, तीनों सा0–करके, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा के विरुद्ध वादिनी के पुत्र को दिनांक–11.11.2023 को बहला फुसलाकर फिरौती के लिए अपहरण करने के आरोप में कांड दर्ज कराया गया है। उक्त लापता/अपहृत व्यक्ति चंदन राम उर्फ चंदन भुईयॉ का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता/अपहृत व्यक्ति किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता/अपहृत का विवरण/हुलिया :–**

नाम–चंदन राम उर्फ चंदन भुईयॉ, लंबाई–05 फीट, रंग–सांवला, पहनावा–उजला शर्ट एवं पैन्ट, भाशा–भोजपुरी एवं हिन्दी।

निवेदक, पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 386833 (Police)26-27*D


## मगध प्रक्षेत्र से आइजी पद समाप्त करने का कांग्रेस ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार की राजधानी पटना के बाद सूबे के सबसे महत्त्वपूर्ण मगध प्रमंडल मुख्यालय गयाजी से गृह विभाग आरक्षी शाखा द्वारा 29 जुलाई 2026 को प्रक्षेत्रिय व्यवस्था पुनर्गठन के तहत सात वर्ष पूर्व से मगध प्रक्षेत्र हेतु सृजित आईजी के पद को समाप्त कर डीआईजी पद करने से मगधवासियों में भयानक आक्रोश है। आईजी पद समाप्त करने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सहित मगध वासियों द्वारा गयाजी के गांधी मैदान के गेट नंबर 7 के समीप विशाल महाधरना आयोजित कर राज्य सरकार से इसे पुनः बहाल करने की मांग की है। धरना कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, टिंकू गिरी, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, सुनील कुमार पासवान, अर्जुन प्रसाद, इंदल पासवान, मुन्ना मांझी, रंजीत सिंह, खिजीर हायात आदि ने कहा कि बिहार राज्य से झारखंड के विभाजन के उपरांत सूबे की राजधानी पटना के बाद राज्य के सबसे महत्वपूर्ण मगध प्रमंडल मुख्यालय गयाजी को जहां पूर्व के एकीकृत बिहार राज्य के दूसरी राजधानी रांची के तर्ज परगया जी को बिहार की दूसरी राजधानी बनाने की मांग वर्षों से जारी है, लेकिन राज्य सरकार मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के जगह पुनः सात वर्षों बाद पुलिस उप महानिरीक्षक पद करने से मगध वासियों में यह बात चर्चा का विषय है कि मगध प्रक्षेत्र को प्रमोशन के बजाय और डीमोसन किया जा रहा है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(अज्ञात मृत वृद्ध महिला के शव का फोटो,उम्र–करीब 61 वर्ष)**



भण्डरिया थाना यू0डी0 कांड सं0–08/2026, दिनांक–26.07.2026 के कांड में बरामद मृत अज्ञात वृद्ध महिला, उम्र करीब–61 वर्ष का शव दिनांक–26.07.2026 को भण्डरिया थाना के द्वारा भण्डरिया थाना अन्तर्गत ग्राम–हरता के हरदेव सिंह के कुऑ से बरामद किया गया है। उक्त अज्ञात मृत महिला के शव का पहचान नहीं होने के कारण महिला के शव का पहचान हेतु शीतगृह (मॉर्चरी) में 72 घंटा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में रखा गया था, जिसकी समय अवधि पूर्ण हो चुकी है। अज्ञात महिला के शव की पहचान हेतु अभी तक कोई भी परिजन उपस्थित नहीं हुए हैं। शीतगृह में रखे अज्ञात महिला के शव को 72 घंटा पूर्ण हो जाने कारण अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, रंका का ज्ञापांक–805/रंका, दिनांक–28.07.2026 के आलोक में अज्ञात वृद्ध महिला के शव को डिस्पोज (अंतिम संस्कार) कर दिया गया है, जिसकी पहचान अबतक नहीं हो सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृत महिला के शव का पहचान या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**अज्ञात मृत महिला का विवरण/हुलिया :–**

उम्र करीब–61 वर्ष, लंबाई–करीब 04 फीट, 2,3 इंच, रंग–सांवला, पहनावा–उजला एवं लाल रंग का साड़ी एवं ब्लू रंग का ब्लाउज।

निवेदक, पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 386836 Police(26-27).D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(अपहृत/लापता ऋषिकांत कुमार उम्र–लगभग 21 वर्ष)**



नगरउंटारी थाना कांड सं0–111/2023, दिनांक–02.08.2023, धारा–364, 34, भा0द0वि0 के कांड में अपहृत/लापता ऋषिकांत कुमार, उम्र लगभग–21 वर्ष, पिता–सुदामा राम, ग्राम–जमुआ, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। उक्त कांड के वादिनी कलावती देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनका लड़का ऋषिकांत कुमार का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। दिनांक–02.05.2025 को अपहृत/लापता ऋषिकांत कुमार को गॉव के अमित राम के द्वारा बहला–फुसलाकर कर काम करने के लिए जिला सोनभद्र (उ0प्र0) स्थित विण्ढमगंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से हावड़ा (प0बंगाल) ले गया है। उसके बाद से अपहृत ऋषिकांत कुमार का कुछ पता नहीं चल पाया है, अपहृत/लापता अबतक वापस अपने घर नहीं लौटा है। उक्त अपहृत/लापता ऋषिकांत कुमार का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अपहृत/लापता लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**अपहृत/लापता का विवरण/ हुलिया :–**

नाम–ऋषिकांत कुमार, रंग–गेहुँवन–सांवला, बाल एवं आंख–काला–समान्य,चेहरा–समान्य पतला, लम्बाई–05 फिट 02 इंच, पहनावा–नीला रंग का टी शर्ट एवं जींस पहना है, शिक्षा–09वीं तक।

निवेदक, पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 386832 Police (26-27)_D

संपादकीय

## बसपा : मायावती की माया

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती पार्टी की सिकुड़ती राजनीतिक हैसियत के बाद भी उसे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह ही चलाना चाहती हैं, यह बात उनके पार्टी संगठन में ताजा फेरबदल से और पुख्ता हो गई है। अपने ताजा फैसले में बहनजी मायावती ने पार्टी के पूर्व सांसद तथा भांजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बसपा से दूसरी बार और राघवेंद्र बेनीवाल को भी निष्कासित कर दिया है। मायावती ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब इन दोनों की पार्टी में वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं पर अनुशासनहीनता और पार्टी के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप लगातार सामने आ रहे थे। गौरतलब है कि अशोक सिद्धार्थ को मायावती ने पहले भी महाराष्ट्र में पार्टी की जिम्मेदारी निभाने के दौरान तालमेल की कमी और अनुशासनहीनता के कारण हटाया था। लेकिन बाद में उन्हें दोबारा मौका देते हुए यूपी के बजाय अन्य राज्यों में संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन, वहां भी उन्होंने अपेक्षित ढंग से कार्य नहीं किया। मायावती ने कहा कि कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में को-ऑर्डिनेटर रहते हुए भी अशोक सिद्धार्थ के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रहीं। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने पर उन्हें पहले सभी जिम्मेदारियों से मुक्त किया गया। इसी तरह राघवेंद्र सिंह बेनीवाल को भी पूर्व में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में संगठन की जिम्मेदारी दी गई थी। उनके खिलाफ भी अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। मायावती ने संगठन में फेरबदल करते हुए राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को पुनः पंजाब का प्रभारी बनाया है। वह अन्य राज्यों के साथ पंजाब में भी आगामी विधानसभा चुनाव तक संगठन की जिम्मेदारी निभाएंगे। बसपा में जो कुछ चल रहा है, वह पार्टी के भीतर भारी अंतर्कलह और नेतृत्व की तानाशाही का प्रतीक है। बीते एक दशक में पार्टी को कई बड़े झटके लगे हैं, बावजूद इसके मायावती के रवैये में कोई फरक नहीं आया है। कोई भी लंबे समय तक उनका विश्वास पात्र नहीं रह पाता है। यहां तक कभी उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी समझे जाने वाले आकाश आनंद के बारे में भी बहनजी ने कहा कि वह भी अन्य पदाधिकारियों के बराबर ही हैसियत रखता है। ज्यादातर वो लोग जिन्होंने कभी बसपा को खड़ा करने और उसे सत्ता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी, आज पार्टी से बाहर हैं। या तो वो दूसरे दलों में चले गए हैं या फिर घर बैठ गए हैं। दलित युवाओं में भी मायावती के प्रति आकर्षण घटता जा रहा है और चंद्रशेखर रावण जैसे नेताओं की तरफ आकर्षित हो रहा है। पार्टी के भीतर यह अंतर्कलह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यूपी में जहां, पार्टी की जड़ें सबसे ज्यादा मजबूत हैं, वहां बसपा में घमासान मचा है। ऐसा लगता है कि सारा खेला टिकटों को लेकर हो रहा है। इस मामले में मायावती सारे सूत्र अपने हाथ में ही रखना चाहती हैं। इसके पीछे पैसे का मामला भी है। लेकिन बहनजी की इस 'एकला चलो' नीति के चलते पार्टी का जनाधार लगातार घटता जा रहा है। लेकिन मायावती इससे चिंतित नहीं लगती। वो चाहे जब किसी को निकाल देती हैं, किसी को भी ले लेती हैं। वैचारिक दृष्टि से भी पार्टी का क्या स्टैंड है, किसी को नहीं पता। कभी वो भाजपा के साथ दिखाई देती हैं तो कभी भाजपा के विरोध में खड़ी नजर आती हैं। वो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से भी दूरी बनाए रखती है। कहीं कोई स्पष्ट दृष्टि और रणनीति नहीं है। ऐसे में लगता है कि बसपा का समापन उन्हीं के साथ हो जाएगा। बगैर तगड़ी टीम के कोई राजनीतिक पार्टी लंबी नहीं चल सकती।

# क्या बदल रहा है मतदाता का मिजाज?

**'बांकीपुर से दतिया तक, क्या बदल रहा है मतदाता का मिजाज? सत्ता के शिखर पर बैठे राजनीतिक दलों के लिए उपचुनाव अक्सर छोटी-सी घंटी होते हैं। लेकिन कभी-कभी यही घंटी इतनी तेज बजती है कि दिल्ली तक उसकी आवाज सुनाई देती है। बांकीपुर और दतिया के नतीजे ऐसी ही घंटी हैं।' प्रशांत किशोर के सामने सबसे बड़ी चुनौती भी है।क्या बांकीपुर को बिहार के भीतर ही एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदला जा सकता है? एक सीट जीतना उपलब्धि है। कई सीटों पर प्रभाव पैदा करना राजनीति है। बांकीपुर ने दरवाजा खोला है। अब देखना यह है कि जन सुराज उस दरवाजे से कितनी दूर तक जाता है।**

**रमेश कुमार 'रिपु'**

बिहार के बांकीपुर में जिस सीट को भारतीय जनता पार्टी का मजबूत किला माना जाता रहा, वहां प्रशांत किशोर ने भाजपा को करीब 19 हजार वोटों से हरा दिया। यह केवल एक सीट का परिणाम नहीं है। यह उस राजनीतिक आत्मविश्वास पर सवाल है, जो मानने लगता है कि संगठन, सत्ता और संसाधनों के बल पर कोई भी चुनाव जीता जा सकता है।और इससे भी दिलचस्प बात यह है कि जिस प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी 2025 के विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी, वही प्रशांत किशोर एक साल के भीतर बांकीपुर जैसे मजबूत भाजपा गढ़ में विधायक बन गए। राजनीति में इससे बड़ा व्यंग्य शायद ही कोई हो, जिसे कल मतदाता ने नकार दिया था, आज उसी मतदाता ने उसे सत्ता के दरवाजे तक पहुंचा दिया।

यह परिणाम प्रशांत किशोर के लिए जितना उत्साह का विषय है, उतना ही भाजपा के लिए आत्ममंथन का।

सवाल यह है कि बांकीपुर ने भाजपा को क्या बताया? बांकीपुर की हार केवल भाजपा उम्मीदवार की हार नहीं मानी जा रही। इस सीट से नितिन नवीन का लंबा राजनीतिक जुड़ाव रहा है और उपचुनाव उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर हुआ। चुनाव से पहले ही इस सीट को भाजपा की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था।

प्रशांत किशोर के सामने सबसे बड़ी चुनौती भी है।क्या बांकीपुर को बिहार के भीतर ही एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदला जा सकता है? एक सीट जीतना उपलब्धि है। कई सीटों पर प्रभाव पैदा करना राजनीति है। बांकीपुर ने दरवाजा खोला है। अब देखना यह है कि जन सुराज उस दरवाजे से कितनी दूर तक जाता है।

### दतिया ने दूसरा संदेश दिया

मध्य प्रदेश का दतिया परिणाम इस कहानी को और गंभीर बना देता है। यहां कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को पराजित किया। चुनाव इसलिए भी हाई-प्रोफाइल था क्योंकि भाजपा ने संगठन और



सत्ता की पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा की ओर से उम्मीदवार चयन और नरोत्तम मिश्रा की राजनीतिक विरासत भी चर्चा के केंद्र में रही। दतिया में भाजपा के सामने केवल कांग्रेस उम्मीदवार नहीं था। उसके सामने एक सवाल था,क्या सत्ता का संगठन स्थानीय असंतोष से बड़ा हो सकता है? नतीजे ने फिलहाल इसका जवाब दे दिया है।

उपचुनाव का महत्व सीटों की संख्या से नहीं, संदेश की तीव्रता से तय होता है। और दतिया का संदेश साफ है, सरकार के पास सत्ता हो सकती है, संगठन हो सकता है, बड़े नेता हो सकते हैं; लेकिन अंतिम फैसला मतदाता के हाथ में रहता है।

### दो राज्यों की दो सीटें, एक सवाल

बांकीपुर में भाजपा हारी।दतिया में भाजपा हारी।दोनों जगह परिस्थितियां अलग हैं। सामाजिक समीकरण अलग हैं। उम्मीदवार अलग हैं। स्थानीय मुद्दे अलग हैं। लेकिन दोनों परिणामों में एक साझा सूत्र दिखाई देता है,मतदाता अब केवल पार्टी नहीं देख रहा, वह अपना स्थानीय अनुभव भी देख रहा है।यही भारतीय चुनावी राजनीति में बड़ा बदलाव हो सकता है।

पहले चुनाव में पूछा जाता था, 'कौन-सी पार्टी? अब कई जगह सवाल बदलकर हो रहा है कौन है उम्मीदवार? क्या काम हुआ? मेरे बच्चे का भविष्य क्या है? रोजगार कहां है? परीक्षा व्यवस्था क्यों बिगड़ रही है? सरकार हमारी बात क्यों नहीं सुनती? और यहीं से राजनीति का चरित्र बदलता है।

### जंतर-मंतर से मतदान केंद्र तक

इस पूरे घटनाक्रम में छात्र आंदोलनों और जंतर-मंतर की राजनीति को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। छात्र जब सड़क पर उतरता है तो वह केवल तत्कालीन सरकार के खिलाफ नाराजगी व्यक्त नहीं करता। वह अपने भविष्य को लेकर सवाल खड़ा करता है। युवा असंतोष अब राजनीतिक विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है।और इसे कोई भी राजनीतिक दल लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं कर सकता।

### हार से बड़ा खतरा क्या है

भाजपा के लिए असली चिंता दो सीटों की हार नहीं होनी चाहिए। असली चिंता यह होनी चाहिए कि कहीं हार का पैटर्न बनना शुरू न हो जाए। अगर अलग-अलग राज्यों में मतदाता बड़े नेताओं के प्रभाव से स्वतंत्र होकर वोट करने लगे,स्थानीय उम्मीदवार को ज्यादा महत्व देने लगे,युवा और रोजगार के सवालों पर सरकार से जवाब मांगने लगे,सत्ता विरोधी वोट को किसी तीसरी ताकत के हवाले करने लगे,और संगठन की ताकत के बावजूद स्थानीय नाराजगी को वोट में बदल दे,तो राजनीति का समीकरण बदल सकता है।

बांकीपुर में तीसरी ताकत के रूप में प्रशांत किशोर का उभरना इसलिए महत्वपूर्ण है,क्योंकि यह कांग्रेस या किसी पारंपरिक विपक्ष की जीत नहीं है। यह एक ऐसे राजनीतिक प्रयोग की जीत है, जिसे एक साल पहले तक मतदाता ने लगभग नकार दिया था।कांग्रेस के लिए भी दतिया चेतावनी और अवसर दोनों है,दतिया की जीत से कांग्रेस को उत्साहित होने का अधिकार है। लेकिन इसे मध्य प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत मान लेना भी जल्दबाजी होगी। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वह दतिया की जीत को स्थायी संगठनात्मक मजबूती में बदल सके। उपचुनाव में स्थानीय चेहरे, स्थानीय नाराजगी और उम्मीदवार की व्यक्तिगत स्वीकार्यता निर्णायक हो सकती है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मुकाबला कहीं व्यापक होता है। इसलिए दतिया कांग्रेस के लिए मंजिल नहीं है।यह उसके लिए एक मौका है, यह साबित करने का कि वह केवल भाजपा विरोधी वोट की लाभार्थी नहीं, बल्कि मतदाता के सामने विश्वसनीय विकल्प भी बन सकती है।

प्रशांत किशोर की जीत ने एक तीसरा सवाल खड़ा कर दिया है,क्या भारतीय राजनीति में पारंपरिक दो ध्रुवों के बीच तीसरी राजनीतिक जमीन तैयार हो रही है? इस सवाल का जवाब अभी भविष्य के गर्भ में है। लेकिन इतना तय है कि बांकीपुर का परिणाम प्रशांत किशोर को केवल एक विधायक नहीं बनाता। यह उन्हें एक राजनीतिक संभावना देता है।और दतिया की हार भाजपा को केवल एक सीट नहीं छीनती। यह उसे आईना दिखाती है। क्योंकि चुनाव में सबसे बड़ी भूल यह मान लेना है कि मतदाता बदल नहीं सकता। मतदाता चुप रह सकता है, लेकिन स्थायी रूप से किसी का नहीं होता। और जब वह अपना मन बदलता है, तो कभी-कभी एक सीट का परिणाम भी पूरे देश की राजनीति को आईना दिखा देता है।

अध्यात्म

### समस्या को जीवन का स्वाभाविक हिस्सा मानना चाहिए

पुराने समय में एक व्यक्ति अपने जीवन से बहुत परेशान था। उसे लगता था कि उसके जीवन में केवल दुख ही दुख हैं। रोज सुबह वह नई चिंता के साथ जागता और हर शाम निराश होकर दिन समाप्त करता। उसे विश्वास हो गया था कि जब तक उसकी सभी परेशानियां खत्म नहीं होंगी, तब तक उसे सच्ची खुशी नहीं मिल सकती। एक दिन उसके नगर में एक संत आए। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन करने और अपनी समस्याओं का समाधान पूछने पहुंचे। वह व्यक्ति भी बड़ी उम्मीद लेकर संत के पास पहुंचा। अवसर मिलने पर उसने विनम्रता से कहा, 'गुरुदेव, मैं बहुत दुखी हूं। कृपया ऐसा उपाय बताइए, जिससे मेरे जीवन की सारी परेशानियां एक साथ समाप्त हो जाएं।' संत मुस्कुराए और बोले, 'मैं तुम्हें उपाय अवश्य बताऊंगा, लेकिन पहले तुम्हें मेरा एक काम करना होगा।' युवक तुरंत तैयार हो गया। संत ने कहा, 'आज रात तुम मेरी गौशाला में रहकर गायों की देखभाल करो। जब सभी गायें सो जाएं, तब तुम भी सो जाना।' युवक ने संत की आज्ञा स्वीकार कर ली। रात होते ही वह गौशाला पहुंच गया। उसने देखा कि एक गाय बैठती तो दूसरी उठ जाती। कोई चारा खाने लगती, कोई पानी पीने लगती और कोई इधर-उधर टहलने लगती। पूरी रात वह इंतजार करता रहा कि सभी गायें एक साथ सो जाएं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। सुबह होने तक वह स्वयं एक पल भी नहीं सो पाया।

अगले दिन संत ने उससे पूछा, 'रात कैसी बीती?' व्यक्ति ने थके हुए स्वर में कहा, 'गुरुदेव, मैं पूरी रात सो नहीं सका। सभी गायें एक साथ कभी नहीं सोतीं। एक शांत होती, तो दूसरी जाग जाती।' संत ने मुस्कुराते हुए कहा, 'यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। जीवन की परेशानियां भी इन गायों की तरह होती हैं। एक समस्या समाप्त होती है, तो दूसरी सामने आ जाती है। यदि तुम इस इंतजार में रहोगे कि पहले सभी परेशानियां खत्म हों, फिर सुख से रहूंगा, तो शायद कभी शांति नहीं मिलेगी। बुद्धिमानी इसी में है कि समस्याओं के बीच संतुलन, धैर्य और प्रसन्नता के साथ जीना सीखो। जो व्यक्ति चुनौतियों से डरने के बजाय उनका सामना करता है, वही जीवन में आगे बढ़ता है।'

**सीख:** जीवन का अर्थ समस्याओं से मुक्त होना नहीं, बल्कि समस्याओं के साथ बेहतर तरीके से जीना सीखना है। हर व्यक्ति के जीवन में चुनौतियां आती हैं। फर्क केवल इतना होता है कि कोई उनसे घबरा जाता है, जबकि कोई उन्हें सीखने और आगे बढ़ने का अवसर बना लेता है। हर समस्या को जीवन का स्वाभाविक हिस्सा मानें।

# शिक्षा बजट: बदलती प्राथमिकताओं का सच

**यह समझना आवश्यक है कि बजट का कुल आकार हर वर्ष बढ़ता है। इसलिए केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि शिक्षा मंत्रालय को पहले की तुलना में अधिक रुपये मिले हैं। वास्तविक प्रश्न यह है कि सरकार अपने कुल संसाधनों में शिक्षा को कितना महत्व देती है। यदि किसी परिवार की आय बढ़ जाए, लेकिन वह अपनी आय का पहले से कम हिस्सा बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करे, तो यह माना जाएगा कि उसकी प्राथमिकताएं बदल गई हैं। यही सिद्धांत सरकारी बजट पर भी लागू होता है। इसलिए शिक्षा पर बढ़ती राशि से अधिक महत्वपूर्ण उसका बजट में अनुपात होता है। भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। यहां करोड़ों बच्चे और युवा विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं।**

**ममता कुशवाहा**

कुछ ही दिनों पहले देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं, शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को लेकर फिर से व्यापक बहस देखने को मिली। कहीं परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे, कहीं शिक्षकों की कमी चर्चा का विषय बनी, तो कहीं सरकारी विद्यालयों की बदहाल स्थिति ने चिंता बढ़ाई। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या भारत जैसे युवा देश में शिक्षा वास्तव में सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता है? किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी सड़कों, पुलों और इमारतों से नहीं, बल्कि उसके विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से तय होता है। यदि शिक्षा पर पर्याप्त निवेश नहीं होगा तो विकास की चमक केवल बाहरी दिखाई देगी, भीतर से समाज कमजोर ही रहेगा। भारत सरकार के बजट के आकड़ों के अनुसार वर्ष 2009 से 2025 तक केंद्र सरकार के कुल बजट में शिक्षा पर होने वाले वाला खर्च संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के अंतिम वर्षों में शिक्षा पर बजट का हिस्सा लगभग 4.77 प्रतिशत था, जो समय के साथ घटते-घटते वर्तमान दौर में लगभग 2.50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। अर्थात कुल केंद्रीय बजट में शिक्षा की हिस्सेदारी लगभग आधी रह गई है। यह केवल प्रतिशत का अंतर नहीं, बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं में आए बदलाव का संकेत भी माना जा सकता है।

यह समझना आवश्यक है कि बजट का कुल आकार हर वर्ष बढ़ता है। इसलिए केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि शिक्षा मंत्रालय को पहले की तुलना में अधिक रुपये मिले हैं। वास्तविक प्रश्न यह है कि सरकार अपने कुल संसाधनों में शिक्षा को कितना महत्व देती है। यदि किसी परिवार की आय बढ़ जाए, लेकिन वह अपनी आय का पहले से कम हिस्सा बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करे, तो यह माना जाएगा कि उसकी प्राथमिकताएं बदल गई हैं। यही सिद्धांत सरकारी बजट पर भी लागू होता है। इसलिए शिक्षा पर बढ़ती राशि से अधिक महत्वपूर्ण उसका बजट में अनुपात होता है। भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। यहां करोड़ों बच्चे और युवा विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। ऐसे देश में शिक्षा केवल एक मंत्रालय का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय, वैज्ञानिक प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती की आधारशिला है। यदि शिक्षा में निवेश कम होगा तो इसका प्रभाव केवल वर्तमान पीढ़ी पर नहीं, बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों पर पड़ेगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव में रोजगार क्षमता घटेगी, शोध कमजोर होगा, नवाचार की गति धीमी पड़ेगी और सामाजिक असमानता बढ़ेगी।

शिक्षा पर खर्च में कमी का असर सबसे पहले सरकारी विद्यालयों पर दिखाई देता है। आज भी देश के अनेक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। कई स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर और खेल की सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो अनेक विद्यालय



बुनियादी संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। यदि शिक्षा का बजट सीमित रहेगा तो इन कमियों को दूर करना कठिन होगा। परिणामस्वरूप आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा सबसे अधिक प्रभावित होगी, जबकि संपन्न परिवार निजी संस्थानों का विकल्प चुन लेते हैं। उच्च शिक्षा और शोध का क्षेत्र भी पर्याप्त निवेश की मांग करता है। विकसित देशों ने विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिक परियोजनाओं पर लगातार निवेश करके ही वैश्विक नेतृत्व हासिल किया है। भारत भी यदि ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनना चाहता है तो केवल कौशल विकास की घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। विश्वविद्यालयों को आधुनिक प्रयोगशालाएं, योग्य शिक्षक, पर्याप्त शोध अनुदान और वैश्विक स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। शिक्षा पर घटता अनुपात इस दिशा में चिंता पैदा करता है।

हाल के वर्षों में सरकार ने नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी शिक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन पहलों का उद्देश्य शिक्षा को आधुनिक और रोजगारोन्मुख बनाना है। किंतु किसी भी नीति की सफलता अंततः उसके वित्तीय समर्थन पर निर्भर करती है। यदि योजनाओं के अनुरूप पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होंगे तो उनके अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ पाएंगे। इसलिए नीति और बजट, दोनों का संतुलित होना आवश्यक है। यह भी सत्य है कि सरकार को रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा और अन्य अनेक क्षेत्रों पर भी खर्च करना पड़ता है। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह और डिजिटल नेटवर्क भी विकास के लिए जरूरी हैं। लेकिन इन सबका स्थायी लाभ तभी मिलेगा जब देश के नागरिक शिक्षित, कुशल और जागरूक होंगे। इसलिए शिक्षा को व्यय नहीं, बल्कि सबसे बड़ा निवेश माना जाना चाहिए। आज शिक्षा पर खर्च किया गया प्रत्येक रुपया भविष्य में बेहतर उत्पादकता, अधिक रोजगार, मजबूत अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता के रूप में कई गुना लाभ देता है।

भारतीय संविधान भी प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार देता है। यह अधिकार केवल विद्यालय में प्रवेश दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी राज्य की है। जब शिक्षा का बजट अपेक्षाकृत कम होता है तो इस संवैधानिक दायित्व को पूरी क्षमता से निभाना कठिन हो जाता है। विशेषकर गरीब, ग्रामीण, आदिवासी और वंचित समुदायों के बच्चों पर इसका प्रभाव अधिक पड़ता है, क्योंकि उनकी शिक्षा मुख्यतः सरकारी व्यवस्था पर निर्भर करती है। आज वैश्विक स्तर पर वही देश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं जिन्होंने शिक्षा, विज्ञान और अनुसंधान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया है। दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, जापान और सिंगापुर जैसे देशों के उदाहरण बताते हैं कि प्राकृतिक संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण मानव संसाधन होता है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति है। यदि इस शक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी तो वह देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, अन्यथा यही जनसंख्या अवसर के बजाय चुनौती बन सकती है। इस तरह से शिक्षा पर होने वाला खर्च केवल बजट की एक पंक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र की सोच और दिशा का दर्पण होता है। यदि किसी सरकार का लक्ष्य विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक नेतृत्व है, तो उसकी सबसे बड़ी पूंजी शिक्षित नागरिक ही होंगे। इसलिए समय की मांग है कि शिक्षा को फिर से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के केंद्र में लाया जाए, विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक निवेश बढ़ाया जाए, शिक्षकों की नियुक्तियां तेज हों, शोध को प्रोत्साहन मिले और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्राप्त हो। क्योंकि मजबूत राष्ट्र की नींव संसद में पारित बजट से नहीं, बल्कि उन कक्षाओं में रखी जाती है जहां भविष्य की पीढ़ियां अपने सपनों को आकार देती हैं।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपको अपने सम्मान की चिन्ता रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा करने से बचें। कफ और सर्दी की शिकायत हो सकती है। बिना पूछे दूसरों को ज्ञान न दें।

**वृषभ**
स्थायी सम्पत्ति प्राप्त होने की सम्भावना है। अपने काम पर फोकस करेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में बॉस आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे। शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**सिंह**
अधिक गर्म एवं ठण्डे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। धन हानि होने की आशंका है। उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों।

**कन्या**
अपने खानपान की आदतों पर नियन्त्रण रखें। कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जायेंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी।

**तुला**
सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। आपको सभी कार्य अपने दम पर करने चाहिये। सन्तान की चिन्ता रहेगी। भाई-बहनों से मन खिन्न हो सकता है।

**वृश्चिक**
नयी परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर परेशान होंगे। विद्यार्थियों को नयी नौकरी के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है।

**धनु**
अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में स्वार्थ की भावना को न आने दें।

**मकर**
व्यवसाय में आय बढ़ सकती है। परिवार के लोग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिये तत्पर रहेंगे। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी।

**कुंभ**
महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। सन्तान की उन्नति से मन उत्साहित रहेगा। लेकिन आपको उन पर ज्यादा दबाव नहीं बनाना चाहिये।

**मीन**
खर्च की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी। रुकी हुयी परियोजनाओं को आरम्भ कर सकते हैं। जीवनसाथी को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है।


## संक्षिप्त समाचार

### साइबर फ्रॉड के विभिन्न सामान के साथ एक गिरफ्तार




**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोबाइल के माध्यम से लोगों को लाखों का चुना लगाने वाले एक साइबर फ्रॉड को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, कीमती मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद की गई है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि साइबर फॉड में संलिप्त एक व्यक्ति स्कॉर्पियों से शाहपुर थाना अन्तर्गत छितनामा-दानापुर जाने वाली मार्ग से दानापुर की ओर जा रहा है। तत्काल छापामारी करने पर पकड़ा जा सकता है, ये साइबर फ्रॉड कर लोगों से पैसा ठगी का काम करता है। प्राप्त सुचना के आलोक में थानाध्यक्ष शाहपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लोदीपुर चाँदमारी स्थित छितनामा दानापुर सड़क पर सघन वाहन जॉच किया गया। वाहन जाँच के कम में शक के आधार पर एक काले रंग के स्कॉर्पियों वाहन को रोक कर तालाशी लिया गया तो वाहन से साइबर फ्रॉड का विभिन्न सामान 1 लैपटॉप, 12 मोबाइल, विभिन्न बैंकों के 11 एटीएम कार्ड, 13 पैन कार्ड, 3 आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रेस कार्ड, सिम कार्ड, मोहर स्टाम्प, पासबुक एवं चेकबुक के साथ इसमें संलिप्त एक व्यक्ति अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही पर इसमें संलिप्त और अन्य व्यक्ति के गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

### भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद, तीन वाहन जप्त



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब की खेप वाहनों में लोडिंग करते बरामद किया है। बरामदगी के समय सभी बदमाश वाहन छोड़ फरार होने में कामयाब रहे। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि रात्री में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की दानापुर थाना अन्तर्गत अशोक पुरी कॉलोनी रोड, लेखा नगर के पास कुछ व्यक्ति के द्वारा दो/तीन वाहन पर अवैध शराब का लोडिंग किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक मे अपर थानाध्यक्ष दानापुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापामारी छापामारी किया गया तो वहाँ पर लगी 1 टेम्पु, 1 कार एवं 1 ट्रैक्टर पर से लावारिस अवस्था में कुल-526.32 लीटर विदेशी शराब बरामद कर उक्त वाहन को जप्त किया गया। हांलांकि की पुलिस टीम के पहुंचने पर सभी बदमाश फरार होने में कामयाब रहे।

### सम्राट चौधरी बिहार की जरूरत, विपक्ष फैला रहा भ्रम : रवीन्द्र रंजन



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रवीन्द्र रंजन ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कुशल प्रशासक और समावेशी विकास का सूत्रधार बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। रवीन्द्र रंजन ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की बढ़ती लोकप्रियता और प्रशासनिक क्षमता से विपक्षी दलों के नेता व्याकुल हैं। इसी कारण वे जनता के बीच गलत नैरेटिव गढ़कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास अब कोई रचनात्मक मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है।उन्होंने कहा कि किसी एक-दो चुनाव में जीत हासिल कर लेने मात्र से कोई बड़ा जननेता नहीं बन जाता। 14 करोड़ बिहारवासियों का विश्वास जीतने के लिए जनता के बीच लगातार काम करना पड़ता है और उनके सुख-दुख में सहभागी बनना पड़ता है। रवीन्द्र रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में विकास, सुशासन और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति पर प्रभावी ढंग से काम हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार की जनता विकास और जनहित की राजनीति को ही अपना समर्थन देती रहेगी।

### 7 अगस्त को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन एवं यूथ एजेंडा की ओर से 7 अगस्त 2026 को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन परिषर दनियावां के समीपवर्ती गोविंदपुर (पटना)में किया जा रहा है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक व लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैंक के सचिव शिशुपाल ने बताया कि हम लोग विगत कई वर्षो से शहीदों के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे है । कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी के परिजन एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाता है साथ लोक कलाकारों की ओर से राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुति की जाती है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, पत्रकारों, समाज सेवक, वॉलेंट्रीयर को आमंत्रित किया गया है।उन्हें इस मौके पर सम्मानित करने की भी योजना है,जैसा ब्रह्मर्षि गोपी कुमार ने बताया।

### अपहृत नाबालिग को यूपी के चंदौली से बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र के जोलबिघा गांव से अपहृत हुई नाबालिग प्रतिज्ञा कुमारी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जिला चंदौली के ग्राम खोर से सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार कांड संख्या 262/26 की अपहृता प्रतिज्ञा कुमारी, पिता का नाम उल्लेखित नहीं, माता प्रीति कुमारी, निवासी जोलबिघा, थाना केवड़ा ओपी, जिला पटना को पुलिस टीम ने यूपी पुलिस के सहयोग से बरामद किया।बरामदगी के बाद नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और अपहरण में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।केवड़ा ओपी पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# नई पीढ़ी बेहतर हिंदुस्तान के लिए आगे बढ़ रही, हम उनके साथ : दीपंकर भट्टाचार्य

**पालीगंज में भाकपा-माले की संकल्प सभा, शिक्षा-रोजगार और पुलिसिया दमन के मुद्दे पर सरकार को घेरा**

**सफाई कर्मियों की मांगों पर सरकार तत्काल ध्यान दे : सम्राट चौधरी से की अपील**






**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दौरे पर आए भाकपा (माले) के महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने गुरुवार को पालीगंज हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित 'संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए शिक्षा, रोजगार, किसानों की सिंचाई, गरीबों के वास-आवास, कथित पुलिसिया दमन, एनकाउंटर और बुलडोजर कार्रवाई सहित विभिन्न जन मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी बेहतर हिंदुस्तान के निर्माण के लिए संघर्ष कर रही है और भाकपा (माले) इस संघर्ष में युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है। दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि पहले छात्र आंदोलनों से देश को नेतृत्व मिलता था, लेकिन आज की सरकार नहीं चाहती कि छात्र नेतृत्व विकसित हो, ताकि गरीबों और आम लोगों की आवाज बुलंद न हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं ने पेपर लीक जैसे मामलों पर सरकार से जवाब मांगा है और अब स्कूली छात्र भी अपने विद्यालयों में हो रहे कथित भ्रष्टाचार का हिसाब मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बिहार सरकार पर जन समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के सफाई कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से हस्तक्षेप कर सफाई कर्मियों की मांगों का समाधान कराने की अपील की। साथ ही शराबबंदी कानून के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बड़े शराब माफियाओं पर कार्रवाई नहीं होती, जबकि गरीबों को फर्जी मामलों में फंसाकर प्रताड़ित किया जाता है। सभा को संबोधित करते हुए पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने आरोप लगाया कि आंदोलन में शामिल नहीं रहने वाले लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि अब केवल पटना और दिल्ली ही नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने में लोग सरकार के कथित भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं। उन्होंने छात्रों पर कथित बल प्रयोग को लेकर सरकार से जवाब मांगा तथा कहा कि बिहार की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। इसके खिलाफ व्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के दमन से आंदोलनकारी न पीछे हटेंगे और न ही डरेंगे। संकल्प सभा को ऐपवा की राज्य नेत्री लीला वर्मा, पूर्व विधायक महानंद सिंह, गोपाल रविदास, मुखिया आनंद यादव, आइसा अध्यक्ष धनंजय, भाकपा (माले) पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड अमर, पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद तथा किसान नेता मंगल यादव ने भी संबोधित किया। सभा में विनेश चौधरी, सुरेंद्र पासवान, अमरसेन दास, सतनारायण प्रसाद, राजेश कुमार, अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन भाकपा (माले) नेता अनवर हुसैन ने किया।

## गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना के लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक 05 अगस्त 2026 को छात्राओं के लिए एक विशेष प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता मिलेनियम एयरहोस्टेस अकादमी के निदेशक मनीष कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा राय ने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता मनीष कुमार ने छात्राओं को विमानन (एविएशन) क्षेत्र में उपलब्ध विविध रोजगार संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एयरलाइन उद्योग में केबिन क्रू के साथ-साथ 'ग्राउंड स्टाफ' एवं अन्य ग्राउंड ऑपरेशंस से संबंधित करियर विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को आवश्यक कौशल, व्यक्तित्व विकास, संचार क्षमता तथा चयन प्रक्रिया के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की एवम गंगा देवी महिला महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 100% छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्रदान करने की घोषणा भी की। कार्यशाला का संचालन एवं आयोजन प्लेसमेंट सेल की समन्वयक तथा इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. उर्वशी गौतम के निर्देशन में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की दो छात्राओं कुमारी श्रुति श्रीवास्तव तथा कुमारी क्वीन रंजन को उनके चयन पर प्राचार्या एवम शिक्षकों द्वारा हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं गयी। कार्यशाला में महाविद्यालय की आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. भाव्या झा, डॉ. रंजना झा, डॉ. बिधुबाला, डॉ. जागृति आनंद,डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. अंजू कुमारी,डॉ. आरती कुमारी तथा डॉ. दीक्षा सिंह सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## ए. एन. कॉलेज, पटना में 7-8 अगस्त को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय (ए. एन. कॉलेज), पटना के हिंदी विभाग एवं भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में 7 एवं 8 अगस्त 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय भाषाओं, हिंदी भाषा एवं साहित्य के समकालीन विमर्श, नई शिक्षा नीति, भाषाई अनुसंधान तथा साहित्यिक परंपराओं पर गंभीर अकादमिक संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथियों एवं वक्ताओं में लेखक एवं चिंतक प्रेम कुमार मणि, प्रो. कलानाथ मिश्र,प्रो. अबू बकर रिजवी , प्रो. मनीषा प्रियम, प्रो. आशीष त्रिपाठी , प्रो. धनजी प्रसाद (केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा), प्रो. कालानाथ मिश्र, प्रो. जाहिद उल हक( निदेशक, खुदा बख्श खान ओरिएंटल लाइब्रेरी), प्रो. रवीन्द्र श्रीवास्तव (नव नालंदा महाविहार), डॉ. कृष्ण कुमार पासवान, सहित अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं आलोचक सहभागिता करेंगे।

## शहीद विजय का 22वां शहादत दिवस मनाया गया

**पौधरोपण कर श्रद्धांजलि के साथ दी गई पर्यावरण संरक्षण की सीख**



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत,सरथुआ की पावन मिट्टी में जन्में विजय कुमार का 22वां शहादत दिवस बुधवार को उनके पैतृक गांव सरथुआ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद विजय स्मारक पर पुष्पांजलि से हुई। इस मौके पर उनके अग्रज मनोज कुमार,शहीद विजय स्कूल के संचालक राजीव कुमार, टुन्नू कुमार,रवि रंजन सहित स्कूली बच्चों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी स्मृतियों को याद किया।उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शहीद के अग्रज मनोज कुमार, खरभैया पंचायत की मुखिया चंद्रकांती देवी, उनके प्रतिनिधि उपेंद्र चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जीवनबीमा अभिकर्ता मुकेश कुमार,मीडिया कर्मी एवं साहित्यकार डॉ. राजीव नयन, अम्बर पटेल,कुन्नू कुमार, सोनू, छोटी, आशिक कुमार,धीरज पांडेय सहित सरथुआ के सूरमा सोशल मीडिया ग्रुप के कुछ सदस्य उपस्थित रहे।इस मौके पर डॉ. राजीव नयन ने कहा कि धन्य है वह मिट्टी और धन्य हैं वे माता-पिता जिन्होंने उनको जन्म दिया और उनकी स्मृतियों को संजोने के लिए इतना भव्य स्मारक बनाया।वक्ताओं ने कहा कि 6 अगस्त 2004 को जम्मू-कश्मीर के अरिगरिपुरा, श्रीनगर में पाकिस्तान समार्थित आतंकियों से लोहा लेते हुए विजय कुमार देश के लिए शहीद हो गए थे। उनकी शहादत हम सभी के लिए प्रेरणा है।

## हड़ताल खत्म होने के बाद भी मसौढ़ी में सफाई कर्मियों का जबरदस्त हंगामा

**जेसीबी पर चढ़कर महिलाओं ने किया प्रदर्शन**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के आठवें दिन गुरुवार को भी मसौढ़ी नगर परिषद में जमकर हंगामा हुआ। पटना में दोपहर को हड़ताल समाप्ति की घोषणा के बावजूद मसौढ़ी के सफाई कर्मी मानने को तैयार नहीं हुए और नगर परिषद के सामने प्रदर्शन करते रहे। महिला सफाई कर्मियों ने नगर परिषद के पास खड़ी जेसीबी पर चढ़कर नारेबाजी की और अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने में जुटी रही।वार्ड पार्षदों ने बताया कि 15 अगस्त की तैयारी को लेकर शहर में साफ-सफाई कराने के लिए नगर परिषद ने बाहर से कुछ मजदूर बुलाए थे। आरोप है कि नगर परिषद के आंदोलनरत सफाई कर्मियों ने उन मजदूरों के साथ मारपीट की और काम रोक दिया,पार्षदों ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से मांग रखना सही है, लेकिन बाहरी मजदूरों के साथ मारपीट करना गलत है।सफाई कर्मी बिते 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पटना में गुरुवार दोपहर हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी गई थी, लेकिन मसौढ़ी में इसका कोई असर नहीं दिखा। पदाधिकारियों ने कर्मियों को बताया कि हड़ताल खत्म हो गई है, इसके बावजूद कर्मियों ने नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान का विरोध किया।

## टेक्नोलॉजी की मदद से बीमा सेवाओं में तेजी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीमा खरीदने वाले ग्राहक चाहते हैं कि उन्हें पॉलिसी जल्दी मिले, दावों का भुगतान आसान हो और हर सेवा बिना झंझट के उपलब्ध हो। ग्राहकों की इस मंशा को पूरा करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लगातार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। इसका फायदा ग्राहकों को बेहतर और तेज सेवाओं के रूप में मिल रहा है, वहीं कंपनी की लागत भी कम हो रही है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में कंपनी का बचत कारोबार का लागत अनुपात घटकर 13.6% रह गया, जो पिछले साल की तुलना में 50 बेसिस पॉइंट कम है। इस दौरान लगभग 58% पॉलिसीज डिजिटल केवाईसी के जरिए जारी हुई और बचत से जुड़ी 54% पॉलिसीज उसी दिन ग्राहकों को जारी कर दी गईं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर गणेशन सौंदिरम ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ काम को डिजिटल ही नहीं, बल्कि ग्राहकों के लिए हर प्रक्रिया को आसान और तेज भी बनाना है।

## मोकामा में करंट लगने से व्यवसायी की मौत, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिंतामणिचक से शहीद द्वार को जाने वाली सड़क पर गुरुवार को करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नंदन सिंह (42) के रूप में हुई है।मृतक मूल रूप से शेखपुरा जिले के मेहुस थाना क्षेत्र के चितौरा गांव के निवासी थे, लेकिन पिछले करीब 20 वर्षों से मोकामा में ही रहकर सीमेंट पाट, रिंग, पिलर और सेनेटरी का व्यवसाय करते थे।घटना के संबंध में उनके यहां काम करने वाले एक कर्मी ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से उनके प्लांट पर बिजली नहीं थी। तार कहीं टूट गया था। गुरुवार दोपहर नंदन सिंह खुद ही यह देखने गए थे कि तार कहां टूटा है। कुछ देर बाद ही सूचना मिली कि उन्हें करंट लग गया है और वह सड़क किनारे गिरे पड़े हैं।स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें नाजरेथ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।स्थानीय लोगों के अनुसार उस सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा था और जेसीबी से बिजली का तार टूट गया था, जो कीचड़-मिट्टी में दब गया था, जिसे नंदन सिंह देख नहीं पाए और करंट की चपेट में आ गए। लोगों ने यह भी बताया कि बिजली के पोल से लगभग 200 मीटर तार चोरों ने कई दिनों पहले काट लिया था और तार टूटने की सूचना बिजली विभाग को दी गई थी, लेकिन विभाग ने इसे दुरुस्त नहीं किया। लोगों ने इसे बिजली विभाग की घोर लापरवाही बताया है।इस संबंध में मोकामा बिजली विभाग के एसडीओ प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें तार टूटने की सूचना नहीं मिली थी, हालांकि तार किस कारण से टूटी इसकी जांच की जा रही है।वहीं मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल बाढ़ में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## 'बेटी हुई तो जश्न हुआ दोगुना' - मसौढ़ी पीएमसी में फूलों से सजी गाड़ी से घर ले गए नन्हीं अस्मिता



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बदलते जमाने के साथ लोगों की सोच में भी बदलाव की बानगी गुरुवार को मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिली। जहाँ पुत्री रत्न की प्राप्ति पर परिवार वालों ने ऐसा जश्न मनाया कि पूरा अस्पताल गदगद हो गया।पुनपुन थाना क्षेत्र के पैमार घाट निवासी अंशु कुमार की पत्नी अमितांजली कुमारी को गुरुवार को बेटी हुई। बेटी का नाम अस्मिता भारती रखा गया है। खुशी का आलम यह था कि परिवार वालों ने बेटी को घर ले जाने के लिए गाड़ी को फूल-मालाओं से सजाया और ढोल-नगाड़े के साथ बेटी की विदाई की। अमितांजली के पिता दिलीप रविदास जो लखनौर बिदौली मसौढ़ी के रहने वाले हैं, जिन्होंने पहली डिलीवरी के लिए बेटी को मसौढ़ी पीएचसी में भर्ती कराया था। बेटी होने की खबर मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। अस्पताल प्रबंधन ने भी इस मौके पर अनोखी पहल की। ढलउ के पदाधिकारियों ने नन्ही अस्मिता के माता-पिता को फूल देकर सम्मानित किया और तुरंत जन्म प्रमाण पत्र बनाकर सौंपा।अस्पताल कर्मियों और डिलीवरी के लिए आई अन्य प्रसूताओं के परिजनों ने भी नवजात और उसकी मां को खूब आशीर्वाद और प्यार दिया।अस्पताल के एक कर्मी ने कहा कि "पहले लोग बेटा-बेटी में फर्क करते थे। आज बेटी के जन्म पर इस तरह का उत्साह देखकर मन खुश हो गया। यही असली बदलाव है।" इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक ललन कुमार सिंह लेखा प्रबंधक चंद्रभूषण प्रसाद और प्रकाश कुमार, संगीता कुमारी, यशोदा देवी आदी प्रसूति के परिजन रहे,बहरहाल बेटी के जन्म पर इस तरह के जश्न ने साबित कर दिया कि अब बेटियां बोझ नहीं, बल्कि घर की लक्ष्मी मानी जा रही हैं।

## पालीगंज के अंचल अधिकारी महेश कुमार की एक माह में वापसी, ट्रांसफर-पोस्टिंग पर उठे सवाल



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी नवीनतम तबादला-पदस्थापन अधिसूचना के बाद पालीगंज के अंचल अधिकारी (सीओ) महेश कुमार की महज एक माह के भीतर उसी पद पर दोबारा तैनाती प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है। विभाग के इस फैसले से ट्रांसफर-पोस्टिंग की प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े होने लगे हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 6 अगस्त को बिहार राजस्व सेवा के 20 अधिकारियों के तबादला एवं पदस्थापन की अधिसूचना जारी की। इस सूची में सबसे अधिक चर्चा पालीगंज के अंचल अधिकारी महेश कुमार की पुनः पदस्थापना को लेकर हो रही है। जानकारी के अनुसार, 30 जून 2026 को जारी स्थानांतरण आदेश के तहत महेश कुमार को पालीगंज से हटाकर शिवहर जिले में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया था। उनकी जगह सौरव कुमार को पालीगंज का नया अंचल अधिकारी बनाया गया था। महेश कुमार पालीगंज से पूर्व बोधगया अंचल में अंचल अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

## मसौढ़ी के उस्मानचक मध्य विद्यालय में एमडीएम की दाल में निकला कीड़ा







**बच्चों ने फेंका खाना, मचा हंगामा, बच्चों की सेहत से खिलवाड़**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के मध्य विद्यालय उस्मानचक में गुरुवार को एक बार फिर मध्यान भोजन की गुणवत्ता को लेकर हंगामा हो गया। दाल में कीड़ा निकलने के बाद गुस्साए बच्चों ने खाना फेंक दिया। सूचना पर पहुंचे अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। बताया गया कि गुरुवार को जब बच्चों को एमडीएम की थाली परोसी गई तो दाल में एक कीड़ा दिखाई दिया। इसे देखते ही सभी बच्चों ने विरोध जताते हुए खाना फेंक दिया और हंगामा शुरू कर दिया। शोर सुनकर स्थानीय अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए और शिक्षकों से जवाब मांगा। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। कभी दाल में कीड़ा तो कभी खाने में कांच निकलता है। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में एनजीओ के माध्यम से केंद्रीय रसोई घर से भोजन आता है। खाना खुद स्कूल में नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि 24 तारीख और 29 तारीख को भी खाने में कीड़ा और कांच जैसी शिकायतें मिली थीं। वही एनजीओ के द्वारा पीएम पोषण योजना के तहत जो भोजन आ रहा है उसमें कोई स्वाद ही नहीं रहती हैं जिसके कारण काफी बच्चे घर खाना खाने चले जाते हैं, बच्चों की उपस्थिति भी कम होती जा रही है, अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ तो किसी बच्चे के साथ बड़ी अनहोनी हो सकती है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीकुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। इसकी रिपोर्ट जिला शिक्षा कार्यालय को भेजी जाएगी। दोषी एनजीओ पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।घटना के बाद से अभिभावकों में आक्रोश है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि एमडीएम की गुणवत्ता की नियमित जांच हो और बच्चों को पौष्टिक व स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए।

## महिला कॉलेज, खगौल में राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस एवं विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित महिला कॉलेज, खगौल में आज दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। विज्ञान विभाग के डॉ किरण कुमारी शैलेंद्र कुमार और रुचिका मेहता के द्वारा राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस तथा गृह विज्ञान विभाग के द्वारा डॉ सुमन कुमारी ने विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत विविध गतिविधियां आयोजित की। राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं पावर पॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने रसायन विज्ञान के आधुनिक अनुप्रयोगों, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान की उपयोगिता पर आकर्षक पोस्टर एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'माइम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना था।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उषा विद्यार्थी ने दोनों कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के बौद्धिक, वैज्ञानिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के सफल आयो जन में विज्ञान विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकगण तथा छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निर्णायक मंडल में डॉक्टर सीमा कुमारी डॉ सालनी,डॉ मधुश्री ने निम्न परिणाम घोषित किया पोस्टर कंपटीशन में प्रथम स्थान रिया कुमारी द्वितीय स्थान रितु कुमारी और तृतीय स्थान मंतशा प्रवीण ने प्राप्त किया और पावर पॉइंट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सैलानाथ सिद्दीकी द्वितीय स्थान वैष्णवी कुमारी और तृतीय स्थान अल्पना कुमारी ने प्राप्त किया कार्यक्रम में डॉक्टर बुलबुली कानून डॉ उदय राज उदय डॉ खुशबू फातिमा डॉ राखी सिंह डॉ चंदा सिंह डॉ वीणा कुमारी डॉ रीना कुमारी डॉ अजीता प्रियदर्शनी डॉ कविता जैन डॉ आभा कुमारी डॉ आराधना सिंह, रुचिका मेहता,आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क विवाद का प्रशासन ने कराया समाधान

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के विशुनपुरा सरदारगंज गांव में सड़क को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का बुधवार को प्रशासन की पहल पर समाधान हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी राहुल कुमार एवं मशरक थानाध्यक्ष उज्जवल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर उनकी बातें सुनीं और विवाद की पूरी जानकारी ली। बैठक के दौरान



अधिकारियों ने दोनों पक्षों से संयम बनाए रखने, कानून-व्यवस्था का पालन करने तथा किसी भी स्थिति में कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क जैसे सार्वजनिक मामलों का समाधान प्रशासनिक एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाएगा। प्रशासन की पहल और आपसी सहमति से दोनों पक्षों के बीच विवाद समाप्त हो गया। सीओ राहुल कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं थानाध्यक्ष उज्जवल कुमार ने लोगों से किसी भी विवाद की स्थिति में अफवाहों से बचने और तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचना देने की अपील की।

### नवादा पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के नवादा पंचायत भवन परिसर में बुधवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक मामलों से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में बीडीओ पंकज कुमार, सीओ राहुल कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप, थानाध्यक्ष उज्जवल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से आवेदन प्राप्त कर कई मामलों



में मौके पर ही समाधान की पहल की, जबकि अन्य मामलों को शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी आवेदनों के त्वरित निष्पादन का भरोसा दिलाया।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हेपेटाइटिस-बी से बचाव पर जागरूकता अभियान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ मशरक द्वारा बुधवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मशरक में हेपेटाइटिस-बी से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के चेतना सत्र में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. अवनिंद्र शरण सिंह ने विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस-बी के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर टीकाकरण के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह गंभीर वायरल संक्रमण है, जिसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण अक्सर देर से सामने आते हैं। उन्होंने सुरक्षित रक्त, स्वच्छ सुई, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा असुरक्षित यौन संबंधों से बचाव की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही नियमित जांच कराने और साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रजत कुमार ने की। इस अवसर पर लायन संजय कुमार सिंह, मनीष राज मणि, नवलेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली प्रखंड सभागार में 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुजुर्गों के कल्याण, अधिकार और सरकारी योजनाओं के लाभ पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा उपस्थित बुजुर्गों को 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम' की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह कानूनी प्रावधान




वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसके साथ ही राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत मिलने वाले सहायक उपकरणों एवं अन्य सुविधाओं की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा मोतिहारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुगौली, स्थानीय प्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक (वृद्धजन) मौजूद रहे ।

### सदस्यता अभियान के अंतर्गत सदस्यता पोस्टर का विधिवत विमोचन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं छात्र - कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विदित हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का सदस्यता अभियान 5 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उत्तर बिहार प्रान्त की जनजातीय कार्य प्रमुख, डॉ. आशा मीणा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने सदस्यता अभियान को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए अधिक से अधिक युवाओं



एवं विद्यार्थियों को अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय कार्य संयोजक, उत्तर बिहार प्रान्त पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन का विस्तार होगा तथा छात्र - हित और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा । उत्तर बिहार प्रान्त मीडिया प्रमुख नितीश कुमार ने अपने संविधान में कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इसके सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का आधार इसकी सदस्य संख्या ही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का ह्यूमन करते हुए कहा कि हम सब का सामूहिक दायित्व है की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्वरूप को और विस्तार दिया जाए। इस पोस्ट विमोचन कार्यक्रम में प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य महेश कुमार, डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा, डॉ. बबलू पाल एवं डॉ. मोहिनी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

## उर्वरक आपूर्ति एवं बिक्री व्यवस्था की समीक्षा, कंपनियों और विक्रेताओं के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित पुष्करणी सभागार में उर्वरक की उपलब्धता, आपूर्ति एवं बिक्री व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों, थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा किसानों को निर्बाध एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि कृषि प्रधान वैशाली जिले में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं विक्रेताओं को अपनी समस्याएं एवं सुझाव खुलकर रखने को कहा, ताकि व्यावहारिक कठिनाइयों का



त्वरित समाधान कर उर्वरक वितरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं आपूर्ति से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने तथा उर्वरक आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ जैविक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जिला कृषि विभाग एवं उर्वरक कंपनियों को पंचायत स्तर तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि यदि डीएपी की उपलब्धता कम हो, तो किसानों को टीएसपी, एसएसपी एवं एनपीके जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, उनकी लागत, लाभ तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में उनकी भूमिका के संबंध में व्यापक जानकारी दी जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने फरमेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर एवं पीएसबी जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि कम लागत एवं अधिक लाभ देने वाले इन जैव उर्वरकों के संबंध में किसानों को जागरूक किया जाए तथा कृषि प्रसार कार्यक्रमों के माध्यम से इनके उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। डीएम ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी के स्वास्थ्य का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना कृषि विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में लंबित मामलों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : डीएम

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर कार्यक्रम में प्राप्त परिवादों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के तहत वैशाली जिले से संबंधित 23 परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई, जिनकी सुनवाई 11 अगस्त 2026 को राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में माननीय मुख्यमंत्री के स्तर पर प्रस्तावित है।बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के छ-1 अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवाद का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए किसी भी मामले में लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले से कुल 23 परिवाद विभिन्न विभागों से संबंधित हैं, जिनमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सर्वाधिक 8, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा पंचायती राज विभाग के 3-3, गृह विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के 2-2, जबकि कैबिनेट सचिवालय, सहकारिता, शिक्षा, ऊर्जा एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के 1-1 मामले शामिल हैं।जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के छ 1 पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का स्थलीय सत्यापन, अभिलेखों का परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर लें, ताकि राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में जिले की ओर से सभी मामलों का संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला वन पदाधिकारी, राजस्व शाखा प्रभारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला सहकारिता पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े सभी परिवादों का निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी जवाबदेही एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे, ताकि राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के माध्यम से आम लोगों को त्वरित न्याय एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

# जिलाधिकारी ने किया सदर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकरी सौरभ सुमन यादव ने अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा के साथ सदर अंचल मोतिहारी का औचक निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अंचल अधिकारी,राजस्व अधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान दाखिल- खारिज, परिमार्जन, ए-मांपी ,छढउ प्रमाण पत्र, सरकारी भूमि अतिक्रमणवाद की समीक्षा की गई और आरटीपीएस काउंटर की जांच की गई। आरटीपीएस काउंटर पर जांच के दौरान प्राप्त आवेदनों एवं निष्पादित आवेदनों के संधारण को देखा गया एवं इससे संबंधित जरूरी निर्देश दिए गए। जिलाधिकरी के द्वारा दाखिल- खारिज के कार्यों



में तेजी लाने का निर्देश देते हुए एक सप्ताह का समय दिया गया। सरकार के विकास कार्यों हेतु जमीन आवंटन में तेजी के निर्देश दिये गए। अंचल कार्यालय निरीक्षण के दौरान अंचल पंजी के संधारण में कमी पाई गई। इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर अभिलेखों को अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

# इंडियन बैंक जोनल ऑफिस मुजफ्फरपुर ने 120वें स्थापना दिवस पर वृद्धाश्रम में बांटी खाद्य सामग्री

**पटना/मुजफ्फरपुर/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को जोनल ऑफिस, मुजफ्फरपुर द्वारा सामाजिक दायित्व (उरफ) के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन




किया गया। इस दौरान बैंक प्रबंधन ने मिठनपुरा क्षेत्र स्थित सीपीएन कॉलोनी के एक वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच खाद्य सामग्री और दैनिक जरूरत के सामानों का वितरण किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व इंडियन बैंक, मुजफ्फरपुर के जोनल मैनेजर कमलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और बैंक की इस सामाजिक पहल के माध्यम से उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोनल मैनेजर कमलेश कुमार सिंह ने कहा, इंडियन बैंक अपने 120 वर्षों के गौरवशाली सफर में न केवल बैंकिंग सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। अपने स्थापना दिवस के इस खास मौके पर बुजुर्गों की सेवा करने से बेहतर कोई कार्य नहीं हो सकता। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# गैस भरा ट्रक ने साइकिल से घर लौट रहे छात्र को कुचला, मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर-रसूलपुर स्टेट हाईवे पर पकवाईनार के समीप बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी विद्यालय के एक छात्र की मौत हो गई। स्कूल से साइकिल से घर लौट रहे छात्र को एक गैस वितरण ट्रक ने कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के शिवरी मठिया गांव निवासी अजीत कुमार यादव के 11 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आदर्श स्कूल से साइकिल पर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान चैनपुर के तरफ से रसूलपुर के तरफ आ रहे पकवाईनार के पास तेज रफ्तार गैस वितरण ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# वृक्षा स्थान मंदिर को गिराने में जेसीबी वाहन के उपयोग की सूचना पर नगर आयुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी ने वृक्षा स्थान मंदिर ध्वस्तीकरण के दौरान नगर निगम की Earth Mover वाहन के उपयोग की सूचना को गंभीर बताते हुए नगर आयुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी कर्मी अथवा पदाधिकारी की भूमिका नियमों के विपरीत पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि नगर निगम की Earth Mover वाहन किसके निर्देश पर उक्त स्थल पर भेजी गई, किस पदाधिकारी अथवा कर्मी ने




इसके उपयोग की अनुमति दी तथा वाहन भेजने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त की गई थी या नहीं। उन्होंने कहा कि सरकारी संसाधनों का उपयोग केवल निर्धारित नियमों एवं विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी ने कहा कि यदि जांच में यह प्रमाणित होता है कि बिना सक्षम अनुमति के नगर निगम की Earth Mover वाहन का उपयोग मंदिर ध्वस्तीकरण के कार्य में किया गया है, तो संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर एवं नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने नगर आयुक्त से पूरे मामले की जांच कर की गई कार्रवाई से उन्हें भी अवगत कराने का आग्रह किया है। महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी ने कहा कि नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं कानून के शासन को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है और ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होना आवश्यक है।

# मनोरमा देवी सीकरिया ए. एन. एम. ट्रेनिंग स्कूल में स्तनपान सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनोरमा देवी सीकरिया ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल, राधा नगर, में स्तनपान सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, जीएनएम सरकारी स्कूल प्रिंसिपल प्रियंका सुमन भारती, प्रिंसिपल प्रीति दुबे एवं शिक्षिकाओं के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों को शॉल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज सचिव भाजपा नेता यमुना सीकरिया ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें सभी छात्राएं ने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुति रखी एवं उन्हें मेडल एवं प्रस्तति पत्र से आए हुए अतिथियों ने सम्मानित किया। मीना मिश्रा जी ने कहा कि सभी माताए बहने सर्वप्रथम अपने बच्चों को अपना दूध पिलाया करें बच्चों के लिए यह अमृत है। प्रियंका सुमन भारती ने नर्सिंग के बारे में छात्राओं को बताया और और कहा कि मां के दूध में सभी रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता होती है तथा इस कार्यक्रम के लिए कॉलेज की प्रशंसा की।

# सुपौल और नई दिल्ली के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

## हाजीपुर-बलिया-गाजीपुर-वाराणसी-प्रयागराज के रास्ते

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों की ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में सुपौल और नई दिल्ली के मध्य सहरसा-मानसी-खगड़िया-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-बलिया-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-प्रयागराज के रास्ते गाड़ी संख्या 04072/04071 नई दिल्ली-सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल के परिचालन का निर्णय लिया गया है । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 08 कोच, साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 16 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 04072 नई दिल्ली-सुपौल स्पेशल 6 अगस्त से 30 सितंबर तक प्रतिदिन को नई दिल्ली से 21.35 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 20.53 बजे सोनपुर, 21.05 बजे हाजीपुर, 22.10 बजे शाहपुर पटोरी, तीसरे दिन 00.35 बजे बरौनी, 01.03 बजे बेगुसराय, 02.18 बजे खगड़िया, 02.40 बजे मानसी, 03.10 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 03.45 बजे सहरसा रूकते हुए 06.35 बजे सुपौल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04071 सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल 08 अगस्त से 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुपौल से 07.45 बजे खुलकर 09.35 बजे सहरसा, 10.08 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 10.53 बजे मानसी, 15.05 बजे सोनपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन अग्नि एवं भूकंप आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय आवासीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन, गुरुवार दिनांक 06 अगस्त 2026 को एस.डी.आर.एफ. (बिहार) के प्रशिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित




विभिन्न सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए। 03 अगस्त से 09 अगस्त 2026 तक संचालित इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्वी चम्पारण जिले के 250 स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रकार, आग बुझाने के विभिन्न दलों एवं तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने फायर एक्सटिंग्विशर के विभिन्न प्रकार, उनके सही उपयोग तथा धुएँ से बचाव के उपायों का प्रदर्शन करते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया। दिन के अगले सत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने के प्रमुख कारणों, उससे होने वाली संभावित क्षति तथा फसलों एवं संपत्तियों को सुरक्षित रखने के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार एवं अस्पताल पहुँचाने से पूर्व की जाने वाली आवश्यक चिकित्सीय सहायता के बारे में भी स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया। दोपहर के व्यावहारिक सत्र में प्रतिभागियों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर आग लगने की काल्पनिक परिस्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया देने का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल के दौरान प्रत्येक टीम के कार्यों का मूल्यांकन किया गया तथा प्रशिक्षकों ने आवश्यक सुझाव देकर उनकी कार्यकुशलता को और बेहतर बनाने का मार्गदर्शन किया। सायंकालीन सत्र में दैनिक मूल्यांकन के साथ सांस्कृतिक एवं परिचयात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं में आपदा के समय नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना एवं त्वरित निर्णय लेने की दक्षता विकसित करता है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र का गंभीरतापूर्वक लाभ उठाने तथा समाज में आपदा जागरूकता के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# लूटकांड के तीन आरोपितों पर 15-15 हजार रुपए का इनाम

**चिरैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दीपही गांव के समीप 30 जुलाई को सीएसपी संचालक से चार लाख रुपये की लूट एवं गोलीबारी की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन फरार आरोपितों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आरोपितों की गिरफ्तारी में सहयोग के लिए आम लोगों से अपील की है। पुलिस के अनुसार, चिरैया थाना कांड संख्या-435/26 के अनुसंधान के दौरान घटनास्थल एवं बैंक परिसर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपितों की पहचान की गई है। इनकी गिरफ्तारी के लिए 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# कृषि अनुसंधान परिसर की बैठक में भविष्य की कृषि नवाचार एवं प्रौद्योगिकियों पर वैज्ञानिकों का मंथन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना की तीन दिवसीय संस्थान अनुसंधान परिषद की बैठक का शुभारंभ 05 अगस्त, 2026 को संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास की अध्यक्षता में हुआ। बैठक का उद्देश्य संस्थान में संचालित अनुसंधान कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना, नए अनुसंधान प्रस्तावों का मूल्यांकन




करना तथा पूर्वी भारत में सतत एवं जलवायु-अनुकूल कृषि के लिए भविष्य की अनुसंधान प्राथमिकताओं का निर्धारण करना है। बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए डॉ. राकेश कुमार, सहायक महानिदेशक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अन्य संस्थानों के सहयोग से बहुविषयक अनुसंधान कार्यक्रम तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावी, जलवायु-अनुकूल एवं किसान-केंद्रित कृषि प्रौद्योगिकियों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्थान के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि वैज्ञानिक किसानों की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित नवीन प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों का विकास करें। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का उपयोग परस्पर संवाद, ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान तथा आपसी सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए करें, जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा मिले और समाज एवं कृषि क्षेत्र के हित में अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर डॉ. बिकास दास, निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर; डॉ. पी. के. मिश्रा, निदेशक, बामेती, पटना; डॉ. राघवेंद्र सिंह, निदेशक, महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, मोतिहारी; डॉ. अरुण पंडित, प्रधान वैज्ञानिक, केंद्रीय अंतर्देशीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोलकाता तथा डॉ. अर्नब सेन, प्रभारी, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, कोलकाता ने विषय-विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। उन्होंने विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके सुधार एवं प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक का मुख्य उद्देश्य संस्थान में संचालित एवं बाह्य वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति, वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं उनकी प्रासंगिकता का समग्र मूल्यांकन करना तथा उभरती कृषि चुनौतियों एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अनुसंधान गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर बेंगलुरु स्थित गैर-सरकारी संस्थान डेवलपमेंट फोकस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

## एक नजर

### बकरा गांव में नाले की समस्या पर पंचायत समिति में गूंजा मुद्दा

**गिरियक।** प्रखंड की चोरसुआ पंचायत के बकरा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास वर्षों से बनी जलजमाव और नाले की निकासी की समस्या पंचायत समिति की बैठक में प्रमुखता से उठी। समिति सदस्यों ने बताया कि मुख्य मार्ग से सटे विद्यालय तक पहुंचने के लिए प्रतिदिन छात्रों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।बैठक में समिति सदस्य सुनील कुमार ने मामले का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड संख्या 1 और 2 में जलनिकासी की स्थिति सबसे अधिक खराब है। सरकारी राशि से कुछ दूरी तक नाला निर्माण कराया गया, लेकिन निकासी स्थल पर अतिक्रमण होने से पानी का बहाव रुक गया है, जिससे सड़क और गलियों में हमेशा जलजमाव रहता है।प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेश कुमार एवं अधिकारी सत्री कुमार ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय बनाकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि छात्रों और ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिल सके।

### मोगलकुंआ पुल के पास धंसी सड़क की मरम्मत पूरी, आवागमन हुआ सुरक्षित

**बिहारशरीफ।** पटना-रांची मार्ग पर मोगलकुंआ पुल के निकट क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। सड़क धँसने की शिकायत मिलने के बाद पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य संपन्न कराया।कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ ने बताया कि बिहार-बख्तियारपुर (पटना-रांची रोड) पर मोगलकुंआ पुल के समीप सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। शिकायत मिलते ही विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया, जिससे मार्ग पर आवागमन अब पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।जिला प्रशासन ने बताया कि आमजन की सुविधा और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिले के प्रमुख सड़क मार्गों की नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का समय पर समाधान किया जा सके।

### इग्नू नालंदा कॉलेज ने विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए खोले नए द्वार

**बिहारशरीफ।** विज्ञान में अगर उच्च शिक्षा ग्रहण करना है एवं रेगुलर मोड के किसी कॉलेज में प्रवेश नहीं मिला है तो जिले के प्रतिष्ठित नालंदा कॉलेज में इग्नू केंद्र में इस सत्र से प्रवेश लिया जा सकता है। इग्नू केंद्रीय कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय पटना के द्वारा जारी पत्र के अनुसार नालंदा कॉलेज केंद्र में भूगोल, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जूलॉजी, बॉटनी एवं जीयोलॉजी विषय में तीन वर्षीय स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान की है। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी अब इग्नू के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने इग्नू केंद्र के सभी सदस्यों को विशेषकर समन्वयक डॉ रत्नेश अमन को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल कॉलेज के लिए उपलब्धि की बात नहीं है बल्कि पूरे नालंदा जिला सहित आसपास के जिले जैसे शेखपुरा एवं नवादा के छात्र भी इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने अपील कि की जिनका प्रवेश अभी तक किसी कॉलेज में नहीं हुआ है उनके लिए विज्ञान के विषय में प्रवेश लेने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कॉलेज से हर संभव मदद का भरोसा दिया। इग्नू नालंदा कॉलेज के समन्वयक डॉ. रत्नेश अमन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नालंदा में विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा की डिग्री प्राप्त करने की इच्छा बड़ी संख्या में छात्रों की होती है लेकिन जिले में नियमित कॉलेजों में विज्ञान की सीटें सीमित रहने के कारण बहुत सारे छात्र प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। इग्नू के नालंदा कॉलेज केंद्र में विज्ञान के विषयों की पढ़ाई शुरू होने से वैसे छात्रों की समस्या दूर हो जाएगी। डॉ अमन ने बताया कि इंटर किए हुए कोई भी छात्र इसी सत्र में प्रवेश ले सकता है। छात्रों की सुविधा के लिए प्रवेश पोर्टल 16 अगस्त तक खुली रहेगी। जो भी विद्यार्थी प्रवेश लेना चाहते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं एवं कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए नालंदा कॉलेज में इग्नू कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है जो दूरस्थ और ऑनलाइन माध्यम से स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रदान करता है। 1985 में स्थापित विश्वविद्यालय की खास बात इसके नियमित सत्र, कोर्सेज की बहुलता, लचीला कोर्स एवं परीक्षा पद्धति, उच्चस्तरीय कोर्स मटेरियल एवं परीक्षा केंद्र चुनने की आजादी बहुत सारे विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का कारण होती है।

### होम्योपैथिक चिकित्सक की पत्नी हिमानी सिन्हा के निधन पर शोक



**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड स्थित प्राख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक स्व. सतीश चन्द्र राय की बहु और होमियोपैथिक चिकित्सक अभिषेक सिन्हा की पत्नी हिमानी सिन्हा का हर्ट अटैक से मेडिकल कॉलेज जमुहार में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे मदनपुर प्रखंड के बसतपुर गांव में शिक्षक के पद पर पदस्थापित थी। बता दें कि शिक्षिका हिमानी सिन्हा का पशु-पक्षी जीव-जंतुओं से विशेष लगाव था। उनके निधन पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिह, डा. अनिल कुमार सिन्हा, डा. राजीव कुमार, प्रो. नीलम रानी, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. कमल किशोर, महासचिव अजय कुमार वर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, दीपक बलजोरी, राजू सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, आलोक रंजन, राकेश रंजन, आलोक कुमार सहित ने शोक जताया है। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया है।

### न्याय तक संघर्ष होगा, उच्चतम न्यायालय की देख रेख में हो जांच : अकेला

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** डिहरी -डालमिया नगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बिमल कुमार के हत्यारों के सजा मिलने तक वैश्य चेतना समिति संघर्ष जारी रखेगा, उपरोक्त बाते वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह सुंडी वैश्य संगठन के प्रमंडलीय सह संयोजक विजय कुमार अकेला ने कहा। श्री अकेला ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड की जांच उच्चतम न्यायालय के देख रेख में गठित समिति करे। साथ ही साथ जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आया है, और ड्राइवर के शुरुआत में बदलते बयान के उपरांत उसका लाई डिक्टेटर जांच भी जरूरी हो गया है। वैश्य चेतना समिति द्वारा स्वयं भी इस मामले में केविएट दाखिल करेगी। साथ ही उनके श्राद्ध कर्म के उपरांत इस मुद्दे पर इस आन्दोलन को गति देने के लिए समिति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुंदर साहू के नेतृत्व में एक रूपरेखा पीड़ित परिवार के इच्छा के अनुरूप तय करेगी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**औरंगाबाद।** हाइड्रा वाहन और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज बाजार की है। जहां बुधवार बुधवार की देर शाम में घटना घटित हुई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के तेलडीहा निवासी लक्ष्मण तिवारी के 22 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार तिवारी के रुप में की गई है। बताया जाता है कि युवक देर शाम शिवगंज बाजार के लिए आया था। जहां से कुछ सामग्रियां खरीद कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में वह हादसे का शिकार हो गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# धान-सीएमआर सत्यापन के निर्देश से पैक्सों और मिलरों में हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत अधिप्राप्त धान के समतुल्य सीएमआर तैयार कराए जाने तथा अवधि विस्तार हेतु अवशेष धान या सीएमआर का भौतिक सत्यापन कराए जाने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया है। इससे हड़कंप मच गया है। गुरुवार को डीएम द्वारा जारी पत्र में मात्र दो दिन के अंदर जिले की 22 समितियों और संबंधित राइस मिलों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति किया गया है। डीएम द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जिले की वैसी समितियां जिनके द्वारा शत प्रतिशत सीएमआर राज्य खाद्य निगम आपूर्ति को नहीं की गई है, उन समितियों एवं उनसे संबद्ध राइस मिलों के गोदाम में भंडारित धान या चावल का भौतिक सत्यापन करना है। इसके लिए पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि उपरोक्त पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर आवंटित समिति एवं उनसे संबंधित राइस मिल के गोदाम में उपलब्ध धान या सीएमआर का भौतिक सत्यापन कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन देना है। जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम औरंगाबाद एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि जांच हेतू नामित पदाधिकारियों को अवशेष धान या सीएमआर आवंटन का अद्यतन डाटा उपलब्ध कराते हुए जांच के दौरान उन्हें अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित करें। डीएम के इस पत्र के बाद संबंधित समितियों और राइस मिलों में हड़कंप मचा हुआ है। महत्वपूर्ण है कि कई बार यह आरोप सामने आते रहा है कि ऐसे मामलों में काफी अनियमितताएं हुई है। ऐसी ही गड़बड़ियों के कारण कई पैक्सों को प्रतिबंधित भी किया गया था। यहां तक कि धान खरीद तक पर रोक लग चुका है। डीएम द्वारा जारी पत्र के अनुसार जो 22 पैक्स और संबंधित राइस मिल शामिल है उनमें बारुण का पिपरा एवं मां अंबे राइस मिल ओबरा शामिल है। इसी तरह दाउदनगर में सिंदुआर, संसा और अंछा के साथ संबंधित पैक्स राइस मिल, देव प्रखंड का बरंडा रामपुर के3 साथ श्री राधे कृष्णा एग्रो लिमिटेड, गोह प्रखंड का वर्मा खुर्द के साथ आयुष राइस मिल औरंगाबाद और फाग के साथ मां अंबे राइस मिल ओबरा, हसपुरा प्रखंड के जैतपुर समिति के साथ श्री राधे कृष्णा एग्रो लिमिटेड, कुटुंबा प्रखंड का दधपा एवं पिपरा बगाही के साथ पैक्स राइस मिल, मदनपुर प्रखंड में घटराइन समिति के साथ मां अंबे राइस मिल ओबरा, नवीनगर में नाउर-आयुष राइस मिल औरंगाबाद, राजपुर- पैक्स राइस मिल, रामपुर- कुंज बाहर राइस मिल, चंद्रगढ़- मां अंबे राइस मिल, बेलाई- पैक्स राइस मिल एवं पिपरा- आयुष राइस मिल औरंगाबाद, ओबरा प्रखंड में भरूब- रवि मिनी राइस मिल ओबरा, ऊब-पैक्स राइस मिल, सरसौली- पैक्स राइस मिल, कंचनपुर-पैक्स राइस मिल तथा गैनी- आयुष राइस मिल औरंगाबाद शामिल है।

## विकास और समस्या समाधान को ले मंत्रियों से मिले अश्विनी

**बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत कई मंत्रियों से मुलाकात की**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** क्षेत्र के विकास और विभिन्न तरह की जन समस्याओं के तत्काल समाधान को लेकर जिला भाजपा प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने पटना में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत कई मंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उन्हें क्षेत्र की जमीनी हकीकत से अवगत कराया। अवधेश नारायण सिंह के अलावा नीतीश मिश्रा- नगर विकास व आवास मंत्री, मिथलेश कुमार तिवारी- शिक्षा मंत्री, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी-खनन, कला एवं संस्कृति मंत्री, मृत्युजय झा- अध्यक्ष, बिहार राज्य संस्कृत शिक्षा बोर्ड से भेंट की। कहा कि पूर्ण विश्वास है कि मंत्रियों के सकारात्मक सहयोग और मार्गदर्शन से औरंगाबाद की समस्याओं का जल्द ही निराकरण होगा। क्षेत्र में विकास को एक नई गति मिलेगी।

## दो अवैध आरा मशीनों पर छापेमारी, दो लाख की लकड़ी व मशीन पार्ट्स जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वन विभाग ने अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में करीब दो लाख रूपये की संपत्ति जब्त की गई है। यह कार्रवाई जम्होर थाना क्षेत्र के भरथौलीशरीफ के समीप बतवां एवं नरारीकला थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में की है। यह कार्रवाई वन के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बतवां में मनोज शर्मा एवं महुअरी में अवधेश सिंह के द्वारा संचालित अवैध आरा मशीन के खिलाफ़ की गई जिसमें सभी पार्ट्स को जब्त किया गया। कार्रवाई की भनक लगते ही मशीन के संचालक मौके से फरार हो गए। घंटों तक चली इस छापेमारी के दौरान वन विभाग ने क़रीब दो लाख की सामग्री जब्त की है। जब्त की गई मशीनों और लकड़ियों को जेसीबी की मदद से ट्रैक्टरों पर लादकर वन कार्यालय लाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित मशीन की संरचनाओं को भी ध्वस्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया। वन के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बतवां एवं महुअरी में बिना वैद्य अनुमति के आरा मिलों का संचालन किया जा रहा है और अवैध रूप से लकड़ियों की चिराई की जा रही है। शिकायतों के सत्यापन के बाद डीएफओ रुचि सिंह के निर्देश पर यह संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि वन संपदा की सुरक्षा के लिए अवैध आरा मिलों और लकड़ी तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। जब्त सामान के संबंध में वन अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कारवाई में वनपाल पुष्प माला, राजीव कुमार, वनरक्षी अवतार कुमार, विकास कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, सोनू कुमार पांडेय, राहुल कुमार, गजेन्द्र कुमार सिंह, मो. सबीर, कुंदन कुमार एवं प्रिंस कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## बीएसएफ जवान को पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपरसा गांव के वीर सपूत एवं सीमा सुरक्षा बल के जवान जयंत कुमार देश सेवा के दौरान शहीद हो गए। किशनगंज सीमा पर ड्यूटी के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से उनका निधन हो गया। शहादत की खबर मिलते ही पूरे जिले एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शहीद जवान का पार्थिव शरीर शहर पहुंचने पर भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि जयंत कुमार वर्ष 2002 में सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे और करीब 24 वर्षों तक पूरी निष्ठा, इमानदारी और समर्पण के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करते रहे। उन्होंने कहा कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान उनका बलिदान पूरे औरंगाबाद जिले तथा प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, "जयंत कुमार की शहादत पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। हम सभी की आंखें नम हैं। देश ने एक साहसी, कर्तव्यनिष्ठ और वीर जवान को खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।" शहीद जवान के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्णा सिंह, चुन्नू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में युवाओं, ग्रामीणों और राष्ट्रभक्त नागरिकों ने नम आंखों से वीर सपूत को अंतिम विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अनियमितता पर सात उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, गोदाम सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में किसानों को निर्धारित दर एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औरंगाबाद, बारुण एवं नवीनगर प्रखंडों में उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा कुल 16 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सात उर्वरक प्रतिष्ठानों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के आलोक में राघव खाद दुकान, चरण में पॉश मशीन में उपलब्ध स्टॉक की तुलना में भौतिक उर्वरक की मात्रा कम पाई गई। वहीं मेसर्स शिव पार्वती एंटरप्राइजेज, चरण के गोदाम में अनधिकृत रूप से उर्वरक भंडारित पाया गया। इन गंभीर अनियमितताओं के मद्देनजर संबंधित प्रतिष्ठानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है तथा उनकी उर्वरक वितरण अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए उर्वरक विक्रय पर रोक लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त मां लक्ष्मी खाद भंडार, जम्होर द्वारा उपलब्ध स्टॉक के बावजूद किसानों को उर्वरक उपलब्ध नहीं कराए जाने, कृषक उर्वरक केंद्र, शिरीस द्वारा किसानों को उर्वरक विक्रय की रसीद नहीं देने, महादेवा ट्रेडर्स, सोनौरा द्वारा बिना पॉश मशीन के उर्वरक विक्रय करने तथा दुर्गावती खाद भंडार, खंभा एवं जयंती खाद भंडार, मंझियावां को बिना पूर्व सूचना प्रतिष्ठान बंद रखने के कारण संबंधित उर्वरक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उर्वरक वितरण व्यवस्था में अनियमितता, कालाबाजारी अथवा निर्धारित नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिले में उर्वरक विक्रेताओं की जांच एवं निगरानी अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


**Name Change**

I hitherto known as Shaila Devi w/o Kishori Prasad vill- Jhour, PO- Kochgawan, PS- Warsaliganj, Distt. -Nawada, Bihar, PIN- 805130 have changed my name and I shall hereafter be known as PHULJHAR Devi.

**Affidavit**

I, VIDYA SAGAR S/O. ABHIMANYU SINGH, Mo.-Manas Naya Panapur Raghopur Dist-patna, Bihar 800012, do solemnly affirm and declare as follows as vide Affidavit No. 161 dated 13.07.2026 That my Minor son's Aadhar card name has been written as Devanshu kumar. But in her Birth Certificate her name is metioned as Divanshu kumar. That from now he will be know as Divanshu kumar for All future purpose.


## कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान, विभिन्न अपराधों में 35 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 20 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पॉक्सो में दो, एनडीपीएस एक्ट में एक, एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत छह तथा अन्य मामलों में 24 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा 260 लीटर देसी शराब, 14.125 लीटर विदेशी शराब, दो बाइक, एक ऑटो तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। 150 वारंट का निष्पादन किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 936 वाहनों की जांच की गई जिसमें 3000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

## अग्निकांडों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल अग्निशामालय दाउदनगर क्षेत्र अंतर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों पर गुरुवार को मॉक डील कराया गया। जागरूकता के लिए पंपलेट वितरण किया। अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी सोनाली कुमारी, अग्निक चालक प्रमोद कुमार, अग्निक पुजा कुमारी, राजन कुमार साह एवं आनंद कुमार शामिल रहे। बताया गया कि ओबरा वार्ड नंबर तीन (जीविका दीदी), वार्ड नंबर छह में कबाड़ा दुकान, बेल पंचायत में वार्ड नंबर नौ तथा लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में आयोजन किया गया।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की मवेशी चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के हसपुरा–पचरुखिया मुख्य मार्ग स्थित अहियापुर मोड़ के समीप एक घर का शटरनुमा दरवाजा का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपये मूल्य की दर्जनों बकरियां और बकरे चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, जय भगवान महतो गांव से दूर अहियापुर मोड़ के समीप स्थित अपने मकान में पिछले कुछ दिनों से बकरी पालन कर रहे थे। बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर रखी दर्जनों बकरियां और बकरे चोरी कर लिए। घटना की जानकारी उस समय हुई जब मकान के एक कमरे में सो रहे तीन मजदूरों की नींद खुली। उन्होंने देखा कि उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया है। मजदूरों ने इसकी सूचना मोबाइल फोन के माध्यम से अपने मालिक को दी। इसके बाद मकान मालिक मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला। जब बकरी रखने वाले हिस्से की जांच की गई तो वहां का ताला टूटा मिला और सभी बकरियां व बकरे गायब थे। मकान मालीक जय भगवान महतो की पत्नी प्रमिला वर्मा ने बताया कि चोर ताला तोड़कर सभी बकरियां और बकरे लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना तत्काल हसपुरा थाना को दे दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। चोरी की इस घटना से क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत का माहौल है।चोरी होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्ती रात्रि में और बढ़ाने की जरूरत है।

## उत्तर कोयल नहर से 24 घंटे बाद युवक का शव बरामद

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को टंडवा थाना क्षेत्र स्थित उत्तर कोयल नहर से करीब 24 घंटे बाद डूबकर लापता युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान भभुआ जिले के सोनहन थाना क्षेत्र के हथियाबांध गांव निवासी रविंद्र तिवारी के 22 वर्षीय पुत्र विटल तिवारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह विटल तिवारी शौच के लिए उत्तर कोयल नहर की ओर गया था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नहर किनारे उसका चप्पल मिला, जिससे अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद परिजनों ने तत्काल टंडवा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम की सहायता से नहर में खोज अभियान शुरू कराया। बुधवार को पूरे दिन चले अभियान के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। गुरुवार सुबह घटना के करीब 24 घंटे बाद कांडी गांव के फाटक के पास उत्तर कोयल नहर से युवक का शव बरामद किया गया। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस और एनडीआरएफ की संयुक्त कार्रवाई में शव बरामद किया गया।


**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी**

सेवाओं के लिए कस्टम बोली - खुली निविदा के आधार पर **कार्य के दायरे के अनुसार लिलुआ रेलवे कॉलोनी की मशीनीकृत सफाई** के लिए उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एम), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा पूर्व प्रकाशित **बोली संख्या: जीईएम/2026/बी/7856395, दिनांक: 30.07.2026** में **संशोधनी। जीईएम पोर्टल: www.gem.gov.in** पर उपलब्ध नियमों और शर्तों में कुछ बदलाव किए गए हैं। तदनुसार, एक **बोली संशोधनी संख्या: जीईएम/2026/बी/7856395-सी1, दिनांक: 05.08.2026** जारी की गई है। इस निविदा में कार्य की अनुमानित लागत रु. 3,54,81,828.45 (जीएसटी सहित) है।

(MISC-131/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: 43-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक : 05.08.2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रण।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल: (i) वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर पाराज स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (ii) वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर वारिया स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (iii) वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर राजबांध स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (iv) वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर गलसी स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (v) वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर मानकर स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (vi) सीतारामपुर-झाझा खंड में पुल संख्या 643/अप एवं डाउन के बीजीएमएल एसटीडी. गार्डर की बदली के साथ जैकेटिंग सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,58,10,451.17। **बयाना राशि:** रु. 3,16,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 18 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.08.2026 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in।

(ASN-200/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1374-2026-27, दिनांक: 04.08.2026। कार्य का विवरण:** न्यू अलीपुर में ब्लॉक संख्या 7बी में पुरानी एवं अधिक आयु वाली पैसेंजर सह गुड्स लिफ्ट की बदली के सम्बन्ध में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,23,765। **बयाना राशि:** रु. 2,500। **पूरा करने की अवधि:** 30 दिन। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1358-2026-27, दिनांक: 04.08.2026। कार्य का विवरण:** डायमंड हार्बर और कैनिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टेब्लिंग लाइन के लिए प्रस्ताव के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 48,62,932। **बयाना राशि:** रु. 97,300। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1341-2026-27-आर, दिनांक: 04.08.2026। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन बरानगर रोड, दक्षिणेश्वर, बालीघाट, बाली हाल्ट, टाला, पार्क सर्कस, लेक गार्डेन्स, माझेरहाट, श्यामनगर पर प्लेटफॉर्म (कुल = 16 अदद) को सीमेंट कंक्रीटिंग द्वारा ऊँचा करने के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य सहित सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 75,49,039। **बयाना राशि:** रु. 1,51,000। **पूरा करने की अवधि:** 08 महीना। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तारीख:** 04.08.2026 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 11.08.2026 (क्रम संख्या 1 के लिए) एवं 18.08.2026 (क्रम संख्या 2 एवं 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.08.2026 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 के लिए) एवं 01.09.2026 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 2 एवं 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-169/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 18 साल के हर युवा का वोटर बनना जरूरी

## डीडीसी ने शिक्षण संस्थानों को दिए निर्देश, कोई भी पात्र छात्र न छूटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने जिले के विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों प्लस टू विद्यालयों शिक्षक प्रशिक्षण एवं तकनीकी संस्थानों के इलेक्ट्रीराल लिटरेसी क्लब इएलसी नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी संस्थानों को निर्देश दिया कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके या 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष पूरे करने वाले किसी भी पात्र छात्र छात्रा का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से न छूटे। बैठक में डीडीसी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। 5 अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची का संस्थानों में व्यापक सत्यापन कराया जाए और जिन पात्र विद्यार्थियों का नाम सूची में नहीं है उनका नियमानुसार पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने इएलसी नोडल पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता अभियान तेज करने विद्यार्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज और दावा आपत्ति की समय सीमा की जानकारी देने तथा मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया साथ ही सभी संस्थानों से कुल नामांकित विद्यार्थियों 18 वर्ष पूर्ण कर चुके या 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष पूरे करने वाले विद्यार्थियों और मतदाता सूची में शामिल छात्रों का अद्यतन विवरण उपलब्ध कराने को कहा डीडीसी ने कहा कि इलेक्ट्रीराल लिटरेसी क्लब इएलसी केवल जागरूकता मंच नहीं बल्कि युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों से जिला निर्वाचन शाखा के साथ समन्वय बनाकर समय पर आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने और एसआईआर 2026 अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी पायल राज सहित जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के इएलसी नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 9-10 अगस्त को नगर भवन में आयोजित होगा आदिवासी महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आगामी 9 और 10 अगस्त को नगर भवन में आयोजित होने वाले आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने समीक्षा बैठक की उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर तैयारियां पूरी करने और आयोजन को भव्य व व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि महोत्सव के दौरान आदिवासी पारंपरिक नृत्य संगीत नाट्य मंचन पारंपरिक कला एवं वेशभूषा प्रदर्शनी फूड स्टॉल और आकर्षक सेल्फी प्वाइंट मुख्य आकर्षण होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की समृद्ध आदिवासी संस्कृति परंपरा और विरासत को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करना है। उप विकास आयुक्त ने नगर निगम को जिले में स्थापित आदिवासी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई रंग रोगन और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को समय पर आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराने और महोत्सव स्थल को आदिवासी संस्कृति की झलकियों से आकर्षक ढंग से सजाने को कहा। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए महोत्सव की सभी तैयारियां तय समय सीमा में पूरी करने का निर्देश दिया ताकि आयोजन सफल गरिमापूर्ण और जनभागीदारी से भरपूर हो सके।

# वर्ष 2026-27 की स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के तहत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की सभी अपूर्ण योजनाओं को हर हाल में 15 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यकारिणी एजेंसियों को दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिन कार्यकारिणी एजेंसियों के कार्यों में गंभीरता एवं अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाएगी, उनके जिम्मे सौंपे गए कार्यों को तत्काल निरस्त कर अन्य सक्षम कार्यकारिणी एजेंसियों को हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से स्वीकृत सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत सदुपयोग सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में डीएमएफटी मद की जितनी भी योजनाएं अपूर्ण अथवा लंबित हैं, उन सभी की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सतत फॉलो-अप किया जाए तथा उनकी प्रगति प्रतिवेदन समय-समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन संवेदकों द्वारा कार्य निष्पादन में लापरवाही अथवा ढुलमुल रवैया अपनाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, आईएएस सुश्री पूर्वा अग्रवाल, जिला खनन पदाधिकारी श्री अजीत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, सभी कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# यूरिया एवं डी.ए.पी. की कालाबाजारी व जमाखोरी पर सख्त नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से यूरिया एवं डी.ए.पी. उर्वरकों की कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी एवं पड़वा अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष से जुड़े, जबकि जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं अन्य अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को निर्धारित मूल्य पर समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में यूरिया एवं डी.ए.पी. की कृत्रिम किल्लत, कालाबाजारी अथवा जमाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान में निर्धारित मूल्य सूची (रेट चार्ट), आवश्यक सूचनाएं एवं वैध लाइसेंस प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को उर्वरक का वितरण केवल ई-पॉश मशीन के माध्यम से आधार सत्यापन के उपरांत ही किया जाए। बिना ई-पॉश एवं आधार सत्यापन के किसी भी स्थिति में उर्वरक का वितरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करने तथा खाद वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# जिले में बढ़ते अपराध पर एसपी सख्त, क्राइम मीटिंग में थानेदारों की लगी क्लास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** जिले में बढ़ते अपराध और लंबित मामलों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मासिक क्राइम मीटिंग में एसपी अरविंद प्रताप सिंह का सख्त रुख देखने को मिला। जिले में बढ़ रहे अपराधिक ग्राफ पर नाराजगी जताते हुए एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को कानून-व्यवस्था को लेकर अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान एसपी ने चकमेहसी थाना क्षेत्र में हुए चर्चित डबल मर्डर मामले की विशेष समीक्षा की और थानाध्यक्ष को जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड के आरोपितों की गिरफ्तारी और मामले के उद्‌भेदन में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय है। वहीं बेहतर कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने थाना आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने और उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पिछले एक माह के दौरान हुई आपराधिक घटनाओं, लंबित मामलों, अपराधियों की गिरफ्तारी और विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को नियमित रात्रि गश्ती बढ़ाने, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब तस्करी पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी थाने में मामला अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। पुराने मामलों में फरार अपराधियों और वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने पुलिस अधिकारियों से पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। इस दौरान हत्या, लूट, गृहभेदन, आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी के कांडों की भी समीक्षा की गयी एवं महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। गृहभेदन, चोरी की रोकथाम के लिए रात्रि गश्ती एवं बीट वाईज गश्ती का रोड मैप का निर्देश दिया गया। साइबर अपराध के संबंध में जागरूकता फैलाने एवं साइबर संबंधी केस का जल्द निपटारा करने का दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पांडेय, सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार, रोसड़ा एसडीपीओ संजय कुमार सिन्हा, दलसिंहसराय एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा, पटोरी एसडीपीओ बीके मेधावी, मुख्यालय डीएसपी केके दिवाकर, साइबर डीएसपी दुर्गेश दीपक, विशेष अपराध शाखा डीएसपी कुमारी सिया भारती, सभी सर्किल इंस्पेक्टर, प्रवेक्षक, थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

एसपी ने क्राइम मीटिंग के दौरान जिले में हाल के दिनों में बढ़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर थानेदारों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने थानेदारों को निर्देश दिया कि जेल से निकले आदतन अपराधी की गतिविधियों पर निगरानी रखें। वहीं संगठित आपराधिक गिरोह चलाने वाले पुराने हिस्ट्रीशीटरों की भी भूमिका की जांच करें। पेंडिंग कांडों के डिस्पोजल को लेकर एसपी ने बताया की दो दिनों पहले डीआईजी मनोज कुमार तिवारी ने अनुसंधानकर्ताओं को जो टास्क दिया था उस टास्क को सभी थानेदार अपने-अपने थाने में सख्ती से पूरा कराए।

# ओडीएफ स्थायित्व और स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के एक निज़ी होटल में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, यूनिसेफ एवं वाड्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण एवं मुख्य कारक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में ओडीएफ स्थायित्व, ओडीएफ प्लस, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शौचालय निर्माण, व्यवहार परिवर्तन, स्वच्छता की गुणवत्ता तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, डीआरडीए निदेशक, यूनिसेफ के वाश स्पेशलिस्ट डॉ. प्रभाकर सिन्हा तथा वाड्स फाउंडेशन के निदेशक शशि भूषण पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी, प्रखंड समन्वयक, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि सहित करीब 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ओडीएफ स्थायित्व, ओडीएफ प्लस, खुले में शौच मुक्त स्थिति को स्थायी बनाए रखने की रणनीति, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित शौचालय निर्माण, रेट्रोफिटिंग, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवहार परिवर्तन संचार तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को पावर पॉइंट प्रस्तुति, वीडियो, तकनीकी सत्र एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से स्वच्छता से जुड़ी नवीन जानकारियां दी गईं। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने सभी विभागों से समन्वित प्रयास कर ओडीएफ की उपलब्धियों को स्थायी बनाए रखने तथा प्रत्येक परिवार तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। उप विकास आयुक्त ने गुणवत्तापूर्ण कार्य, नियमित अनुश्रवण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।यूनिसेफ के वाश स्पेशलिस्ट डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने ओडीएफ स्थायित्व, व्यवहार परिवर्तन, तकनीकी गुणवत्ता एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता सभी विभागों और समुदाय के साझा प्रयासों से ही संभव है। वाड्स फाउंडेशन के निदेशक शशि भूषण पांडेय ने कहा कि संस्था यूनिसेफ के सहयोग से बिहार में स्वच्छता एवं सुरक्षित शौचालय निर्माण को बढ़ावा देने तथा ओडीएफ स्थायित्व को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने का आग्रह किया।लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला समन्वयक हसनैन अनवर ने समस्तीपुर जिले में संचालित स्वच्छता अभियान एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने कार्यशाला को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए इसे जिले में स्वच्छता एवं ओडीएफ स्थायित्व को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## सिटी मैनेजर ने प्रभारी सफाई जमादार पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम के नगर प्रबंधक रघुनाथ पासवान के आवेदन पर नगर थाना में प्रभारी सफाई जमादार राजकुमार राम समेत अन्य हड़ताली सफाई कर्मियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नगर प्रबंधक के अनुसार, 29 जुलाई से सफाई कर्मियों ने शहर में सफाई और कचरा उठाव का कार्य पूरी तरह ठप कर रखा है। इसके कारण नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का अंबार लग गया है। लगातार बढ़ रही गंदगी से आम लोगों को परेशानी हो रही है और महामारी फैलने की आशंका भी जताई गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि हड़ताली कर्मी आउटसोर्सिंग एजेंसी के कर्मचारियों को भी सफाई कार्य नहीं करने दे रहे हैं। उन्हें काम करने पर मारपीट और धमकी देने की भी शिकायत की गई है। इसके अलावा प्रतिदिन सुबह नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगाने का आरोप भी लगाया गया है, जिससे कार्यालय का नियमित कामकाज प्रभावित हो रहा है। नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि नगर प्रबंधक के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, हड़ताल जारी रहने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और नगरवासियों को गंदगी के बीच जीवनयापन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# 73.7 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** नगर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के एससी-एसटी थाने के पास छापेमारी कर हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से करीब 70 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। साबुन के डिब्बे में छिपाकर रखा था। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद हेरोइन की डिलीवरी देने जा रहे थे। इस दौरान टीम ने उसे दबोच लिया। एएसपी संजय पांडे ने इसकी पुष्टि की है।इनपुट के आधार पर टीम ने जाल बिछाया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो दिन पहले जिले के पटोरी में भारी मात्रा में हेरोइन की बरामदगी हुई थी जिस मामले में कुछ तस्कर की गिरफ्तारी हुई थी। पूछताछ के बाद पुलिस को कई इनपुट मिला था कि बुधवार रात समस्तीपुर जंक्शन पर तस्कर हेरोइन लेकर पहुंचने वाले है। जिसके आधार पर टीम ने जाल बिछाया। डीआरएम कार्यालय के पास एक युवक कार्टन लेकर जाते दिखा, इशारा मिलते ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। कार्टन में साबुन का पैकेट रखा था। जिसके अंदर हेरोइन को छिपाकर रखा गया था।गिरोह में शामिल लोगों की तलाश जारी है,नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर से लगातार पूछताछ की जा रही है। कहां से लेकर आया था, कहां डिलीवरी देने जा रहा था। इस धंधे में कौन-कौन शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है।वहीँ गुरुवार को बिहार नारकोटिक्स विभाग पटना की एक टीम शकुंतला कुमारी इंस्पेक्टर के नेतृत्व मे नगर थाना पहुँच कर तस्कर से पूछताछ कर बिहार मे फैले नेटवर्क को चिन्हित करने का प्रयास किया और लौट गई।

# भूमि विवाद में मारपीट में एक घायल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हसनपुर बागर निवासी सहदेव यादव के रूप में हुई है। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।घटना के संबंध में घायल सहदेव यादव ने नावकोठी थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही चंदन कुमार एवं मीना देवी को नामजद आरोपित बनाया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि छह वर्ष पूर्व आरोपित से जमीन खरीदकर उस पर इंदिरा आवास का निर्माण कराया था और तब से परिवार के साथ शांतिपूर्वक रह रहे हैं। आरोप है कि हाल के दिनों में आरोपितों ने उनके घर आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की छड़ से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गिरिडीह में 73 गर्भवतियों को किया गया जागरूक

## विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह




**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह ने डॉ. शीला वर्मा के क्लिनिक सहयोग हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के महत्व और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई मुख्य वक्ता डॉ. शीला वर्मा ने कहा कि जन्म के बाद शिशु के लिए मां का दूध सर्वोत्तम आहार है इससे शिशु का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है वहीं मां के स्वास्थ्य को भी अनेक लाभ मिलते हैं। उन्होंने महिलाओं को स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक रहने समय समय पर जांच कराने और शुरुआती अवस्था में उपचार कराने की सलाह दी कार्यक्रम के दौरान जागरूकता पोस्टरों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं इस अवसर पर लगभग 73 गर्भवती महिलाओं के बीच हॉर्लिक्स के चार 9चार पाउच भी वितरित किए गए कार्यक्रम के अंत में इनर व्हील क्लब की ओर से डॉ. शीला वर्मा को स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।


**समाहरणालय औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत, श्री चेतन आनंद, माननीय स0वि0स0 नबीनगर द्वारा नबीनगर प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयो/शैक्षणिक संस्थानो में आयरन बुकशेल्फ (Bookshelves) का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अनुशंसित विद्यालयो/शैक्षणिक संस्थानो मे नियमानुसार आयरन बुकशेल्फ (Bookshelves) का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दिनांक 18.08.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक निर्माता कम्पनी/फर्म व ख्याति प्राप्त एजेंसीयों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा (अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में) नीचे अंकित शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को दिनांक 18.08.2026 को अपराह्न 04:00 बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

माननीय द्वारा अनुशंसित आयरन बुकशेल्फ की विशिष्टियों सहित सूची जिला योजना कार्यालय अथवा www.aurangabad.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिससे प्राप्त किया जा सकता है।

आयरन बुकशेल्फ (Bookshelves) की विशिष्टियाँ एवं शर्तें :–

| क्र0 | उपस्कर का नाम प्रकार एवं संख्या | आयरन बुकशेल्फ (Bookshelves)की विशिष्टियाँ |
|---|---|---|
| 1 | आयरन बुकषेल्फ (Bookshelves) की संख्या 270 | • **GENERIC**<br>Conformity to Indian :- Yes<br>Standard IS:- 7761 Latest<br>Type of lock:- cam lever lock with common key.<br>Number of Doors (NOS):- 4<br>Mechanism:- Scissor mechanism for receding inside the top of respective component.<br>• **MATERIAL:-**<br>Thickness of MS Sheet used used for Shutter in mm:-0.8<br>Thickness of MS Sheet used used for Shelf in mm:-0.8<br>Thickness of MS Sheet used used for Top Bottom Back and Sides in m: -0.7<br>Material of Handle:- Plastic handie<br>Thickness of Transparent glass in Shutters in mm: -4.0<br>• **DIMENSION**<br>Height of Steel Bookcase in mm (+10mm) :-1742<br>Width of Steel Bookcase in mm (+5mm):-914<br>Depth of Steel Bookcase in mm (+3):-305mm<br>• **MISC**<br>Paint:- Powder Coated<br>Colour of Paint:- Ash Grey.<br>Packing:-Five ply comugated board and Strapped with 12 mm hdpe strap. |

PR- 009291 (Planning) 2026-27

जिला यो0 पदाधिकारी
औरंगाबाद

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# मुंगेर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

## 11 अगस्त को आयोजित होना है कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में आगामी 11 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को अपराह्न तीन बजे से आयोजित की गई। बैठक का संचालन कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने किया। बैठक में समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए गठित विभिन्न समितियों की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं एवं लोक भवन (गवर्नर हाउस) से आने वाले विशिष्ट अतिथियों के स्वागत, नाश्ता एवं भोजन की समुचित व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यार्थियों के आगमन का समय, पंजीकरण, काउंटरवार प्रमाण-पत्र वितरण, किट वितरण,



पहचान-पत्र (आई-कार्ड) वितरण, मंच संचालन, मंच रिहर्सल, मीडिया प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, एनसीसी एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की तैनाती, सुरक्षा, पार्किंग, अतिथि सत्कार तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके पहचान-पत्र (आई-कार्ड) समारोह से एक दिन पूर्व वितरित किए जाएंगे, जिससे आयोजन के दिन प्रवेश एवं पंजीकरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। साथ ही सभी समितियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी-अपनी तैयारियाँ पूर्ण करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) प्रोफ़ेसर डॉ. महेश्वर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर डॉ. दशरथ प्रजापत, आर.डी. एंड डी.जे. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. विजेंद्र कुमार, प्रोफ़ेसर डॉ. मंजू कुमारी, प्रोफ़ेसर डॉ. गिरीश चंद्र पांडे, प्रोफ़ेसर डॉ. रंजन कुमार सिंह, प्रोफ़ेसर डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. दिवाकर कुमार, श्री राजेंद्र प्रसाद, प्रोफ़ेसर डॉ. अजीत कुमार, डॉ. सूरज कोनार, डॉ. कंचन सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ. प्रियंवदा शर्मा, दीक्षांत समारोह मीडिया प्रभारी एवं एनसीसी ए एन ओ ले. डॉ प्रियंवदा शर्मा, डॉ. कुमारी नेहा, डॉ. मृत्युंजय मिश्रा, एनसीसी एएनओ ले. डॉ. प्रभाकर पोद्दार, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. संजय कुमार मांझी, डॉ. स्मृति कुमारी, मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलांनुसाशक प्रो. डॉ शिव कुमार मंडल, प्रो. डॉ मंजू कुमारी, डॉ रोहित कुमार, प्रो. डॉ विद्या चौधरी, डॉ राजेश सिंह, प्रोफ़ेसर डॉ. देवराज सुमन, श्री कृष्ण कुमार, डॉ. विश्वजीत विद्यालंकार, मुनेन्द्र कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों के अनेक पदाधिकारी तथा आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार ने सभी संबंधित समितियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं प्रतिष्ठा का प्रतीक है। अतः प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध, अनुशासित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी समितियों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए आयोजन को सफल एवं यादगार बनाने का आह्वान किया।

# बस की चपेट में आने से किशोर घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के मंझौल-बखरी मुख्य मार्ग पर गुरुवार को महेशवाड़ा पावर हाउस के समीप सड़क हादसे में एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल को तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल पहुंचाया गया। घायल की पहचान पहसारा निवासी दिलीप महतो के 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विकास कुमार अपने साथी दीपक कुमार के साथ पैदल मंझौल-बखरी पथ से जा रहा था। इसी दौरान महेशवाड़ा पावर हाउस के समीप पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और साथी दीपक कुमार के सहयोग से घायल को अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति पर निगरानी रखी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंझौल-बखरी मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा संवेदनशील स्थानों पर यातायात सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की है।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने लंबित वारंटों के निष्पादन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिसके कारण उनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर निवासी गुड्डू महतो, महेशवाड़ा निवासी राम गति सिंह तथा निरंजन झा शामिल हैं। इनमें गुड्डू महतो और राम गति सिंह इश्तेहारी वारंटी भी थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 51,600 करोड़ के ...

5,500 करोड़ रुपये, अंकुर स्टील प्राइवेट लिमिटेड 6,000 करोड़ रुपये तथा श्री समृद्धि स्टील प्राइवेट लिमिटेड 290 करोड़ रुपये का निवेश स्टील क्षेत्र में करेंगे। वहीं ग्लोबल रिन्यूएबल एडवांस्ड क्लीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (ग्रेस) परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में 22,500 करोड़ रुपये, क्रिएटिव ग्रुप वस्त्र क्षेत्र में 250 करोड़ रुपये, भारत साइंस एंड इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड 200 करोड़ रुपये तथा अनुभव एपरेल्स प्राइवेट लिमिटेड वस्त्र क्षेत्र में 50 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। मुख्यमंत्री ने बिहार बिजनेस कनेक्ट 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश-विदेश के निवेशकों को बिहार की संभावनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बिहार से बाहर रहने वाले बिहारियों से भी जन्मभूमि के विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए फार्मा क्षेत्र में भी निवेश को प्राथमिकता दी जाएगी। समारोह में उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित रहे।

### रिश्वत लेते बिजली...

टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। जैसे ही जेई ने अपने चैंबर में रिश्वत की राशि ली, टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान 10 हजार रुपये रिश्वत की राशि विभाग के एक कर्मी की जेब से बरामद की गई। निगरानी टीम ने जेई के साथ दो अन्य कर्मियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूरे मामले में उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही पंचायत समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जेई भारत मलिक पर गंभीर आरोप लगाए थे। बैठक के दौरान उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। इसके अगले ही दिन निगरानी की इस कार्रवाई ने उन आरोपों को लेकर चर्चाओं को और तेज कर दिया है। एसवीयू की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित संलिप्त लोगों की भी जांच की जा रही है।

### शनिवार को सिर्फ...

में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री के फैसले के बाद विभाग ने सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी कर ली है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों के तबादले को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार के स्कूलों में करीब 1.06 लाख शिक्षक ऐसे हैं, जिनकी संख्या जरूरत से ज्यादा है। ऐसे शिक्षकों से पहले चरण में अपनी पसंद के अनुसार तबादले के लिए आवेदन मांगे गए थे। इस प्रक्रिया में कुल 73151 शिक्षकों ने ट्रांसफर के लिए आवेदन जमा किया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि शिक्षकों के पसंद के अनुसार तबादले की प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी। अभी सिर्फ ज्यादा संख्या वाले शिक्षकों से आवेदन लिए गए हैं। 17 सितंबर से सामान्य शिक्षकों के लिए ट्रांसफर पोर्टल खोला जाएगा। इसमें सामान्य शिक्षक के साथ वे ज्यादा संख्या वाले शिक्षक भी आवेदन कर सकेंगे जो पहले चरण में आवेदन नहीं कर पाए थे। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले को लेकर पहले ही नियम और टाइम टेबल जारी कर दी है। सबसे पहले ज्यादा संख्या वाले शिक्षकों और आपसी सहमति से होने वाले तबादले किए जा रहे हैं। इसके बाद सामान्य तबादले की प्रक्रिया शुरू होगी। शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया 29 जुलाई से शुरू हुई थी। विभाग के अनुसार 7 सितंबर तक ज्यादा संख्या वाले शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद 10 से 14 सितंबर तक आपसी सहमति से होने वाले तबादलों की सूची जारी की जाएगी। फिर 17 सितंबर से 23 सितंबर तक सामान्य शिक्षकों से ट्रांसफर के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

### एआइ तकनीक भविष्य...

नहीं बल्कि वर्तमान की जरूरत बन चुका है। इसलिए एआइ की व्यवस्था को अपने जीवन और कार्यशैली में शामिल करना होगा। इससे कामकाज तेज, आसान और अधिक प्रभावी होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से जुड़े नए पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की स्वीकृति, प्रगति और निगरानी पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जा सकेगी। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक के भविष्य, उसके उपयोग तथा उससे जुड़े नैतिक पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

# समय सीमा के भीतर प्रतिशपथ पत्र दायर करने का निर्देश

## समन्वय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम भारत की जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के कार्य में तेजी लाने, सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों का संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम, मुख्यमंत्री जन शिकायत कार्यक्रम, 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' एवं ई-कॉम्प्लीयन्स पोर्टल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत कुल 508 मामलों में से 122 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है तथा 60 दिनों से अधिक का कोई भी मामला लंबित नहीं है। जिला पदाधिकारी ने जेकेडीएमेम, सीपीजीआरेमेस एवं ब-कॉम्प्लीयन्स डैशबोर्ड पर लंबित सभी मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उच्च न्यायालय में लंबित सीडब्लूजेसी एवं एमजेसी मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को 115 लंबित सीडब्लूजेसी मामलों में आवश्यक शपथपत्र प्राप्त कर समय-सीमा के भीतर प्रतिशपथपत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मंदिरों की चहारदीवारी निर्माण योजना के तहत 39 मंदिरों के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भूमि अनापत्ति प्रमाण-पत्र शीघ्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जन सांख्यिकी पंजीकरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनवरी से जुलाई 2026 तक जिले में 85,350 जन्म तथा 9,523 मृत्यु का पंजीकरण किया गया है। जिला पदाधिकारी ने शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत विगत माह आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को बैठक के निर्णयों के अनुपालन से संबंधित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन समिति के अंतर्गत अनुमंडल कार्यालयों में 'दीदी की रसोई' तथा प्रखंड कार्यालय परिसरों में 'दीदी अधिकार केंद्र' के संचालन हेतु आवश्यकतानुसार कक्ष उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त 9 से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रभात फ़ेरी, जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने तथा सभी कार्यक्रमों के छायाचित्र एवं प्रतिवेदन समय पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में नीलाम पत्र के लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को रजिस्टर-9 एवं रजिस्टर-10 का मिलान करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बृजकिशोर चौधरी, अपर समाहर्ता महेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन बेगूसराय, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा वेयर हाउस की निगरानी प्रणाली का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने वेयर हाउस में स्थापित सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षा मानकों के अनुपालन का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयर हाउस परिसर में वर्षा के कारण उगी झाड़ियों एवं जंगलों की शीघ्र सफाई कराने का निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया, ताकि परिसर स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा अत्यंत संवेदनशील विषय है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों एवं मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखी जाए।इस दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता तथा विद्युत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सौरभ कुमार सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल पर एसपी ने दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अपराधों और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए औरंगाबाद पुलिस पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों और थाना प्रभारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में विधि-व्यवस्था को मजबूत करना था। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। पुराने या लंबित मामलों और वारंट, कुर्की-जब्ती की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गंभीर मामलों की जांच पूरी कर जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया। जिरो टॉलरेंस नीति के तहत संगठित अपराध, शराब तस्करी, अवैध खनन और साइबर अपराध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सख्त चेतावनी दी। थानों में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का ईमानदारी पूर्वक और समय पर समाधान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की शिकायतों को सुनने में लापरवाही या भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अच्छा काम करने वालों को इनाम मिलेगा, लेकिन ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई होगी।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मालदा मंडल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा आज ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मालदा रेल मंडल के लक्ष्मण सेन स्टेडियम से सटे एक तालाब किनारे मालदा मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग की ओर से आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने एक पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी, रेलवे के अधिकारी




एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम के सहभागी बने तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया। मंडल रेल प्रबंधक श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान प्रकृति और मातृत्व के बीच भावनात्मक संबंध का प्रतीक है। यह पहल प्रत्येक नागरिक को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने एवं उसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित करती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण में भी योगदान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मालदा मंडल ऐसे जनभागीदारी आधारित पर्यावरणीय अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करते हुए सतत विकास संबंधी राष्ट्रीय अभियानों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है तथा स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करता रहेगा।

# 'बेटी है सौभाग्य' : दंडवत कांवर यात्रा में पिता ने दिया समाज को अनोखा संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में हर वर्ष लाखों कांवरिये सुल्तानगंज से देवघर तक बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए निकलते हैं। इस बार इस आस्था के महासागर में एक ऐसी अनोखी यात्रा चर्चा का केंद्र बनी हुई है, जो भक्ति के साथ-साथ समाज को बेटियों के सम्मान का मजबूत संदेश दे रही है। मुजफ्फरपुर निवासी श्रद्धालु मिथिलेश कुमार अपनी दो माह की नवजात पुत्री को फूलों से सजी डोली में साथ लेकर दंडवत कांवर यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा सामान्य नहीं है। हर कुछ कदम पर वे पूरे शरीर के साथ जमीन पर लेटते हैं, फिर उठकर आगे बढ़ते हैं। खास बात यह है कि हर दंडवत के बाद उनकी पहली



नजर अपनी पुत्री पर पड़ती है, जिसे वे स्नेह से देखते हैं और फिर बाबा भोलेनाथ को याद करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। मिथिलेश बताते हैं कि पिछले वर्ष उन्होंने बाबा से पुत्री की मन्नत मांगी थी और संकल्प लिया था कि बेटी होने पर वे उसे साथ लेकर दंडवत करते हुए देवघर जाएंगे। इस वर्ष उनकी मन्नत पूरी हुई और उन्होंने अपने वचन को निभाने के लिए यह कठिन मार्ग चुना। नवजात बच्ची की सुरक्षा और सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। डोली में सोलर पंखा, रोशनी और आरामदायक बिस्तर की व्यवस्था की गई है, ताकि यात्रा के दौरान उसे किसी प्रकार की परेशानी न हो। कांवरिया मार्ग पर इस दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठते हैं। लोग रूककर बच्ची को आशीर्वाद देते हैं और पिता के इस समर्पण को नमन करते हैं। मिथिलेश कुमार कहते हैं कि यह सिर्फ उनकी आस्था नहीं, बल्कि समाज के लिए एक संदेश है। बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार का सौभाग्य होती हैं। उनका यह प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है। यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि एक पिता के प्रेम, विश्वास और बेटियों के प्रति गर्व की ऐसी मिसाल बन गई है, जो लंबे समय तक लोगों के दिलों में बनी रहेगी।

# नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन को चालू करने की मांग

## जर्जर पीएचसी भवन व जलजमाव से मरीज परेशान, वार्ड सदस्य ने वरीय अधिकारियों को भेजा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### परेशानी

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन की जर्जर स्थिति एवं नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चिंता जताई है। इस संबंध में गुरुवार को स्थानीय पंचायत के वार्ड सदस्य सलमान खान ने अपने लेटर पैड पर आवेदन देकर वरीय अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। वार्ड सदस्य ने आवेदन की प्रति अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, पटना एवं बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम के कार्यपालक अभियंता को ई-मेल के माध्यम से भेजी। वहीं जिला पदाधिकारी बेगूसराय, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी बखरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पीएचसी नावकोठी को आवेदन की हार्ड कॉपी भी सौंपी गई।

आवेदन में कहा गया है कि जून 2022 में तत्कालीन विधायक सूर्यकांत पासवान द्वारा नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया गया था। निर्माण कार्य की निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद भवन आज तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। इसके कारण मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को पुराने एवं जर्जर भवन में ही कार्य करना पड़ रहा है। वार्ड सदस्य ने बताया कि नए भवन के निर्माण के बाद पुराने भवन के सामने हल्की बारिश में भी जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले सैकड़ों मरीजों, गर्भवती महिलाओं, एंबुलेंस, दोपहिया वाहनों तथा पैदल आने-जाने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुराने भवन में मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। विशेषकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान बड़ी संख्या में आने वाली गर्भवती महिलाओं को बैठाने तक की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती, जिससे काफी परेशानी होती है।इस मामले में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कुमार, वार्ड सदस्य शत्रुघ्न कुमार, सुधीर रजक, उपमुखिया विजय सहनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जिला प्रशासन से नए भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर उसे स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नए भवन के चालू होने से क्षेत्र की हजारों आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी तथा मरीजों को जर्जर भवन और जलजमाव जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी।

# सोलर से उपभोक्ताओं को मिलेगी निशुल्क बिजली की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को सहज, सुलभ एवं किफायती सौर ऊर्ज़ा उपलब्ध कराने तथा बिजली खर्च में कमी लाने के उद्देश्य से ऊर्ज़ा विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को औरंगाबाद के नगर भवन में विशेष सोलर मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना स्वच्छ एवं हरित ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के बिजली खर्च को कम करने और उन्हें निशुल्क बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लोगों से इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। मेले में विभिन्न सोलर कंपनियों ने अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत कार्यरत सोलर माउंट एनर्जी ने भी अपना स्टॉल लगाकर उपभोक्ताओं को आधुनिक सौर ऊर्ज़ा से जुड़े विभिन्न समाधान की जानकारी दी। सोलर माउंट एनर्जी के संचालक अजहर खान ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्ज़ा अपनाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे अपने घर, दुकान, फैक्ट्री, स्कूल, अस्पताल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आधुनिक सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कर बिजली बिल पर होने वाले खर्च में उल्लेखनीय बचत कर सकें। उन्होंने कहा कि कंपनी उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम की स्थापना से लेकर तकनीकी परामर्श एवं आवश्यक सहायता भी उपलब्ध करा रही है। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा सोलर रूफटॉप सिस्टम, सरकारी सब्सिडी, नेट मीटरिंग और स्थापना प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. ब्रज किशोर सिंह

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सही परामर्श उपलब्ध करवाना आइएमए की प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) औरंगाबाद शाखा की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। बुधवार की रात सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार एवं जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में आयोजित अहम बैठक में सर्वसम्मति से नई टीम का शहर के आइएमए हॉल में चुनाव किया गया। नई कार्यकारिणी में प्रख्यात एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ब्रज किशोर सिंह को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं डॉ. अभय कुमार को सचिव और डॉ. वकील अहमद को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर नई कार्यकारिणी ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी भावी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। आइएमए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि आइएमए सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देगी। इस अवसर पर डॉ. ब्रज किशोर सिंह ने कहा, 'मेरा उद्देश्य मरीज और चिकित्सकों के बीच जो दूरी बढ़ रही है, उसको दूर करना है, वहीं आइएमए के किसी भी सदस्य को परेशानी न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर तथा सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सही जानकारी मिल सके। डॉ सिंह ने जनवरी 2027 में औरंगाबाद में एक राज्यस्तरीय मेडिकल सेमिनार आयोजित करने की भी घोषणा की। इस सेमिनार में बिहार के साथ-साथ देशभर के विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे और ग्रामीण स्वास्थ्य की चुनौतियों पर मंथन करेंगे। साथ ही साथ कुछ क्रिटिकल ऑपरेशन भी किए जाएंगे। आने वाले दिनों में 'हार्ड टू रिच एरिया' में मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे जहां आज भी डॉक्टर की शक्ल देखना मुश्किल है। खासकर दूरदराज के ग्रामीण इलाके और नक्सल प्रभावित क्षेत्र हमारी प्राथमिकता होंगे। निवर्तमान सचिव डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि बीते साल आइएमए ने दो बड़े मेगा हेल्थ कैंप लगाए। आईएमए परिसर में 700 मरीजों और पुलिस केंद्र में 350 लोगों का मुफ्त इलाज हुआ। उन्होंने कहा कि अभी बहुत कुछ करना बाकी है। सबसे बड़ी बात है कि आइएमए से 12 नए सदस्य जुड़े और कदम से कदम मिलाकर साथ चलने के प्रति संकल्पित हुए। कार्यक्रम में आगे की निरंतरता के लिए 2027-28 की टीम भी घोषित कर दी गई। इसमें डॉ. अनिल कुमार सिन्हा अध्यक्ष, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार सचिव और डॉ. बी. किशोर कोषाध्यक्ष होंगे।

---

**पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! | punjab national bank ...the name you can BANK upon!**

सर्किल शास्त्र केन्द्र, सर्किल ऑफिस, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पतियों के अनुसार होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| लॉट नं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले) | (क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक /रचनात्मक | क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **शाखा: सासाराम (084600)**<br>0846008700005222<br>**मेसर्स श्री सरयू जी राइस मिल**<br>निवासी-ग्राम-पोस्ट-मोथा, पुलिस स्टेशन-काराकाट (गोराड़ी), जिला-रोहतास, बिहार, पिन-802214<br>**श्री अशोक कुमार सिंह**<br>पिता-सरयू सिंह<br>निवासी-ग्राम-पोस्ट-मोथा, पुलिस स्टेशन-काराकाट (गोराड़ी), जिला-रोहतास, बिहार, पिन-802214<br>**श्री कुमार विनोद सिंह पिता-सरयू सिंह**<br>निवासी-ग्राम-पोस्ट-मोथा, पुलिस स्टेशन-काराकाट (गोराड़ी), जिला-रोहतास, बिहार, पिन-802214<br>**श्री कुमार प्रमेन्द्र पिता-सरयू सिंह** निवासी-ग्राम-पोस्ट-मोथा, पुलिस स्टेशन-काराकाट (गोराड़ी), जिला-रोहतास, बिहार, पिन-802214<br>**श्री प्रमोद कुमार सिंह पिता-सरयू सिंह**<br>निवासी-ग्राम-पोस्ट-मोथा, पुलिस स्टेशन-काराकाट (गोराड़ी), जिला-रोहतास, बिहार, पिन-802214<br>**विमला सिंह, पत्नी राजेन्द्र सिंह**<br>(श्री राजेंद्र सिंह के कानूनी प्रतिनिधि)<br>निवासी-ग्राम-पोस्ट-मोथा, पुलिस स्टेशन-काराकाट (गोराड़ी), जिला-रोहतास, बिहार, पिन-802214 | मौजा-मोथा, खाता नं. 752, प्लॉट नं. 735 एरिया-1.89 एकड़, सेल डीड नं. 724 दिनांक 24.02.1995<br>2. मौजा-मोथा, खाता नं. 752, प्लॉट नं. 736 एरिया-1.46 एकड़, सेल डीड नं. 725 दिनांक 24.02.1995<br>3. मौजा-मोथा, खाता नं. 752, प्लॉट नं. 735 एरिया-40 डिसमिल, सेल डीड नं. 725 दिनांक 24.02.1995<br>4. मौजा-मोथा, खाता नं. 40, प्लॉट नं. 742 एरिया-98 डिसमिल, सेल डीड नं. 1681 दिनांक 04.04.1995<br>5. मौजा-मोथा, खाता नं. 677, प्लॉट नं. 741 एरिया-78 डिसमिल, सेल डीड नं. 1681 दिनांक 04.04.1995 | ए. 04/11/2025<br>बी. रू. 1,89,39,439.50/-<br>सी. 30.06.2026<br>डी. प्रतीकात्मक | ए. रू. 3,52,71,646/-<br>बी. रू. 35,27,164.60/-<br>सी. रू. 50,000/- | 11/09/2026<br>दोपहर 12.00 बजे से शाम 16.00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

**नियम एवं शर्तें:**

**बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:**

1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 11.09.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com एवं www.pnb.bank.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना (विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा) प्राधिकृत अधिकारी

---

**पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !**

**सर्कल ऑफिस, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार – 824101**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक / भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पतियों के अनुसार होगी।

**परिशिष्ट - IV - A |नियम 9 (1) का प्रावधान देखें (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)**

| लॉट न. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले) | (क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति | क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **शाखा-सासाराम (084600)**<br>**खाता संख्या-1630300500065**<br>**श्री संजय चौधरी** पिता श्री मोती चौधरी<br>**निवास स्थान:** कोटा, एच.पी. गैस एजेंसी के पास, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार-822115<br>**इसके अलावा:** शोभागंज, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार-821115<br>**श्रीमती पन्ना कुँवर** पति श्री मोती चौधरी<br>**निवासी-** शोभागंज, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार - 821115 | **अचल संपत्ति स्थित है:** मौजा- रजोखर, रेव थाना-122, खाता संख्या-13, प्लॉट संख्या-32, हल्का संख्या-6, थाना-सासाराम, जिला-रोहतास, क्षेत्रफल-1167 वर्ग फुट, सेल डीड संख्या 10832 दिनांक 28.07.2012 श्रीमती पन्ना कुँवर पति मोती चौधरी के नाम पर।<br>**चौहद्दी:** उत्तर-निज, दक्षिण-निज, पूर्व-18 फीट रास्ता, पश्चिम-निज | क) 02.04.2022<br>ख) रु.15,11,096/-<br>+ अतिरिक्त ब्याज<br>ग) 12.07.2022<br>घ) सांकेतिक | क) रु.17,81,600/-<br>ख) रु.1,78,160/-<br>ग) रु.25,000/- | दिनांक 24.08.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |
| 2 | **शाखा - कुरैच (693400)**<br>**खाता संख्या-6934008700000300**<br>**मेसर्स खुशी इंटरप्राइजेज**<br>प्रोप- अनिल साह पिता मुसाफिर साह<br>**श्री अनिल साह** पिता मुसाफिर साह<br>**श्री अनिल कुमार साह** पिता ललन साह<br>**सभी निवासी हैं:** ग्राम- नवाडीह, पोस्ट - मेयारी बाजार, थाना-नोखा, जिला - रोहतास, बिहार | **अचल संपत्ति स्थित है:** मौजा- नवाडीह, अंचल - सासाराम, थाना-नोखा, थाना संख्या - 412, हल्का संख्या-3, खाता संख्या-103 (सर्वे)/148 (चक), प्लॉट संख्या-58 (सर्वे)/ 45 (चक), क्षेत्रफल - 44½ डिसमिल, जिला - रोहतास जिसका सेल डीड संख्या - 12513 दिनांक 19.09.2014 श्री अरविन्द कुमार साह पिता ललन साह के नाम पर।<br>**चौहद्दी** : उत्तर - निज मोकिर, दक्षिण- सिंगासन साह, पूर्व - वकील चौधरी, पश्चिम-छावर | क) 13.10.2016<br>ख) रु. 56,42,175.50<br>+ अतिरिक्त ब्याज<br>ग) 21.12.2021<br>घ) सांकेतिक | क) रु. 15,13,000/-<br>ख) रु. 1,51,300/-<br>ग) रु. 25,000/- | | |
| 3 | **शाखा-देवकुंड (1699)**<br>**खाता संख्या-1699008700001175**<br>**मेसर्स खुशी कृषि केंद्र**<br>प्रोप- श्री हरेन्द्र कुमार सिंह<br>**श्रीमती चंदकुंवर देवी** पति राधिका सिंह<br>**श्री हरेन्द्र कुमार सिंह** पिता श्री राधिका सिंह<br>**सभी निवासी-** ग्राम-डोर्रा, थाना-रामपुरचौरम जिला-अरवल, बिहार-804419 | **1. अचल संपत्ति स्थित है:** बंधक विलेख संख्या 2803, दिनांक 24.06.2014, खाता संख्या 175, प्लॉट संख्या-1964, क्षेत्रफल 3.43 डेसिमल, थाना संख्या 67, मौजा-डोर्रा, पोस्ट एवं थाना-रामपुरचौरम, जिला- अरवल, श्रीमती चंदकुंवर देवी पति राधिका सिंह के नाम पर।<br>**चौहद्दी** : उत्तर - पोखरा, दक्षिण-ब्रन रजक एवं जोगी रजक, पूर्व-रास्ता, पश्चिम- बलिराम सिंह | क) 07.02.2019<br>ख) रु. 33,95,814/-<br>+ अतिरिक्त ब्याज<br>ग) 21.02.2020<br>घ) सांकेतिक | क) रु. 27,71,000/-<br>ख) रु. 2,77,100/-<br>ग) रु.25,000/- | | |

**नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:**

**1.** संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। **2.** यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। **3.** बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **24.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे** तक की जाएगी। **4.** बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com और www.pnbindia.in** देखें। **5.** प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित /रद्द/ स्थगित / बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | **प्राधिकृत अधिकारी**

